बैसाखी पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 13 अप्रैल, 2024 | 1 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 115, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

आज के अंक में

- धुमू शाह मेले में लोक कलाकारों ने बांधा समां
- रोजगार चाहिए तो 25 को आईटीआई जवाली आएं

पृष्ठ 4 पर पढ़ें



- लपासा पंचायत में मनाया राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस
- पोलिंग बूथ पर न हो कोई समस्या

पृष्ठ 6 पर पढ़ें



- छोटा सद्दाम पहलवान ने जीती बड़ी माली
- अनुराग ठाकुर ने 13 वर्षीय दक्ष को फिर से पैरों पर किया खड़ा

पृष्ठ 11 पर पढ़ें



- 'गब्बर' की सेना राजस्थान रॉयल्स का करेगी सामना
- सैलानियों को लुभाने के लिए भारतीय शहरों में होंगे रोड शो

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## पंचम मां स्कंदमाता

**नवरात्र** के पांचवें दिन भक्तों को अभिष्ट फल प्रदान करने वाली मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा करने का विधान है।



यह देवी पार्वती का ही स्वरूप है। भगवान स्कंद (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। शास्त्रानुसार, शेर पर सवार स्कंदमातृस्वरूपणी देवी की चार भुजाएं हैं, जिसमें देवी अपनी ऊपर वाली दाईं भुजा में बाल कार्तिकेय को गोद में उठाए हुए है और नीचे वाली दाईं भुजा में कमल पुष्प लिए हुए है। ऊपर वाली बाईं भुजा से इन्होंने जगत तारण वरद मुद्रा बना रखी है।


*सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।*
*शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥*

## चौथे नवरात्र पर भक्तों ने लिया मां कूष्माण्डा का आशीर्वाद










## आज का मैच

पंजाब किंग्स vs राजस्थान रॉयल्स

समय : रात 7:30 बजे (मुल्लांपुर)

# जम्मू-कश्मीर को मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा : मोदी

### उधमपुर रैली में बोले प्रधानमंत्री- राज्य में जल्द होंगे विधानसभा चुनाव

एजेंसी, उधमपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का प्रचार किया। पीएम मोदी ने कहा 'मैं उधमपुर पिछले कई दशकों से आ रहा हूं। जम्मू-कश्मीर की धरती पर मेरा आना-जाना पिछले पांच दशक से चल रहा है। मुझे याद है 1992 में 'एकता यात्रा' के दौरान यहां आपने भव्य स्वागत और सम्मान किया था। आप भी जानते हैं कि तब हमारा मिशन लाल चौक पर तिरंगा फहराने का था, तब यहां माताओं-बहनों ने बहुत आशीर्वाद दिया था।

उन्होंने कहा, 'साल 2014 में माता वैष्णो देवी के दर्शन करके आया था और इसी मैदान पर मैंने आपको गारंटी दी थी कि जम्मू-कश्मीर की अनेक पीढ़ियों ने जो कुछ सहा है, उससे मुक्ति दिलाऊंगा। आज आपके आशीर्वाद से मोदी ने वो गारंटी पूरी कर दी है।' उन्होंने कहा, 'वह दिन दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे। हर कोई अपने मंत्री विधायक के पास जल्दी जाएंगे। हम विधानसभा चुनाव कराने जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा।' कांग्रेस की कमजोर सरकारों ने शाहपुर-कंडी डैम को 10 साल तक लटकाए रखा। इसके चलते जम्मू के गांव सूख गए थे। कांग्रेस के दौर में हमारे हक का पानी जो रावी से निकलता था, वह पाकिस्तान जा रहा था। जब लोग उनकी असलियत को जान गए तो अब जम्मू-कश्मीर में भ्रम की मायाजाल नहीं चल पा रहा है।

**यह चुनाव देश में एक मजबूत सरकार बनाने का चुनाव है। मजबूत सरकार चुनौती के बीच काम करके दिखाती है।**



### आतंकवादियों और भ्रष्टाचारियों पर कसा शिकंजा

**पीएम** ने कहा, ''10 सालों में हमने आतंकवादियों और भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसा है और अब आने वाले 5 सालों में इस प्रदेश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाना है। पिछले 10 साल में जम्मू-कश्मीर पूरी तरह से बदल चुका है। यह चुनाव देश में एक मजबूत सरकार बनाने का चुनाव है। मजबूत सरकार चुनौती के बीच काम करके दिखाती है।'

### कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर साधा निशाना

**पीएम** मोदी ने कहा कि अब जम्मू-कश्मीर में स्कूल जलाए नहीं जाते, बनाए जाते हैं। उन्होंने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर परिवारवाद का आरोप लगाया और कहा कि दोनों पार्टियां परिवारवादी हैं। पीएम ने अनुच्छेद 370 को लेकर कहा, ''आपके आशीर्वाद से मोदी ने 370 के मलबे को जमीन में गाड़ दिया है। मैं कांग्रेस को 370 वापस लाने की चुनौती देता हूं। सत्ता के लिए जम्मू-कश्मीर में 370 की दीवार बनाई गई थी।''

### 2019 से नहीं हुए चुनाव

**पांच** अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 को खत्म करके जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेश में बांट दिया था। तब से सूबे में विधानसभा चुनाव नहीं हुए हैं। हालांकि, बाद में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को राज्य दर्जा बहाल करने और राज्य में विधानसभा चुनाव करवाने का आदेश दिया था।

## कुल्लू व शिमला में सड़क हादसे, छह लोगों की मौत

अनंत ज्ञान टीम, कुल्लू/शिमला



करशाला मार्ग पर बेटलीनाला में दुर्घटनाग्रस्त हुई कार

**प्रदेश** में शुक्रवार को हुए अलग-अलग तीन सड़क हादसों में महिला सहित छह लोगों की मौत हो गई। पहली घटना कुल्लू जिला के पुलिस थाना आनी के अंतर्गत राणाबाग-करशाला मार्ग पर हुई जहां बेटलीनाला में एक आल्टो कार पहाड़ी से 300 मीटर नीचे लुढ़क गई। इस घटना में चालक सुरेंद्र कुमार (40) पुत्र धर्म चंद और सुशील कुमार (36) पुत्र मनसा राम दोनों निवासी बिशल डाकघर डिगेढ, बीर सिंह (43) पुत्र मोती राम और संजीव कुमार (34) पुत्र रोशन लाल दोनों निवासी खनेरी डाकघर डिगेढ की मौत हो गई। एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने बताया कि मृतकों के परिजनों को 25,000 रुपए प्रत्येक को फौरी राहत के तौर पर दिए गए हैं।

वहीं शिमला राजधानी के ढली थाना क्षेत्र में पत्थरों से भरे टिप्पर के दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक की मौके पर मौत हो गई है। टिप्पर (एचपी 30- 5431) चालक पत्थर लेकर जा रहा था।

इस बीच ठेला के समीप टिप्पर सड़क से नीचे खाई में जा गिरा और चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक चालक की पहचान शिमला के मैहली निवास पूर्ण सिंह के रूप में हुई है।

एक अन्य घटना में शिमला के ओल्ड बस अड्डे में दो एचआरटीसी बसों की भिड़ंत में एक महिला की मौत हो गई जबकि एक पुरुष घायल हो गया। यह दर्दनाक हादसा सुबह 10 बजे के करीब पेश आया, जब ओल्ड बस स्टैंड में खड़ी एचआरटीसी बस को दूसरी एचआरटीसी की बस ने पीछे से टक्कर मार दी।

दोनों घायलों को मौके पर मौजूद लोगों ने रिपन अस्पताल पहुंचाया, जहां महिला की मौत हो गई है। मौके पर मौजूद चश्मदीदों ने बताया कि एचआरटीसी की खड़ी बस को दूसरी एचआरटीसी बस ने टक्कर मार दी, जिसमें एक महिला और पुरुष को गंभीर चोटें आई हैं। एचआरटीसी की तरफ से कोई भी अधिकारी व कर्मचारी घायलों को अस्पताल पहुंचाने तक नहीं आया न ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## न्यूज शॉर्ट्स

### बेंगलुरु रामेश्वर कैफे ब्लास्ट
### कोलकाता से मास्टरमाइंड समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**चेन्नई।** कर्नाटक के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में दो और गिरफ्तारियां हुई हैं। एनआईए ने जिन दो फरार अभियुक्तों को पकड़ा है, वे प्रमुख आरोपियों में से एक हैं। दोनों गिरफ्तारियां पश्चिम बंगाल के कोलकाता से हुई हैं। पकड़े गए आरोपियों के नाम अदबुल मतीन ताहा और मुसाविर हुसैन शजेब हैं। दोनों से एनआईए ने पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि ब्लास्ट के बाद ये आरोपी कोलकाता के एक गुप्त स्थान पर छिपे थे, जहां से उन्हें धर दबोचा गया।

### बारामूला लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला उत्तरी कश्मीर की सीट



बारामूला-कुपवाड़ा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने आज इसकी घोषणा कर दी। नेशनल कॉन्फ्रेंस को इस सीट पर 1998 के बाद 1999, 2004 और 2009 के चुनाव में भी जीत मिली थी।

### के. कविता को 15 तक सीबीआई हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े केस में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता



को राउज एवेन्यू कोर्ट ने 15 अप्रैल तक के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेज दिया गया है। दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीबीआई ने कविता को गिरफ्तार किया है। कविता को आपराधिक साजिश और खातों में हेराफेरी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की कुछ धाराओं के तहत सीबीआई ने हिरासत में लिया था। अदालत में सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने कहा कि आम आदमी पार्टी को 100 करोड़ रुपए के रिश्वत को अरेंज करने में के कविता का बड़ा रोल रहा है। वह मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक हैं।

## एडवाइजरी जारी
### ईरान या इसराइल न जाएं भारतीय

**नई दिल्ली ।** भारत ने ईरान और इसराइल के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। भारतीयों को अगली सूचना तक इन दो देशों का दौरा न करने की सलाह दी गई है। साथ ही जो भारतीय इजराइल या ईरान में हैं, उनको दूतावास से संपर्क कर खुद को रजिस्टर कराने को कहा गया है।

इस बात की पूरी आशंका है कि ईरान या ईरान के सहयोग और समर्थन के काम करने वाले संगठन इसराइल में हमला करेंगे। ईरान सबसे पहले इसराइल की सीमाओं को निशाना बना सकता है। फिलहाल दोनों देशों की सेनाएं पूरी तरह से अलर्ट मोड पर हैं।

## नाहन की महिला से ऑनलाइन ठगी करने वाले दो अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, नाहन



पुलिस गिरफ्त में ऑनलाइन ठगी करने वाले विदेशी अरोपी।

**शहर** के नया बाजार क्षेत्र में हाल ही एक महिला के साथ हुई ऑनलाइन लाखों रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने दो विदेशी मूल के साइबर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी सिरमौर रमन मीणा ने बताया कि मामले में गठित एसआईटी ने जांच के दौरान साइबर सेल नाहन ने साइबर ठगों तक अपनी पहुंच बनाई और टीम ने दिल्ली से अफ्रीकी मूल के दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 6 मोबाइल फोन व 7 मोबाइल सिम बरामद किए हैं। पुलिस आरोपियों के बैंक के खातों की जांच भी कर रही है।

पीड़िता शीतल निवासी नया बाजार नाहन ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 मार्च को उसके साथ ऑनलाइन ठगी हुई थी, जिस पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

## जर्मनी का आतंकी दिल्ली हवाई अड्डे पर गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** पंजाब पुलिस की स्पेशल ऑपरेटिव सेल ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के बड़े आतंकवादी को दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। वह जर्मनी में रहकर खालिस्तानी आतंकियों की भर्ती करता था और खालिस्तानी आतंकी गतिविधियों के लिए फंडिंग की व्यवस्था करता था।

पंजाब पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर ने ये ऑपरेशन चलाया। गिरफ्तार किए गए खालिस्तानी आतंकी का नाम प्रभप्रीत सिंह सिद्धू है। उस पर साल 2020 से ही नजर रखी जा रही थी। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने इस गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के ऑपरेटिव प्रभप्रीत सिंह सिद्धू को राज्य विशेष ऑपरेशन सेल अमृतसर ने गिरफ्तार किया गया। उसे गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उसे 15 अप्रैल तक की रिमांड पर भेज दिया।

## हरियाणा में सिम को लेकर युवक की हत्या

**सोनीपत ।** सोनीपत के गन्नौर के खेड़ी रोड स्थित घर में घुसकर युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। खेड़ी रोड निवासी रोहित (23) पानीपत में क्रेन पर बतौर चालक कार्यरत था। परिजनों ने बताया कि रोहित बुधवार को ही घर आया था। उनके नाम पर ली गई मोबाइल सिम का प्रयोग रोहित का भतीजा कर रहा था, लेकिन कुछ दिन पहले ही उनके पड़ोसी मोनू ने वह सिम ले ली थी।

रोहित के घर आने पर उनके भतीजे ने बताया कि सिम मोनू ले गया है और वापस नहीं दे रहा। शुक्रवार सुबह रोहित ने मोनू के पास फोन पर सिम लौटाने की बात कही। आरोप है कि मोनू ने पहले फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया, फिर घर में घुसकर युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी।

**सतर्कता** धर्मगुरु की सुरक्षा और पुख्ता करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने उठाए कदम, निर्देश जारी

# दलाईलामा आवास के आसपास ड्रोन उड़ाना वर्जित

सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज

**मैक्लोडगंज** में तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा आवास के आसपास ड्रोन उड़ाना वर्जित कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने ये कदम दलाईलामा की सुरक्षा और पुख्ता करने के लिए उठाए हैं। दलाईलामा जिस जगह रहते हैं वहां इर्द-गिर्द होटलों में बाहर से आए देशी व विदेशी पर्यटकों की ओर से कई बार ड्रोन उड़ाने की घटनाएं हो चुकी है, लेकिन अभी तक इस क्षेत्र को 'नो ड्रोन फ्लाइंग जोन' घोषित करने के बारे में सरकार की ओर से कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं की गई है।

हालांकि मैक्लोडगंज में सुरक्षा एजेंसियों ने दलाईलामा के आवास के इर्द-गिर्द सभी होटल मालिकों को हिदायत दे रखी है कि वह अपने होटलों में ठहरने वाले पर्यटकों को इस बारे आगह करें कि इस अहम क्षेत्र में कोई भी पर्यटक ड्रोन न उड़ाए।



साथ ही होटल मालिकों को अपनी रिसेप्शन में 'नो ड्रोन फ्लाइंग जोन' का नोटिस लगाने के निर्देश दिए हैं। भविष्य में यदि ऐसे ड्रोन फ्लाइंग रोकने के लिए कोई विशेष अधिसूचना न बनाई गई तो दलाईलामा की सुरक्षा में किसी भी प्रकार का खतरा बन सकता है, क्योंकि ड्रोन के जरिए असामाजिक तत्व वर्तमान व भविष्य में बढ़ती हुई तकनीकों का इस्तेमाल कर किसी भी सुरक्षित स्थान पर अप्रिय घटना को अंजाम दिया जा सकता है।

इस वजह से धर्मगुरु की सुरक्षा को लेकर यहां पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों पर भी अंगुली उठ सकती है। स्थानीय प्रशासन की ओर से इस एरिया में जगह-जगह पर 'नो ड्रोन फ्लाइंग जोन' के साइन बोर्ड लगाना अति आवश्यक है। ताकि देश-विदेश से घूमने आने वाले पर्यटक इस एरिया में गलती से भी ड्रोन न उड़ा सकें। (अनंत ज्ञान)

### होटल मालिकों को अपनी रिसेप्शन में 'नो ड्रोन फ्लाइंग जोन' का नोटिस लगाने के निर्देश

### घटनाओं पर विशेष नजर रखे हुए है पुलिस : थाना प्रभारी

**मैक्लोडगंज** के थाना प्रभारी यादेश कुमार ने कहा कि दलाईलामा आवास के आसपास कोई ड्रोन न उड़ाए, इसके लिए सभी होटल व रेस्टोरेंट संचालकों से बैठकें करके उन्हें इस संबंध में अपने संस्थानों में 'नो ड्रोन फ्लाइंग जोन' का नोटिस लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस इस तरह की घटनाओं पर विशेष नजर रखे हुए।



# वायुसेना को मिलेंगे देश में निर्मित 97 एलसीए मार्क-1ए लड़ाकू विमान

एजेंसी, नई दिल्ली

### एचएएल को 65 हजार करोड़ का टेंडर जारी



**रक्षा** मामलों में आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। रक्षा मंत्रालय ने भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को 65 हजार करोड़ का टेंडर जारी किया है। इसके तहत एचएएल से देश में निर्मित 97 एलसीए मार्क-1ए लड़ाकू विमान खरीदे जाएंगे। यह भारत सरकार द्वारा स्वदेशी मिलिट्री हार्डवेयर के लिए दिया गया सबसे बड़ा ऑर्डर हो सकता है।

रक्षा मंत्रालय ने एचएएल को टेंडर पर जवाब देने के लिए तीन महीने का समय दिया है। अगर यह डील हो जाती है तो इससे वायुसेना के मिग-21, मिग-23 और मिग-27 जैसे फाइटर जेट्स की जगह भारत में बने एलसीए मार्क-1ए फाइटर जेट्स लेंगे, जो जल्द ही वायुसेना से रिटायर हो जाएंगे।

स्वदेशी हथियारों को बढ़ावा देने की दिशा में यह बेहद अहम कदम है। इससे रक्षा क्षेत्र की छोटी और मध्यम वर्ग की कंपनियों के बिजनेस को भी फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी लगातार एचएएल को बढ़ावा दे रहे हैं और यही वजह है कि सभी प्रकार के स्वदेशी फाइटर जेट्स, हेलिकॉप्टर और इंजन के निर्माण की डील एचएएल को मिल रही हैं।

# चैत्र नवरात्र के चौथे दिन 6000 श्रद्धालुओं ने मां बज्रेश्वरी के चरणों में नवाया शीश


श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

चैत्र नवरात्र के चौथे दिन श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक दिखी सुबह से मंदिर के कपाट खुलते ही यात्री कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।

मंदिर प्रशासन भी इसको लेकर पूरी तरह मुस्तैद दिखा और यात्रियों को शांतिपूर्वक दर्शनों के लिए मंदिर में कतरबाद भेजा जा रहा था। पूरा मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंज रहा था।

मंदिर अधिकारी मोहित ने बताया कि श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में तीसरे नवरात्र में 3 लाख 48 हजार 952 रुपए मां के चरणों चढ़ाए गए वहीं आज चौथे नवरात्रे में 6000 के करीब श्रद्धालु मां के दर पहुंचे।

## मां चामुंडा के दरबार में 5 हजार श्रद्धालु नतमस्तक

**चामुंडा।** श्री चामुंडा नादिकेश्वर धाम में चौथे नवरात्र के दिन 5 हजार श्रद्धालु नतमस्तक हुए। । मंदिर अधिकारी गिरिराज ठाकुर ने बताया कि चौथे नवरात्र के दिन श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हुआ है। आज शाम तक 5 हजार श्रद्धालु मां चामुंडा के दरबार में नतमस्तक हुए। वहीं उन्होंने बताया कि अष्टमी की रात को मां चामुंडा का नशीत पूजन किया जाएगा रात 12 बजे देसी घी से बने व्यंजनों का भोग मां के चरणों में अर्पित किया जाएगा। नवरात्र के दौरान चामुंडा मंदिर आने बाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के बेहतर व्यवस्था की गई । चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे व पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि कोई अनहोनी घटना न घटे। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर में नारियल चढ़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।


श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम में माथा टेकने के लिए खड़े श्रद्धालु।


शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में कतार में लगे श्रद्धालु।

## ज्वालाजी मंदिर में तीसरे दिन चढ़ा 7 लाख चढ़ावा

**ज्वालामुखी।** शक्तिपीठ ज्वालाजी मंदिर में आज चौथे नवरात्र पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। आज शाम तक लगभग 14 हजार श्रद्धालुओं ने माता ज्वाला के दरबार में हाजिरी भरी। मंदिर अधिकारी व तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा ने बताया कि तीसरे नवरात्र पर भक्तों द्वारा 7 लाख 72 हजार 339 रुपए की नकदी भेंट की गई। इसके साथ विदेशी मुद्रा में 100 डॉलर भी प्राप्त हुए।

# न्यूज ब्रीफ

## स्व. बाबूराम की याद में लांच किया कैलेंडर

**शिमला।** वन विभाग अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष स्व. बाबूराम शर्मा की याद में वर्ष-2024 का कैलेंडर लांच किया। महासंघ के पूर्व अध्यक्ष स्व. बाबूराम शर्मा के अमूल्य योगदान को याद करते हुए हिमाचल वन विभाग एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष प्रकाश बादल ने संगठन के एक साल पूरा होने पर स्व. बाबूराम शर्मा के कैलेंडर को प्रधान मुख्य अरण्यपाल एवं वन विभाग के प्रमुख राजीव कुमार के कर कमलों द्वारा विमोचन करवाया। वीरवार को जाइका वानिकी परियोजना मुख्यालय शिमला में सेवारत अधीक्षक ग्रेड-वन रमेश चंद ने इस कैलेंडर का विमोचन किया। इस दौरान परियोजना के कर्मचारियों को कैलेंडर भी वितरित किए। स्व. बाबूराम शर्मा ने वन विभाग में सेवाएं देते हुए हमेशा कर्मचारियों के हितों की बात की। कर्मचारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और उसका समाधान करवाने में उन्होंने कोई कमी नहीं छोड़ी। आज स्व. बाबूराम शर्मा को वन विभाग के विभिन्न विंग में सेवाएं दे रहे सभी कर्मचारी याद करते हैं। स्व. बाबूराम शर्मा ने कर्मचारियों को उनका हक दिलवाने के लिए आंदोलन का रास्ता भी अपनाया था तो सफलता भी मिली थी।

## राज्य स्तरीय रोहड़ू मेला 20 अप्रैल से

**रोहड़ू।** राज्य स्तरीय रोहड़ू मेले का आयोजन 20 से लेकर 22 अप्रैल तक किया जाएगा। वहीं 22 अप्रैल को मेले का अधिकारिक तौर पर समापन होगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत ने मेले के आयोजन को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि इस बार रोहड़ू मेले में आदर्श चुनाव संहित का विशेष ध्यान रखा गया है। मेले में स्टाल की नीलामी का न्यूनतम मुल्य 35 लाख रुपए रखा गया है। इसके अलावा लाइव प्रसारण करने की निलामी का न्यून्तम मुल्य दो लाख व चिड़गांव सड़क के साथ वाहन की पार्किंग की नीलामी का न्यूनतम मूल्य साढ़े तीन लाख रुपए रखा गया है। नीलामी के लिए बोलीदाता पंद्रह अप्रैल तक लिखित में आवेदन कर सकते हैं।

## प्रश्न पत्रों में गड़बड़ी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शिमला।** शिमला में सरकारी महाविद्यालयों के राजनीति-विज्ञान के वार्षिक परीक्षाओं में आ रहे प्रश्न पत्रों में तय मानदंडों को पूरा न करने पर परीक्षा नियंत्रक, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को ज्ञापन सौंपा है। इसमें लगातार तीन प्रश्न पत्रों में आई गड़बड़ी के मामले पर एसएफआई राज्य अध्यक्ष अनिल ने कहा कि दो अप्रैल को हुई राजनीति-विज्ञान विषय की परीक्षा में प्रश्न पत्र (POLS 102) का 80 प्रतिशत हिस्सा पाठ्य-समिति द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक न होने पर प्रदेशभर के विद्यार्थियों में भारी रोष है। इसके अलावा 30 मार्च को राजनीतिक सिद्धांत (पेपर कोड POL 101) के प्रश्न पत्र में भी शिकायत आई कि जो प्रश्न पिछले वर्ष सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, मंडी के अधीन महाविद्यालयों में पूछे गए थे, वही हू-बहू इस वर्ष एच.पी.यू. के अधीन महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से पूछे गए। राज्य सचिव दिनित डेंटा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग है कि उक्त प्रश्न पत्रों में आई समस्याओं के निवारण हेतु जांच कमेटी बैठाई जाए और उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाना एक बड़ी चुनौती है।

## सुन्नी में कल से मनाया जाएगा बैसाखी मेला

**सुन्नी।** सुन्नी में बैसाखी मेला 14 अप्रैल को बड़ी धूम धाम से मनाया जाएगा। व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष टेक चंद ठाकुर ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुन्नी का बैसाखी मेला 14 को आयोजित किया जाएगा । मेला कमेटी की ओर से स्थानीय पांच देवी-देवताओं को मेले में आने का निमंत्रण भेजा गया है । इन पांच देवी-देवताओं में देव कुर्गण मधोड़घाट, देव दानों संसार बाहु सुन्नी, देवता पंज्याली, माता गानवी और माता भीमा काली शकरोड़ी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देने सुन्नी पधारेंगे। मेले स्थल पर अस्थायी दुकानें भी सजाई जाएंगी। इन दुकानों के प्लाटों को भी न्यूनतम दाम पर आवंटन किया जाएगा, जिससे की बाहरी व्यापारियों को भी आर्थिक बोझ न पड़ सके तथा मेले की शोभा भी बनी रही।

## 85 वर्ष से अधिक लोगों के घर से लिए जाएंगे वोट

**शिमला।** शिमला शहर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लक्कड़ बाजार में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक गया। निर्वाचन साक्षरता क्लब व नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया 85 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग जनों के लिए घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। अक्सर देखा जाता है कि वरिष्ठ नागरिकों के न चल पाने के कारण वह मतदान नाहीं दे पाते इसलिए अब घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। इससे वरिष्ठ नागरिक भी मतदान कर सकते हैं। इसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों, प्रवक्ता एवं अध्यापकों ने भाग लिया। इस अवसर पर 63-शिमला शहरी निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों व विद्यार्थियों को कार्यक्रम की आवश्यकता और महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

## चुनावी प्रक्रिया में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका

**सोलन।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के सफल क्रियान्वयन में मीडिया की भूमिका एवं दायित्वों पर आज यहां डीसी कार्यालय सभागार में मीडिया कर्मियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता व्यय निगरानी के लिए नोडल अधिकारी एवं एडीसी सोलन अजय कुमार यादव ने की। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोगों तक निर्वाचन से सम्बन्धित तथ्यपरक एवं सही जानकारी पहुंचाने में मीडिया कर्मी अपनी उल्लेखनीय भूमिका पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाते हैं। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों पर भी विस्तार से जानकारी प्रदान की। जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय में स्थापित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति चुनावी व्यय एवं आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत समाचार पत्रों सहित विभिन्न मीडिया माध्यमों की चौबीसों घंटे निगरानी कर रही हैं।

## धार्मिक विविधता में दिया एकता का संदेश



**सोलन।** शहर के आनंद विहार स्थित जीनियस ग्लोबल स्कूल ने नवरात्र, ईद, बैसाखी और हिमाचल दिवस एक साथ मनाया। कार्यक्रम से बच्चों ने धार्मिक विविधता में एकता का ऐसा संदेश दिया कि कार्यक्रम में मौजूद लोग मंत्रमुग्ध हो गए। प्रदेश की धार्मिक परंपराएं एक मंच पर बेहतरीन ढंग से पेश करने के लिए बच्चों सहित स्कूल को खूब सराहा गया। मेरा गर्व हिमाचल थीम पर आधारित हिमाचल दिवस में बच्चों ने हिमाचली पहनावा, खान-पान, प्रदेश की संस्कृति, और ग्रामीण परिवेश को बेहद खूबसूरती से प्रस्तुत किया। इसके अलावा बच्चों ने ईद, बैसाखी और नवरात्र मनाई।

# कांगड़ा के समेला में श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 20 गंभीर घायल


घटनास्थल पर श्रद्धालुओं से पूछताछ करती पुलिस।

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

चैत्र नवरात्र के चलते जहां आजकल देवी दर्शनों के लिए बाहरी राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शनों के लिए बसों और ट्रकों में स्वार होकर पहुंच रहे हैं वहीं, ऐसे में यहां के तंग रास्तों में दुर्घटनाओं का शिकार भी हो रहे है। आज भी कांगड़ा के समेला सुरंग के पास एक श्रद्धालुओं से भरी बस पहाड़ी से टकराकर पलट गई है, जिसमें सवार 60 यात्रियों में से 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

बस में स्वार श्रद्धालुओं ने बताया कि वे कांगड़ा माता ब्रजेश्वरी से माथा टेकर वापस मां ज्वालामुखी मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे कि अचानक से सुरंग के पास पहुंचने पर बस की ब्रेक फेल हो गई। जिससे कि बस चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया और बस पहाड़ी से टकराकर बीच सड़क में पलट गई। जानकारी के मुताबिक बस में लगभग 60 श्रद्धालु सवार थे। इस सड़क हादसे में 20 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए कांगड़ा में स्थित टांडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवा दिया है। वहीं पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने रास्ते को खुलवाकर अन्य वाहनों के लिए आवाजाही शुरू करवा दी गई। पुलिस ने इस बारे मामला भी दर्ज कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

## अनियंत्रित हुई टैक्सी, पैदल चल रहे 2 युवक घायल

**धर्मशाला।** धर्मशाला के कोतवाली बाजार में एक अनियंत्रित टैक्सी ने सड़क किनारे पैदल चल रहे दो युवकों को घायल कर दिया। टैक्सी मैक्लोड़गंज से खड़ा डंडा मार्ग से कोतवाली बाजार पहुंची थी। घायलों को तुरंत जोनल अस्पताल धर्मशाला भेजा गया जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें टांडा रैफर कर दिया गया जहां उनकी हालत स्थिर है। टैक्सी चालक की पहचान अनिकेत महाजन निवासी खनियारा के रूप हुई। घायल युवकों की पहचान विशाल पठानिया पुत्र विजय कुमार निवासी सतोबरी और अक्षय कुमार पुत्र खेम सिंह निवासी गांव बगशाद, तहसील थुनाग जिला मंडी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाड़ी की स्पीड बेहद तेज थी और टैक्सी चालक स्पीड का नियंत्रित नहीं कर पाया, जिसके कारण गाड़ी की चपेट में सड़क किनारे पैदल चल रहे 2 युवक आ गया और वह गंभीर रूप् से घायल हो गए। गाड़ी की चपेट में सड़क किनारे पार्क कुछ अन्य वाहनों को भी नुकसान हुआ है। घायल युवकों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि गाड़ी में कोई तकनीकि खराबी होने की संभावना है जिस से गहरी उतराई में गाड़ी चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और यह हादसा पेश आया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि उक्त हादसे में घायल युवकों को टांडा रैफर किया गया है जहां उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने कहा कि हादसे के कारणों को पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने उक्त मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।


टांडा में उपचाराधीन बस हादसे में घायल श्रद्धालु

## श्री राम जन्मोत्सव पर निकाली प्रभात फेरी

**शाहपुरकंडी।** भगवान श्री राम जन्म महोत्सव के उपलक्ष पर सनातन धर्म सभा शाहपुरकंडी टाउनशिप की ओर से सभा के अध्यक्ष शिव प्रकाश धीमान की देख-रेख में प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं। आज सुबह 4 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर शाहपुरकंडी टाउनशिप शुरू की गई प्रभात फेरी टी-3 ब्लॉक में सुमेश शर्मा के निवास पर पहुंची। जहां समूह संगतों की ओर से प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा का भव्य स्वागत किया गया। मात्री मंडल की महिलाओं की ओर से भजन संकीर्तन के माध्यम से समा बांधा। इस मौके पर सभा के प्रधान शिव प्रकाश ने उपस्थित संगतों को बधाई देते हुए कहा कि 15 अप्रैल तक लगातार प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। उन्होंने बताया कि सभा की ओर से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान राम जन्म महोत्सव हर साल की तरह इस साल भी समूह इलाका निवासियों के सहयोग से बड़ी श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर सभा के महासचिव सुरजीत सिंह मक्खन, कुलदीप राज, कृष्णा,सोमराज, मेजर सिंह, दिनेश राजू, अशोक कुमार सहित भारी संख्या में महिलाओं के अलावा संगत उपस्थित थी।

## विकास के मुद्दे दरकिनार हो रहे : अतुल भारद्वाज

**धर्मशाला।** धर्मशाला में शुक्रवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए अतुल भारद्वात ने कहा कि राजनीति दलों की ओर से बागी विधायकों पर निशाना साधा जा रहा है, जिसके कारण धर्मशाला के विकास के मुद्दे और आम समस्याओं को दर किनार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन विधायकों की ओर से आम जनता के मुद्दे उठाए गए और जब जनता से जुड़े हुए मुद्दों को प्रदेश सरकार ने नहीं सुना गया, तो उसके बाद उन्हें उनके पदों से हटाया गया और उन्होंने एक नई पार्टी के साथ अपने हितों को देखा और उनके साथ चुनाव लड़ने का निर्णय लिया।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया गया कि जब-जब धर्मशाला में कोई भी बड़ा संस्थान आया है, उसे कहीं और शिप्ट कर दिया गया, जिसमें टांडा मेडिकल कॉलेज, निफ्टी व होटल मैनेजमेंट संस्थानों को कहीं ओर स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला के विकास की जब भी बात आई है मुद्दों को उठाया गया है, तो उन मुद्दों को पूरा न होने के लिए हल्की राजनीति का प्रयोग किया गया है। उन्होंने सवाल किया कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला कैंपस निर्माण के पैसे चुनावों के पहले क्यों जमा नहीं करवा सकते। धर्मशाला के विकास में हो रही हल्की राजनीति को जनता सहन नहीं करेंगी। अतुल भारद्वाज ने कहा कि राम नवमी के बाद शहर में बैनर लगाए जाएंगे उसमें लिखा जाएगा कि जो भी केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला कैंपस का विरोध करेगा, उसका प्रवेश धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में वर्जित है।

## डाढ छिंज बसोआ मेला शुरू

**चामुंडा।** तीन दिवसीय छिंज बसोआ मेले का श्रीगणेश आज पूर्व बीडीसी सदस्य एवं समाजसेवी विपिन धीमान ने पूजा-अर्चना के बाद झंडा गाढ़कर किया। पंचायत प्रधान प्रवीण कुमार ने बताया कि पूर्व की भांति इस बार 13 से 15 अप्रैल तक मनाया जाएगा। मेले के दौरान तीन दिन तक कुश्ती आयोजन किया जाएगा। 15 अप्रैल को मेले के समापन पर बड़ी माली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विजेता को 31000 का उपविजेता को 21000 मेले कमेटी की ओर से दिए जाएंगे। इस मौके पर हरबंस लाल कौंडल तथा उपप्रधान प्रकाश चंद धीमान कोषाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी सह उप प्रधान रमेश बलिया सचिव जयचंद सह कोषाध्यक्ष निर्मला देवी प्रेस सचिव ऑडिटर रमेश चंद कुश्ती इंचार्ज मनमोहन सिंह मुख्य सलाहकार प्रवीण कुमार कार्यकारिणी सदस्य और मेला कमेटी अध्यक्ष सुधीर कुमार प्यार चंद संजीवन राणा से इस मौके पर पंचायत के सभी सदस्य मौजूद रहे।

**तैयारी** 100 किमी के ट्रेल में धावक 30 पंचायतों में बताएंगे मतदान का महत्व

# सिल्क रूट अल्ट्रा ट्रेल 2024 का नारकंडा से शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

द हिमालयन एक्सपीडिशन (दि) द्वारा 12 से 14 अप्रैल तक नारकंडा से सराहन 'सिल्क रूट अल्ट्रा ट्रेल 2024' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के ट्रेल धावक हिस्सा ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन को लोकसभा चुनाव-2024 के लिए स्वीप गतिविधि में शामिल किया गया है, जिसमें धावक लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे।

ट्रेल को शुक्रवार को नारकंडा से अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा तथा जिला एवं सत्र न्यायधीश रामपुर वीरेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया। अभिषेक वर्मा ने कहा कि यह आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें साहसिक गतिविधि के साथ-साथ पर्यटन, पुराना भारत-तिब्बत मार्ग और स्वीप गतिविधि को जोड़ा गया है। इस गतिविधि में जहां एक ओर साहसिक खेलों और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं पुराने पारंपरिक सिल्क रूट (पुराना भारत-तिब्बत मार्ग) का जीर्णोद्धार होगा। इसी प्रकार स्वीप के तहत धावकों द्वारा ट्रेल में पड़ने वाली 30 पंचायतों में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, इस ट्रेल में बच्चे भी हिस्सा ले रहे हैं, जो कि युवाओं और अन्य लोगों के लिए प्रेरणा के स्रोत होंगे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामपुर वीरेंद्र ठाकुर ने भी उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया और उन्हें नशे और उसके दुष्प्रभावों बारे विस्तृत जानकारी दी।

इस ट्रेल में धावकों को पुराने भारत-तिब्बत व्यापार मार्ग पर चुनौती पूर्ण और दिलचस्प अवसर प्रदान होंगे। यह ट्रेल रन अब तक का चौथा संस्करण है, जो प्रतिभागियों और दर्शकों को एक रोमांचक अनुभव देते हुए हिमालय के प्राचीन और जंगली इलाकों से होकर गुजरेगा। इस कार्यक्रम में चार चुनौती पूर्ण श्रेणियां होंगी, जिसमें 100 किमी, 55 किमी, 33 किमी और 15 किमी के ट्रैक शामिल है। सभी श्रेणियों की शुरुआत नारकंडा से होगी, जिसमें 15 किलोमीटर ट्रेल बागी से संपन्न होगा और 33 किलोमीटर ट्रेल लाफूघाटी में संपन्न होगा।

इसी प्रकार, 55 किलोमीटर ट्रेल नरेन और 100 किलोमीटर ट्रेल सराहन में संपन्न होगा। इस प्रतियोगिता में लगभग 190 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनमें भारतीय सशस्त्र बल के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के ट्रेल धावकों और लगभग 80 स्कूली बच्चे (जो 18 वर्ष से कम आयु वर्ग में भाग लेंगे) की भागीदारी शामिल है।



नारकंडा में अभियान का शुभारंभ करते गणमान्य।

## रक्षासूत्र बयान पर घमासान

# हार देख बौखलाए कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष : रजत ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी में राजनीतिक पारा धीरे-धीरे परवान चढ़ रहा है। गत रोज धर्मपुर विधायक और कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर की रक्षासूत्र वाली टिप्पणी पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा ने एक बार फिर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा से महिला विरोधी ही रहेगी।

भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी व धर्मपुर से पूर्व प्रत्याशी रजत ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर द्वारा भाजपा की मंडी संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी कंगना रनौत के बारे में यह टिप्पणी करना कि यह रक्षासूत्र मुंबई से लाया गया है इस बात की ही पुष्टि करता है कि चंद्रशेखर भी अपने राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व की उस लाइन के ऊपर ही चले हुए हैं जिस लाइन पर इनके नेता नारी शक्ति व मातृशक्ति का उपवास करते आए हैं। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत ने अपनी प्रतिभा के बलबूते एक छोटे से गांव, कस्बे से निकल कर देश विदेश में ख्याति अर्जित की है। वह गांव व शहर हर परिवेश के नौजवानों (खास कर महिलाओं) के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत हैं। अपने कार्यक्षेत्र में कई बार राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित हो चुकी एक आम कार्यकर्ता, रजवाड़ाशाही की मानसिकता रखने वाले कुछ नेताओं को अपने खिलाफ प्रत्याशी के तौर पर तीर की तरह चुभ रही है। कांग्रेस और उसके नेता उनको अपमानित कर संपूर्ण नारी समुदाय का अपमान कर रहे हैं। रजत ठाकुर ने कहा कि चंद्रशेखर कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर अति उत्साहित हो गए हैं और संसदीय व विधानसभा की सभी सीटों पर कांग्रेस की हार देख बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि धर्मपुर में चंद्रशेखर पिछले लगभग 14 15 महीनों से विकास के नाम पर एक नया पत्थर नहीं लगवा पाए वह आजतक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहे और अब पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जैसे सर्वमान्य नेता पर ओछी व घटिया बयानबाजी कर अपनी राजनीति चमकाने में लगे हुए हैं।

भाजपा के मीडिया प्रभारी राकेश वालिया ने कहा कि मंडी में पहुंच कर चंद्रशेखर द्वारा अपना स्वागत करवाकर अपने आप को बहुत बड़ा नेता मानने का भ्रम हो गया है, जबकि जो नेता इनके आसपास बैठे है वे सार्वजनिक तौर पर सुक्खू सरकार पर अनदेखी का आरोप लगा चुके हैं और इस्तीफा भी दे चुके हैं।

श्री शिरगुल देवता बैशाखी मेला
राजगढ़ 2024
कार्यक्रम
शनिवार 13 अप्रैल 2024
मुख्य अतिथि का आगमन एवं स्वागत 9.00 बजे प्रातः
श्री शिरगुल महाराज की पारंपरिक पूजा अर्चना (शिरगुल मंदिर राजगढ़) 9.30 बजे प्रातः
शोभा यात्रा (शिरगुल मंदिर से नेहरू मैदान होते हुए वापिस शिरगुल मंदिर) 10.00 बजे प्रातः
सांस्कृतिक कार्यक्रम (नेहरू मैदान) 11.30 बजे से
सांस्कृतिक संध्या
सांस्कृतिक कार्यक्रम (नेहरू मैदान) 5.00 बजे सायं से रात्रि 10.00 बजे तक
मुख्य अतिथि का आगमन: 7.00 बजे सायं
सांस्कृतिक संध्या के मुख्य कलाकार: सुजाता मजूमदार, गगन, डॉ. मदन झाल्टा, हन्नी नेगी
रविवार 14 अप्रैल 2024
स्कूली बच्चों के कार्यक्रम 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
कवि सम्मेलन 3.00 बजे से
सांस्कृतिक संध्या
सांस्कृतिक कार्यक्रम (नेहरू मैदान) 5.00 बजे सायं से रात्रि 10.00 बजे तक
मुख्य अतिथि का आगमन 7.00 बजे सायं
सांस्कृतिक संध्या के मुख्य कलाकार: तन्मय चतुर्वेदी, निकेष वर्मा जोनसारी, ए सी भारद्वाज, सुनील मस्ती, तनुजा चौहान, पंकज ठाकुर, काकू चौहान
सोमवार 15 अप्रैल 2024
स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम 11.00 बजे से
कुश्ती का शुभारंभ: 12.15 बजे दोपहर
सांस्कृतिक संध्या
सांस्कृतिक कार्यक्रम (नेहरू मैदान) 5.00 बजे सायं से रात्रि 10.00 बजे तक
मुख्य अतिथि का आगमन 7.00 बजे सायं
सांस्कृतिक संध्या के मुख्य कलाकार: कुलदीप शर्मा, दलीप सिरमौरी, गीता भारद्वाज, ठाकुर रघुवीर सिंह
उत्तराकांक्षी
उमेश शर्मा, तहसीलदार एवं मेला अधिकारी बैशाखी मेला राजगढ़, जिला सिरमौर (हि.प्र.)
विनीत
राज कुमार ठाकुर (हि.प्र.से.) उपमंडलाधिकारी (ना.) एवं अध्यक्ष बैशाखी मेला कमेटी, राजगढ़ जिला सिरमौर (हि.प्र.)



## चुनावी टक्की

### हम भी हैं किसी के लिए खास...



**हर** तरह बिछ रही चुनावी बिसात, यहां चुनाव लड़ने वालों की लंबी जमात है कुछ के साथ तो पार्टी के कई सिपहसलार हैं, तो कुछ अकेले ही टिकट पाने के कर रहे जुगाड़ हैं। न कोई डिग्री, न किसी चरित्र प्रमाण पत्र की जरूरत, इस फील्ड में एंट्री ही बड़ी आसान है। यहां सच और झूठ बोलने की खुली छूट है, इसलिए तो इस दंगल में जोर-आजमाइश करने वालों की होड़ है। कोई खुद को पार्टी का पुराना वफादार तो कोई कर्मठ नेता होने की दे रहा दुहाई तो कोई अपने साथ मतदाताओं की पूरी फौज होने की गढ़ रहा कहानी। एक पार्टी से टिकट न मिले तो क्या, ये तो दूसरी पार्टियों के लोगों से भी बनाकर बैठे हैं जोड़। इनका एक नहीं दो-तीन जगह है ठिकाना, बस टिकट मिल जाए कोई भी चलेगा बहाना। इनके लिए यह चुनावी सीजन है बड़ा सुहाना, क्योंकि टिकट मिलने से ही तो इनका भविष्य भी है बन जाना। जीत हो या हार, इसकी इनको नहीं परवाह, ये तो बस चुनाव जीतने का ही पाल कर बैठे हैं ख्वाब। इनको बड़ी आस है, आखिर ये भी किसी के लिए खास हैं।

### न इधर के न उधर के



**प्रदेश** में लोकसभा और विधानसभा चुनावों को लेकर प्रत्याशियों की तस्वीर अभी साफ नहीं हुई है। हालांकि, प्रत्याशी घोषित करने के मामले में भाजपा सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस से एक कदम आगे निकल गई है। बेशक चुनावी पिच क्लीयर नहीं है, लेकिन सियासी पारा खूब चढ़ा हुआ है। प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों होशियार सिंह, आशीष शर्मा और केएल ठाकुर ने कांग्रेस के बागी विधायकों की देखादेखी में विधायकी से इस्तीफा तो बड़े जोश में आकर दे दिया था, लेकिन अब यही इस्तीफा उनके लिए परेशानी का सबब बन गया है। वह इस चाहत में थे कि भाजपा में शामिल होने के बाद उन्हें भाजपा टिकट देकर चुनावी मैदान में उतार देगी, लेकिन इस मामले में कांग्रेस भी चार कदम आगे निकली। उसने भी कानूनी पेचदगियां ऐसी फंसाई कि अब निर्दलीय विधायक अपने फैसले को लेकर दिन-रात बेचैन हैं। वे न इधर के रहे न उधर के और ऊपर से जनता में भी उनकी छवि अब वैसी नहीं रही, जैसे पहली हुआ करती थी। हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने जो सियासी दांव खेला है, वह निर्दलीय विधायकों पर भारी पड़ रहा है। निर्दलीय विधायक अब अपना इस्तीफा स्वीकार करने की गुहार लगा रहे हैं। बहरहाल, मामला हाईकोर्ट में पहुंच गया है और उस पर फैसला अब 24 अप्रैल को ही होगा।

## लोकसभा चुनाव एक नजर

**25** अक्तूबर 1951 में भारत के पहले चुनाव का पहला वोट डाला गया

**489** सीटों पर 53 पार्टियों के करीब 1874 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे

**364** सीट जीतकर कांग्रेस बनी थी सबसे बड़ी पार्टी

**16** सीट जीतकर भाकपा दूसरे स्थान पर रही



मंडी के जोगिंदरनगर में मतदाताओं को जागरूक करते एसडीएम मनीष चौधरी।

# लोकसभा की चार सीटों वाले पहाड़ी प्रदेश में भाजपा दिग्गजों की साख दांव पर

## कांग्रेस शासित राज्य में चारों सीटों पर जीत हासिल करना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती


**जय ठाकुर, शिमला**

लोकसभा की चार सीटों वाले छोटे पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में चुनाव के चलते दिग्गजों की साख दांव पर लगी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे घर हिमाचल में चुनावी जीत को लेकर खुद पीएम की प्रतिष्ठा का भी सवाल बना हुआ है। वहीं, दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के मुखिया जेपी नड्डा भी हिमाचल से आते हैं। ये चुनाव उनकी लोकप्रियता और सियासी कौशल का भी चुनाव है। कम आयु में देश की राजनीति में बड़ा नाम कमा चुके केंद्रीय कैबिनेट मंत्री अनुराग ठाकुर के सामने भी चुनावी जीत का सिलसिला बरकरार रखने की चुनौती है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित पार्टी के प्रदेश मुखिया डॉ. राजीव बिंदल की नेतृत्व क्षमता भी इस चुनाव में परखी जाएगी। वहीं, हिमाचल में लोकसभा और छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में भाजपा के सामने चुनौतियां भी कम नहीं है। मंडी सीट की बात की जाए तो कंगना के पुराने बयानों पर बवाल मचा हुआ है। कार्यकर्ताओं के कुछ वर्ग अंदरखाते इस बात पर नाराज हैं कि पैराशूट से प्रत्याशी थोप दिया गया। स्थानीय नेताओं की भी नाराजगी है।

(अनंत ज्ञान)



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल कनेक्शन



**हिमाचल** प्रदेश को पीएम नरेंद्र मोदी कई बार अपना दूसरा घर बता चुके हैं। इससे पहले वर्ष 1998 में प्रधानमंत्री भाजपा को हिमाचल की सत्ता में लाने में अहम भूमिका निभा चुके हैं। प्रदेश प्रभारी रहते हुए नरेंद्र मोदी ने हिमाचल का व्यापक दौरा किया है। वे यहां के चप्पे-चप्पे से परिचित हैं। यहां के लोक जीवन, देवी-देवताओं के प्रति जनता की आस्था, यहां के लोक व्यंजनों के बारे में नरेंद्र मोदी भरपूर जानकारी रखते हैं। चुनावी सभाओं में वे इस बारे में अपने भावुक संवादों से जनता के साथ इमोशनल कनेक्शन बनाने में कामयाब रहे हैं।

### कांग्रेस भी जीत का कर रही दावा

**अनुभवी** दिग्गजों से भरी भाजपा को राज्य की चार सीटों पर जीत हासिल करना मुश्किल नहीं होना चाहिए। वहीं, चुनावी मैदान में विपक्ष को कम आंकना बड़ी भूल साबित होती है। प्रदेश की सत्ता कांग्रेस के पास है। राज्यसभा चुनाव में हुए उलटफेर के बाद बेशक हिमाचल कांग्रेस संकट में फंसी नजर आती है, लेकिन चुनाव में वह भाजपा को परास्त करने के दावे कर रही है। इन परिस्थितियों में हिमाचल के सियासी रण में भाजपा की चुनौतियों पर बात करना दिलचस्प होगा।

### विदेश यात्राओं में किया हिमाचल की कला का जिक्र

**देश** सहित विदेश यात्राओं में नरेंद्र मोदी ने कांगड़ा टी, हिमाचल की आभूषण कला, यहां के शहद और हिमाचली टोपी की ब्रांडिंग की है। अमेरिका की यात्रा के दौरान उन्होंने तत्कालीन फस्ट लेडी मेलानिया ट्रंप को कांगड़ा टी और हनी के साथ कई ज्वेलरी भी गिफ्ट की थी। अब हिमाचल के साथ पीएम मोदी के इस तरह के कनेक्ट को देखते हुए भाजपा के स्थानीय नेतृत्व पर भी चारों सीटों पर चुनाव जीतने का दबाव है।

### हमीरपुर सीट पर अनुराग ठाकुर की चुनौती

**हमीरपुर** सीट पर अनुराग ठाकुर पांचवीं बार चुनावी रण में उतरे हैं। उनकी पांचवीं बार जीत को सुनिश्चित करना पार्टी के प्रदेश नेतृत्व सहित खुद अनुराग के लिए भी चुनौती है। इस बार हमीरपुर फतह करना खुद अनुराग ठाकुर और बीजेपी के लिए कई मायनों में आसान नहीं होगा।

### भाजपा ने प्रत्याशी तय करने में मारी बाजी

**लोकसभा** चुनाव में सियासी परिस्थितियां भाजपा के पक्ष में बनती नजर आ रही हैं। वहीं, चारों सीटों पर भाजपा ने कांग्रेस से पहले ही प्रत्याशी तय कर पहल की है। यही नहीं, भाजपा का चुनाव प्रचार भी गति पकड़ चुका है। काशी से पीएम नरेंद्र मोदी चुनाव लड़ते हैं, तो इस बार छोटी काशी मंडी से बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत को चुनाव में उतारा गया है।

### सीएम सुक्खू आज जाएंगे दिल्ली

# कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवारों का जल्द हो सकता है ऐलान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



प्रदेश में लोकसभा चुनावों के प्रत्याशियों का ऐलान एक-दो दिनों के भीतर हो सकता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शनिवार सुबह दिल्ली जा रहे हैं। पिछले चार दिनों से वे अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन और हमीरपुर में ही डेरा डाले हुए हैं।

चुनावी रणनीति को तय करने के लिए उन्होंने सारा मसौदा तैयार कर लिया है। फिलहाल लोकसभा के प्रत्याशियों का ऐलान प्रस्तावित बैठक के बाद होने की उम्मीद है। प्रदेश में चार लोकसभा सीटों में से किसी एक पर महिला उम्मीदवार को हर हाल में उतारा जाएगा। इसके लिए अब जो परिस्थितियां बनी हैं, उसमें कांगड़ा या फिर शिमला सीट ही हो सकती है। मंडी में अब लोक निर्माण मंत्री और प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह को उम्मीदवार बनाए जाने पर लगभग मुहर लग चुकी है। उनकी गतिविधियां भी इस सीट पर शुरू हो चुकी हैं। हमीरपुर सीट पहले ही सतपाल रायजादा के नाम के लिए तय हो चुकी है। भाजपा की गुरुवार को हमीरपुर जिले मुख्यालय पर जो रैली हुई है, पार्टी के वरिष्ठ नेता उससे ज्यादा खुश नजर नहीं आ रहे। इसके पीछे कई कारण हैं। कांग्रेस की इन सभी चीजों पर नजर पैनी हो गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पिछले चार दिनों से न केवल यहां के माहौल की टोह ली है, बल्कि पार्टी के भीतर अपने नेताओं की स्थिति का भी आंकलन कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक विधानसभा के उपचुनावों के लिए अलग-अलग जो रिपोर्ट्स तैयार की गई हैं। उन पर आखिरी चर्चा भी दिल्ली में होगी, लेकिन अभी उपचुनावों के प्रत्याशियों का ऐलान जल्दी होने वाला नहीं है। हमीरपुर जिला में सुजानपुर और बड़सर में चुनाव लड़ने वालों की कतार लगी हुई है। ऐसी स्थिति में खुद सुक्खू अपने इस गृह जिला में उम्मीदवारी तय करने में किसी भी तरह की कोई खामी न रह जाए, इस पर विशेष मशक्कत कर रहे हैं। कांग्रेस के लिए सुजानपुर और बड़सर ही सबसे अहम विधानसभा सीटें हैं, जिन्हें पार्टी के लिए अपने कब्जे में रखना साख से जुड़ा हुआ है। सुजानपुर में भाजपा ने राजेंद्र राणा को और बड़सर से इंद्र दत्त लखनपाल को ही उम्मीदवार बनाया है। दोनों दलों का हमीरपुर संसदीय सीट पर अब प्रचार अभियान शुरू हो चुका है, लेकिन भाजपा के मुकाबले में अभी कांग्रेस को और ज्यादा मशक्कत की जरूरत है। देखना यही है कि आने वाले दिनों में प्रत्याशियों के ऐलान के मामले में कांग्रेस जिस तरह पिछड़ी है।

(अनंत ज्ञान)

# आपदा में एक भी रुपया लोगों को नहीं दे पाई कंगना : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य के सियासी दंगल में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेजी के साथ जारी है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने रनौत द्वारा दिए जा रहे सियासी बयानों पर पलटवार किया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि कंगना रनौत खुद को हिमाचल की बेटी बता रही हैं।



हिमाचल की 20 लाख और बेटियां हैं, जिन्होंने प्रदेश का नाम रोशन किया है। खुद को हिमाचल की बेटी बताने वाली कंगना ने आपदा में एक भी पैसे की मदद मनाली के लोगों की नहीं की और कभी सर्वर डाउन और पैसे ट्रांसफर न होने के बहाने लगाती रही। विक्रमादित्य सिंह ने कहा की उनके परिवार को किसी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं हैं। वीरभद्र सिंह छह बार मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्हें राजा इसलिए नहीं कहा जाता था कि राज परिवार से संबंध रखते थे, बल्कि इसलिए कहा जाता था, क्योंकि छह बार लोगों ने उन्हें चुना। विक्रमादित्य सिंह ने कहा की कंगना ने कांग्रेस की पूर्व सरकारों के साथ ही एनडीए की पूर्व वाजपेई सरकार का भी अपमान किया है। उन्हें क्या कहा जा सकता है, जो देश को 2014 के बाद ही आजाद हुआ मानते हैं। इस पर आरएसएस और बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं को चिंतन करने की जरूरत है।

# अरे भैया! हमने छोटा पप्पू क्या कह दिया आप तो मुंह फुलाकर ही बैठ गए : कंगना

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

मंडी लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कहा है कि विक्रमादित्य सिंह मेरे भैया... आपको इतना प्यारा नाम दिया फिर भी आप नाराज हो गए। आपने मुझे बड़ी बहन कहा तो आप भी मेरे छोटे भाई हैं, लेकिन वह मुझसे नाराज ही रहते हैं।

यह बात कंगना रनौत ने कुल्लू के अटल सदन में आयोजित अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन व मंडी लोस प्रत्याशी कंगना रनौत के अभिनन्दन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि छोटे भाई को राजा बेटा, राजा बाबू नाम दिया, उससे भी खफा हो गए। उन्होंने विक्रमादित्य सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि अरे भाई हमने छोटा पप्पू क्या कह दिया आप तो मुंह फुलाकर ही बैठ गए हैं और उस पर भी गुस्सा आ गया। कंगना ने कहा कि मैंने तो किसी तरह की अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं किया, लेकिन आप मुझे बड़ी बहन कहते हैं फिर भी आपने नवरात्र के दिनों में अपनी बहन के लिए किस तरह के शब्दों का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि पहले खुद पूछ रहे थे कि मैंने क्या खाया जब, मैंने जवाब दिया तो पलट गए। मुझे अशुद्ध बताया और बोला छोड़िए यहां वहां की बातें छोड़ मुद्दों की बात करें।



(अनंत ज्ञान)

# सुधीर बोले-टाइम पास सीएम हैं सुखविंद्र सिंह सुक्खू

## कहा-सबसे कमजोर मुख्यमंत्री हुए साबित, यह प्रदेश की अंतिम कांग्रेसी सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को टाइम पास मुख्यमंत्री करार दिया है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि वह 6 बार मुख्यमंत्री रह चुके दिवंगत वीरभद्र सिंह के साथ बतौर मंत्री काम कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल तथा पूर्व सीएम शांता कुमार की शासन व प्रशासन पर मजबूत पकड़ रही है। ये सभी सीएम एक विजन के साथ काम करते रहे, जबकि इसके विपरीत प्रदेश के मौजूदा सीएम को पता नहीं होता कि कौन सी फाइल को कहां फॉरवर्ड करना है। बावजूद इसके वह अहम मंत्रालयों पर कुंडली मारकर बैठे हुए हैं। सीएम सुक्खू अपने 15 माह के कार्यकाल में टाइम पास मुख्यमंत्री साबित हुए हैं तथा उनके पास प्रदेश के विकास का विजन नहीं है। विजन के बिना प्रदेश का विकास संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि वह अपने नेतृत्व वाली सरकार का महिमामंडन सुख की सरकार के रूप में भले ही करते हों, लेकिन आलम यह है कि जनता तथा सरकारी कर्मचारी तक उनके कार्यकाल में त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार केवल उनकी मित्रमंडली के सुख की सरकार साबित हुई है तथा उनके अपने विधायक तथा मंत्री उनकी इस तानाशाही की नीति से दुखी हैं। आने वाले विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों में उनको इसका परिणाम मिल जाएगा।



इन दिनों धर्मशाला की जनता से बैक टू बैक संपर्क बैठकें कर रहे भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने कहा कि वह धर्मशाला के विकास के मुद्दे के अलावा किसी ओर मुद्दे पर चुनाव नहीं लड़ रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार से उनकी कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं थी, बल्कि धर्मशाला के विकास की लड़ाई थी तथा इसी मुद्दे के कारण वह अब भाजपा में आए हैं। देश तथा प्रदेश में भाजपा की सरकार के बनने के साथ ही धर्मशाला के विकास की नई गाथा शुरू होगी, जिसका रोडमैप तैयार है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की भाषा के लिए आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ऐसी असंयमित तथा अभद्र भाषा सीएम जैसे गरीमामयी पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देती। उन्होंने दावे के साथ कहा कि प्रदेश समेत देश में कांग्रेस का अंत निश्चित है तथा आगामी चुनावों में भाजपा 400 से ज्यादा सीटें जीत कर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करवाएगी।

### युवा मतदाता



**चुनाव** में युवाओं को रोजगार की गारंटी देने वाले राजनितिक दल का ही समर्थन करना चाहिए। वोट के लिए किसी धर्म विशेष को जोड़ना गलत है। वैचारिक मतभेदों से ऊपर उठकर सोच रखने वाले प्रत्याशी ही सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सहायक बन सकते हैं।

**अभिनव शर्मा, बंगाणा (ऊना)**



**आज** के युवकों ने अपने मां-बाप को वृद्धाश्रम भेजने का ट्रेंड बना लिया है। युवक मानते हैं कि वे कमाते नहीं हैं और उन पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। इस पर मोदी ने वृद्धों को पेंशन लगाई, जिस कारण बुजुर्ग लोग अपना खर्च उठा पाते हैं। इससे न ही वृद्धों को झुकना पड़ता है और न वृद्धाश्रम जाना पड़ता है।

**सुमित (शिमला)**

### महिला मतदाता



**बेहतर** प्रतिनिधित्व करने वाला नेता चुनना बहुत जरूरी है। इसके लिए हमें मतदान करना चाहिए। युवा पीढ़ी से आग्रह है कि मतदान में अपनी अहम भूमिका निभाएं। मैं ऐसे उम्मीदवार को वोट करुंगी, जो युवाओं के रोजगार को प्राथमिकता दे और क्षेत्र व प्रदेश के विकास के बारे में सोचता हो।

**शीतल कुमारी (बिलासपुर)**



**धर्मशाला** का विकास सुधीर शर्मा की देन है। एक आम मतदाता होने के नाते मैं विकास को प्राथमिकता देना चाहुंगी। राजनीति में परिस्थितियां बदलती हैं, सुधीर शर्मा जिस कद के नेता हैं, उन्हें कांग्रेस सरकार में वह मान-सम्मान नहीं मिला। वह धर्मशाला के विकास के लिए बचनवद्ध हैं।

**निशा चौधरी (धर्मशाला)**

### पुरुष मतदाता



**मताधिकार** का सबको इस्तेमाल करना चाहिए। मजबूत सरकार के चयन के लिए यह जरूरी है। वोट किसको देना है यह अपने विवेक से चयन करना चाहिए। सभी लोगों को देश के भविष्य के लिए एक मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

**योगराज, (ऊना)**



**विधानसभा** हो चाहे लोकसभा हो उम्मीदवार ऐसा होना चाहिए, जो विकास की बात करे। आम लोगों के दुख-सुख में शामिल हो। क्षेत्र के विकास को लेकर सोचता हो। सिर्फ ऐसा नेता जो सिर्फ राजनेता हो वर्तमान में लोगों की पसंद नहीं है। आज का नेता युवा और पढ़ा-लिखा ईमानदार होना चाहिए। मतदान से देश को हम अच्छी सोच वाले व्यक्ति को चुनकर सेवा का मौका दे सकते हैं। मतदान जरूर करें और दूसरों को भी जागरूक करें।

**ठाकुर सिंह, होली (चंबा)**



हमारी बात कोई नेता नहीं सुनता है। हम ऐसे नेताओं को वोट दे देते हैं, जो हमसे मिलने भी नहीं आते हैं। हम चाहते हैं कि नेता वह बने जो आम लोगों के साथ मिल बैठकर चर्चा करे और विकास को लेकर सोचता हो। आज के दौर में पढ़े-लिखे युवाओं को राजनीति में आने की जरूरत है। युवा सोच ही देश को आगे लेकर जाएगी। सभी लोगों को मतदान करना चाहिए।

**छोटू शर्मा, रुणहकोठी सामरा (चंबा)**



**आज** के दौर में एक आम नागरिक क्षेत्र की तरक्की और प्रत्याशी की दूरदर्शिता को देख कर मतदान करता है। धर्मशाला में गत वर्षों में जो कायाकल्प हुआ है उसका श्रेय सुधीर शर्मा को जाता है। राजनीति में जातिवाद अथवा क्षेत्रवाद से लोग अब दूर रहते हैं, लोग क्षेत्र की तरक्की में योगदान देने वाले प्रत्याशी को चुनना बेहतर समझते हैं।

**शरवन थापा (धर्मशाला)**



**देश-प्रदेश** के विकास के लिए मतदान करना सबसे आवश्यक है, क्योंकि जब तक बेहतर नेता व प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाला न चुना जाए, तब तक प्रदेश का विकास नहीं हो सकता। इसलिए इस मतदान की बेला में अपनी आम भूमिका निभाएं। मतदान से देश को हम अच्छी सोच वाले व्यक्ति को चुनकर सेवा का मौका दे सकते हैं।

**लक्की सिंह (बिलासपुर)**



**बीते** दस वर्षों में सार्वजनिक रूप से सरकार के किसी भी प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप कोई भी विपक्षी दल नहीं लगा पाया। जो बोला वह डंके की चोट पर किया। प्रधानमंत्री जन औषधी योजना और प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना लाखों लोगों को अब तक लाभान्वित कर चुकि है।

**प्रताप राणा (शिमला)**



**लगभग** 500 वर्ष पुराने सांस्कृतिक विजय के शंखनाद के साथ ही 5 लाख ट्रिलीयन डॉलर की भारत की अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। देश का चहुंमुखी विकास दर्शा रहा है मोदी तो आएंगे ही, लेकिन बेरोजगारी भी एक बड़ा मुद्दा हैं। जो कि भाजपा ही दूर कर सकती है।

**वजिय शर्मा (शिमला)**

### सियासत

## सियासी उठापठक शुरू, भाजपा सीट पर काबिज होने की आस में दिल्ली की तरफ नजरें

# विनोद सुल्तानपुरी के नाम की चर्चा से कसौली में राजनीतिक गर्माहट

**आर मोहन चौहान, सोलन**

लोकसभा चुनाव में शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस की तरफ से विनोद सुल्तानपुरी का नाम आगे आने से कसौली की ठंडी पड़ी सियासत में अचानक गर्मी आ गई है। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने ऐलान किया है की विनोद शिमला सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी होंगे। इसके बाद कसौली विधानसभा में शांत अवस्था में बैठी भाजपा में मानो करंट सा दौड़ गया है।

भाजपा अचानक एक्टिव से सुपर एक्टिव हो गई है। भाजपाई सुल्तापुनपुरी को टिकट देने के ऐलान से गदगद है। इस ऐलान के बाद भाजपाई एक तरफ तो यह मान रहे हैं कि शिमला सीट पर विनोद सुल्तानपुरी जाना पहचाना चेहरा होने के कारण स्ट्रांग प्रत्याशी हैं। टिकट मिली तो चुनाव में उनके पिता स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी के छह बार सांसद रहने का फायदा भी उन्हें मिलेगा, लेकिन भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप भी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। दूसरी ओर यह भी मान रहे हैं कि यदि सुल्तानपुरी जीते तो कसौली विस क्षेत्र में उपचुनाव होगा। ऐसे में यहां भाजपा को सीट पर काबिज होने का एक बार फिर मौका मिल सकता है। सियासत के माहिर कहते हैं कि प्रदेश में सरकार कांग्रेस की है। ऐसे में यह कहना भी गलत नहीं होगा की सत्ता पक्ष के प्रत्याशी के जीतने के आसार ज्यादा रहते हैं, लेकिन कसौली में भाजपा को कमजोर नहीं आंका जा सकता।



डॉ. राजीव सेजल यहां से तीन बार विधायक रहे हैं। दो बार मंत्रिमंडल में रहे हैं। उपचुनाव हुए तो उनको टिकट मिलना लगभग तय रहेगा। लिहाजा कांग्रेस के पास सेजल के राजनीतिक कद के बराबर कोई प्रत्याशी फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। हालांकि सुल्तानपुरी को टिकट के ऐलान के बाद कांग्रेस यहां तेजी से आगामी रणनीति बनाने में जुट गई है। लोस चुनाव की जीत को लेकर कांग्रेसी आश्वस्त भी है। कसौली से लीड देने की बातें भी हो रही हैं, लेकिन विस सीट पर उपचुनाव हुए तो प्रत्याशी कौन होगा यह भी बड़ी चुनौती रहेगी। दूसरी ओर कांग्रेस के नाराज धड़े ने भी हाथ-पांव खोलने शुरू कर दिए हैं। टिकट के चहवानों ने दिल्ली की तरफ नजरें कर दी हैं।



बता दें बीते विस चुनाव में कांग्रेसियों में रार सभी ने देखी। दोनों धड़ों ने अलग-अलग शक्ति प्रदर्शन भी किए, लेकिन दिल्ली दरबार में मजबूत पकड़ के चलते विनोद टिकट हासिल करने के बाद विस पहुंच गए। अब विनोद को लोस का टिकट मिला तो कांग्रेस विस कैसे बचाएगी इस पर राजनीतिक गलियारों में चर्चा जोरों पर शुरू हो गई है।

(अनंत ज्ञान)

### हिमाचल को मोदी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बनाया आत्मनिर्भर : अनुराग



**शिमला ।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार के 10 वर्षों में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश एजुकेशन हब के रूप में उभर कर सामने आया है। यह मोदी का हिमाचल के प्रति प्रेम ही है, जिसके कारण आज एक छोटे से पहाड़ी राज्य में लगभग देश के सभी बड़े शैक्षणिक संस्थान हैं। आज हिमाचल के युवाओं को प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा अपने ही राज्य में मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद पूरे देश की शैक्षणिक व्यवस्था में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। मोदी के नेतृत्व में मोदी सरकार लगभग 30 वर्षों बाद नई शिक्षा नीति लाई, जिससे हमारे युवाओं को क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई करने का मौका मिला है। इसके कारण आज छोटे शहरों के बच्चे ओपिनियन लीडर बन पा रहे हैं।

## सालगिरह मुबारक



वैह गांव के मेला राम व सत्या देवी को शादी की 75वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

अनंत ज्ञान

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।


# भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने शाहपुर में भरी चुनावी हुंकार

## प्रधानमंत्री की नीतियों से प्रभावित 30 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

जिला चंबा और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने शुक्रवार को शाहपुर में चुनावी हुंकार भरी। इससे पहले शाहपुर पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कांगड़ा के महामंत्री राकेश चौहान की अगुआई में डॉ. राजीव का शाहपुर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान रैत, नेरटी, मछयाल सहित अन्य कई पंचायतों के 30 के करीब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थामा, जिनको डॉ. राजीव भारद्वाज ने सम्मानित कर पार्टी में शामिल किया। अपने आज के दौरे के दौरान भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने दरीणी, सल्ली, भनाला, रेहलू, झुलाड़, हरनेरा और लपयाणा के सफेदा चौक के अलावा शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के लोगों से मिले और भाजपा की नीतियों के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस दौरान लोगों ने भी उनका जोरदार स्वागत किया।



कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. राजीव भारद्वाज व पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी।

इस मौके पर डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत होगी। मोदी सरकार की योजनाओं और नीतियों ने प्रभावित होकर देश की जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने जा रही है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी, जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक वशिष्ट, मंडल अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा, महामंत्री जन्मसिंह ठाकुर, ओबीसी के प्रदेश सचिव मनजीत सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और सैकड़ों स्थानीय लोग मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# लोकसभा व उपचुनाव में सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी कांग्रेस : केवल पठानिया

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

कांगड़ा-चंबा लोकसभा चुनाव प्रभारी, पशुपालन एवं कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार और उपमुख्य सचतेक केवल सिंह पठानिया ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला की झियोल पंचायत में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर धर्मशाला हलके के उपचुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया।

पठानिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विधानसभा के छह उपचुनाव एवं चारों लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करेगी और यह जीत कांग्रेस पार्टी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हासिल करेगी। वहीं, चौधरी चंद्र कुमार ने कहा कि वह कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को लेकर घर घर जाकर जनता से वोट मांगेंगे और भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने रखेंगे।



कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते चंद्र कुमार व केवल पठानिया।

# रोजगार चाहिए तो 25 को आईटीआई जवाली आएं

**अनंत ज्ञान, जवाली**

शहीद सुरिंद्र सिंह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जवाली में 25 अप्रैल को आईटीसी लिमिटेड मानपुरा नालागढ़ सोलन की प्रतिष्ठित कंपनी कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से 30 युवकों का चयन अप्रेंटिसस के लिए करेगी। आईटीआई के प्रिंसिपल अशोक कुमार ने बताया कि यह कंपनी कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, फीटर, मशीनिस्ट, टर्नर तथा सोलर टेक्नीशियन (इलेक्ट्रिकल) जैसे व्यवसाय के युवकों का चयन एक वर्ष के लिए करेगी। उन्होंने कहा कि इसमें उक्त ट्रेडों के युवक भाग ले सकते हैं। कंपनी द्वारा चयन होने पर मासिक 12 हजार रुपए व 1500 इंसेंटिव सहित खाना व बस की सुविधा दी जाएगी। 25 अप्रैल को अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की कॉपियां, तीन पासपोर्ट साइज फ़ोटो सहित सुबह 10 बजे आईटीआई जवाली में पहुंच जाएं।




# राजू ज्वेलर्स ने किया दूसरे दिन के लखदाता ढाटी सांबा छिंज का शुभारंभ

**राकेश डोगरा, डरोह**

लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेले के दूसरे दिन खूब रौनक रही। इस मौके पर हेल्थ विभाग भवारना की ओर से मोबाइल हेल्थ एंड वैलनेस सैंटर के द्वारा ढाटी सांबा छिंज मेले में स्वास्थ्य सुविधाएं दी गईं। इस दौरान लगभग 100 मरीजों की जांच की गई। इसमें दवाइयां भी निशुल्क बांटी गईं। इस शिविर में सीएचओ हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर चांदड़ अक्षिता, आशा वर्कर तृप्ता देवी व अनीता देवी उपस्थित रहे।

दूसरे मेले के मुख्यातिथि रतन ज्वेलर्स भवारना के मालिक राजू गढ़ वालों का प्रधान कुलबीर सिंह राणा व कमेटी सदस्यों ने हार पहना कर स्वागत किया। उन्होंने टमक भी बजाया। उसके बाद अखाड़े की पूजा करने के बाद रिबन काट कर मेले के दूसरे दिन का आगाज किया गया। इस दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। अपने संबोधन में राजू ने कहा कि हमारे मेलों की रीत सदियों पुरानी है। हमारे पूर्वजों ने इसे शुरू किया था। इस रीत को संभालना हमारा परम कर्तव्य है। स्कूल, कालेज के समय से बिछड़े साथी इन मेलों में आ कर मिलते हैं।





मेले का शुभारंभ करते मुख्य मेहमान और दंगल में कुश्ती करते पहलवान।

उन्होंने मेला कमेटी को 21,000 रुपए सहयोग के रूप में दिया। इसी बीच कमेटी मेंबर्स ने मिल्खी राम राणा, ओम प्रकाश धीमान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मेले के दूसरे दिन बहुत से पहलवान अन्य राज्यों जैसे पंजाब, जम्मू, हरियाणा व दिल्ली से अपनी कला का जोहर दिखाने आए हुए थे। कुश्ती सायं ठीक तीन बजे शुरू हुई। इसमें लगभग 140 पहलवानों ने अपनी किस्मत आजमाई। इस मौके पर गणमान्यों के साथ मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## रंगस में बाल कुश्ती 14 को

**रंगस।** इंकलाब संस्था रंगस द्वारा नशे से आजादी अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती से की जाएगी। संस्था के सचिव एडवोकेट प्रवीण कौशल ने बताया कि इस बार बाल कुश्ती प्रतियोगिता व मेले का आयोजन रंगस स्कूलमें किया जाएगा, जिसमें अंडर-17, अंडर-14 व अंडर-10 वर्ग के मैच होंगे, जिनके विजेता खिलाड़ियों को क्रमश: 3100, 2100 व 1100 रुपए की राशि इनाम स्वरूप दी जाएगी। इस बार लड़कियों की कुश्ती भी करवाई जाएगी।

## मैक्लोडगंज में पकड़ी 15 लीटर लाहन

**मैक्लोडगंज।** जिला के पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत अवैध शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मैक्लोडगंज पुलिस की टीम ने वीरवार रात को करेरी में चाय-पानी की दुकान में दबिश दी। इस दौरान तलाशी में पुलिस ने दुकान से 15 लीटर लाहन बरामद की। शराब को कब्जे में लेकर पुलिस थाना थाना मैक्लोडगंज में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आरोपी दुकानदार की पहचान करेरी निवासी राम प्रसाद पुत्र भागमल के रूप में की गई है। मामले की पुष्टि करते हुए मैक्लोडगंज पुलिस थाना के एसएचओ यादेश ठाकुर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कारवाई की जा रही है।

# किशोरियों को घणा स्कूल में दिया दो दिन का फुटबॉल प्रशिक्षण



फुटबॉल का प्रशिक्षण लेती किशोरियां।

**अनंत ज्ञान, गगल**

विकास खंड कांगड़ा के प्राइमरी स्कूल घणा में जगोरी संस्था द्वारा छह पंचायतों की 23 किशोरियों को दो दिन का फुटबॉल प्रशिक्षण दिया गया।

इस बारे जागोरी संस्था की प्रवक्ता अंजू ठाकुर ने बताया कि समाज में जेंडर रूढ़िवादी धारणाओं को तोड़ते हुए किशोरियों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। फुटबाल प्रशिक्षण में उपस्थिति कई किशोरियों ने बताया कि उन्होंने फुटबाल पहली बार खेला और आगे भी हम इसको नियमित रूप से खेलना चाहते हैं। यह फुटबाल प्रशिक्षण 14 अप्रैल तक चलेगा, जिसमे रैत, कांगड़ा और नगरोटा बगवां ब्लॉक की किशोरियां शामिल होगी। प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद फुटबाल टीम बनाई जाएगी और फुटबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

# भारी मात्रा में देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

पुलिस थाना पालमपुर की टीम ने एक घर से अवैध देशी शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को आरठ झिकली में रजनीश कुमार निवासी बार्ड नंबर 2 के घर से 43,500 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई। इस संदर्भ में पुलिस थाना पालमपुर में मामला दर्ज किया गया है।

वहीं, पुलिस थाना पंचरुखी की टीम ने एक दुकान से शराब बरामद की की है। जानकारी के अनुसार सलियाणा में रणजीत कुमार निवासी सलियाणा की दुकान से 6,750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई है। इस बोर में पुलिस थाना पंचरुखी में केस दर्ज किया गया है। इसी तरह, पुलिस थाना बीड़ की टीम ने चौगान सूर्या क्लासिक होटल के पास सुमीत सूद निवासी क्योर से 4 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इधर, पुलिस थाना नगरोटा बगवां की टीम ने बड़ोह में धर्मवीर सिंह निवासी बार्ड नंबर-4 खर्ट खास की दुकान से 5,250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

उधर, पुलिस थाना पंचरुखी की टीम ने एक दुकान से अवैध शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पट्टी बोधल रोड़ में सुरेश कुमार निवासी वंड बिहार डाकघर दियोग्रां की दुकान से 16,500 मिलीलीटर देसी शराब बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने सभी मामलों की पुष्टि की है।

# बकाया राशि का भुगतान जल्द करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच की नूरपुर जोन की बैठक उपाध्यक्ष जोगिंद्र पठानिया की अध्यक्षता में जसूर में हुई। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बलराम पुरी, कल्याण मंच महासचिव शाम सिंह ने विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में सबसे पहले संगठन को खड़ा करने वाले और समाजसेवी कुलदीप गुलेरिया के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया और फिर मुख्य मांगों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कल्याण मंच महासचिव शाम सिंह ने बैठक में छठे वेतन आयोग का एरियल, जो 2016 से 2022 तक अभी तक नहीं मिला है, उसे लेकर विस्तार में चर्चा की गई। उन्होंने सरकार से मांग की है हमारे सेवानिवृत्त साथियों को पिछले 3 साल का मेडिकल भत्ता दिया जाए।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार जुलाई माह तक हमारी मांगें नहीं मानती हम संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। इस मौके पर नूरपुर जोन प्रधान रवि चड्डा, ईश्वर सिंह, विपिन शर्मा, निर्मल सिंह, नसीब, राजेंद्र, राम सिंह, सुरेश आदि उपस्थित रहे।

# धुम्मू शाह मेले में लोक कलाकारों ने बांधा समां

**सांस्कृतिक संध्या का एडीसी ने किया शुभारंभ**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धुम्मू शाह दाड़ी मेले की सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने दर्शकों को आत्मविभोर कर दिया। इस दौरान लोक संस्कृति की झलक साफ तौर दिखी।

इससे पहले सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करते हुए एडीसी सौरभ जस्सल ने कहा कि पारंपरिक मेलों के माध्यम से लोक संस्कृति का संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित होता है। लोक संस्कृति हमारे समृद्ध अतीत को अपने में संजोए हुए है।





मेले की सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार तथा मेहमानों को सम्मानित करते आयोजक, साथ हैं अन्य।

युवाओं को पुरातन संस्कृति के बारे में अवगत करवाना अत्यंत जरूरी है। धुम्मू शाह मेला संस्कृति और व्यापारिक गतिविधियों के लिए विख्यात है। इस दौरान उन्होंने लोगों को आने वाले चुनावों में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मेला अधिकारी एसडीएम संजीव भोट, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त सुरेंद्र कुमार तथा तहसीलदार गिरिराज व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गनोड़ में घर से चोरों ने उड़ाया हजारों का सामान

**अनंत ज्ञान, जवाली**

पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पड़ती पंचायत कुटवासी के गनोड़ के एक घर से चोरों ने हजारों का सामान उड़ा लिया है। पुलिस ने भी रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घर के मालिक महेश चंद ने शुक्रवार को बताया कि वह परिवार सहित चंडीगढ़ में रहते हैं और आज सुबह ही करीब 4 बजे घर पहुंचे थे। उन्होंने जैसे ही मुख्य गेट खोला तो पता चला कि आगे घर के सभी दरवाजों के ताले व कुंडियां टूटी हुई है और अंदर सभी कमरों में समान बिखरा पड़ा था। छानबीन करने पर पता चला कि चोर एक बड़ा वूफर, करीब 25 बैड शीट सहित अन्य कुछ सामान व कुछ नकदी चुराकर ले गए हैं। चोरी की रिपोर्ट उन्होंने पुलिस थाना फतेहपुर को दे दी है।

वहीं थाना प्रभारी फतेहपुर रजिंद्र कुमार ने बताया पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर मामले जांच शुरू कर दी है।

# स्वीप रैली के साथ राज्य स्तरीय बैसाखी मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, गरली**

स्वीप रैली और कालेश्वर महादेव काली नाथ मंदिर में विराजमान प्राचीन शिव पिंडी की पूजा-अर्चना के साथ यहां चलने वाले तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कालेश्वर बैसाखी मेले का आज शुभारंभ हो गया। जिलाधीश कांगडा हेमराज बेरवा ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

मेला स्थल पर पहुंचते उनका पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा मेला प्रभारी एवं तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा, थाना प्रभारी गुरदेव सिंह आदि मौजूद रहे। हजारों लोगों ने कालेश्वर महादेव मंदिर से प्रवित्र स्नान सरोबर पंचतीर्थ तक बैंड-बाजे के साथ स्वीप रैली निकाल कर तमाम मतदाताओं को अगामी लोकसभा चुनावों में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने बारे प्रेरित किया।



राज्य स्तरीय बैसाखी मेले पर स्वीप रैली निकालते डीसी हेमराज व अन्य।

डीसी हेमराज ने प्रदेश वासियों को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं दीं और कहा कि कालेश्वर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय बैसाखी मेले का अपना ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। इस मंदिर और यहां पर स्नान की महत्ता हरिद्वार के समान है। इस मौके पर स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों और पहाड़ी लोक गायकों ने लोगों का मनोरंजन करते हुए खूब समां बांधा।

# कांग्रेस सरकार किसी भी हाल में गिरने वाली नहीं : आशीष बुटेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्य संसदीय सचिव, पालमपुर विधायक व धर्मशाला चुनाव के सह प्रभारी आशीष बुटेल ने धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश में दुर्भाग्यपूर्ण कार्य हुआ, जिसमें जनता की चुनी हुई सरकार को भाजपा ने कुछ विधायकों के साथ मिलकर गिराने की नाकाम कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस टिकट लेकर चुनाव लड़ा और जीता है। उस समय वे लोग भाजपा का विरोध कर रहे थे, अब किस मुंह से वे जनता के बीच जाएंगे।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार किसी भी हाल व स्थिति में गिरने वाली नहीं है। उन्होंने बागी विधायकों से सवाल उठाए हैं कि किस प्रलोभन से वो भाजपा में गए हैं, उसकी स्थिति भी वे जनता के सामने स्पष्ट करें।

# वॉलीबॉल में भड़ोल की टीम प्रथम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

ग्राम पंचायत उतराला में वार्षिक मेला बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समापन समोराह में जोगिंद्र मिन्हास रिटायर्ड अध्यापक मुख्य अतिथि तथा राज कपूर अधिवक्ता व उत्तम चंद विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

इस दौरान मुरली राम को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कुश्ती के लिए बतौर इनाम 5100 रुपए दिए। इस अवसर पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें वॉलीबॉल में प्रथम भड़ोल की टीम रही जिसे 11,000 रुपए तथा उपविजेता कंडबाड़ी टीम को 7100 रुपए का इनाम दिया गया। इसी तरह कब्बड्डी में विजेता टीम बोदा को 7100 रुपए तथा उपविजेता थुरल टीम को 5100 रुपए दिए गए। रस्सा-कस्सी में प्रथम रही खरास टीम 1100 रुपए तथा उपविजेता उतराला को 1100 रुपए दिए गए।



मेले के दौरान विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व आयोजक।

सांत्वना पुरुस्कार के रूप में भी स्टील प्लेट सभी सदस्यों को दी गई। इसी तरह कुश्ती में विजेता को 5100 रुपए तथा उपविजेता जो 4600 रुपए दिए गए। मुख्य अतिथि तथा विशेष अथितियों को इस दौरान सम्मानित किया गया, साथ ही कमेटी सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत माधोनगर के प्रधान ओम प्रकाश तथा कमेटी के मेला कमेटी के प्रधान करतार सिंग नेगी व कार्यकारी प्रधान सुरेश कुमार ने मेले की परंपरा को और अधिक सहेजने का संदेश दिया। मेला कमेटी ने सभी इलाका वासियों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया है।

**कार्यक्रम** राष्ट्रीय मातृत्व सुरक्षा दिवस पर राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन ने करवाई प्रतियोगिताएं

# सपून रेस में मिस्सा व चेयर रेस में अनिता प्रथम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन ने गत दिवस राष्ट्रीय मातृत्व सुरक्षा दिवस के मौके पर नगरोटा बगवां की पंचायत धलूं एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सुरजीत परमार सेवानिवृत्त एयर फोर्स ने मुख्य अतिथि व गांव की प्रधान आशा देवी ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। सभी गणमान्य ने मां सरस्वती को नमन करते हुए दीप प्रज्वलित किया।

संस्था के स्टेट को-ऑर्डिनेटर पूजन भंडारी ने बताया कि बेटियां फाउंडेशन महिलाओं व बच्चियों के लिए समाज में सराहनीय कार्य कर रही है इसी संधर्व के इस दिन को यादगार बनाने के लिए संस्था ने कार्यक्रम किया। गांव की महिलाओं व बच्चियों ने गीत संगीत व कांगड़ी नाटियां डाल कर पहाड़ी संस्कृति से सरोवार किया। कार्यक्रम में सपून रेस व चेयर रेस प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें 6 महिला मंडलों की 38 महिलाओं ने भाग लिया। सपून रेस में पहले स्थान पर मिस्सा, दूसरे स्थान पर रेखा व तीसरे स्थान पर श्रेष्ठा और चेयर रेस में पहले स्थान पर अनिता, दूसरे स्थान पर रसमा देवी व तीसरे स्थान पर श्रेष्ठा रही।



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित प्रतिभागियों के साथ संस्था के पदाधिकारी व अन्य।

संस्था की तरफ से मुख्यातिथि को शाल, टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि वैसे तो कहने को आज का दिन मातृत्व सुरक्षा दिवस है लेकिन हर एक दिन हर मां के लिए अपने बच्चों के प्रति समर्पण व आशीर्वाद का दिन होता है और हर महिला पूर्ण रूप से अपनें परिवार को व समाज को संभालने का काम करती है।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि सुरजीत परमार, संस्था से पूजन भंडारी, जिला सलाहकार अशोक गोतम, उपप्रधान संजना भंडारी, यूथ को-ऑर्डिनेटर सवीन सिंह, लीगल सलाहकार शैल भारती, आशा देवी व कुलदीप चंद ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। महिलाओं व बच्चियों को स्नेट्री पैड भी बांटे गए और पंचायत घर के महिला शोचालयों के लिए कंबोड शावर दिए गए।

# दो वाहनों की आमने-सामने टक्कर, टिप्पर चालक की मौत

## टाहलीवाल फैक्टरी में काम करने के लिए बस में जा रहे थे 20 मजदूर

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर**

शुक्रवार दोपहर को पुलिस थाना मैहतपुर बसदेहड़ा के अंतर्गत पड़ने वाले रायपुर सहोड़ा गांव में निजी फैक्टरी के कर्मचारियों को लेकर जा रहे ही बस और टिप्पर में हुई जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में टिप्पर चालक की मौत हो गई, जबकि बस का सहायक चालक भी घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच-पड़ताल आरंभ कर दी।

जानकारी के अनुसार रायपुर सहोड़ा बाड़े गांव में गैस प्लांट से आगे एक मोड़ पर यह दुर्घटना हुई। बस में बैठे फैक्टरी कर्मचारियों के मुताबिक उनकी बस में 20 के करीब लोग बैठे हुए थे। ये सभी लोग टाहलीवाल स्थित एक निजी कंपनी में काम करने के लिए जा रहे थे। बस भी निजी कंपनी द्वारा हायर की गई है, जैसे ही यह बस मोड़ के पास पहुंचती है, तो सामने से एक तेज रफ्तार टिप्पर द्वारा बस को टक्कर मार दी जाती है। कर्मचारियों के मुताबिक टिप्पर बड़ी तेजी से आ रहा था और उसने इतनी तेज टक्कर मारी कि बस को कई फुट पीछे धकेल दिया।

टिप्पर चालक की नाजुक हालत को देखते हुए उसको जिला के सरकारी अस्पताल इलाज के लिए लाया गया था, लेकिन वहां पर उसकी मौत हो गई। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अपनी कार्रवाई आरंभ कर दी है।



रायपुर सहोड़ा गांव में हुई दुर्घटना में क्षतिग्रस्त बस और टिप्पर जिस कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## जली झुग्गियों का डीसी ने लिया जायजा

**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने शुक्रवार को अप्पर बसाल में दुर्घटनास्थल का दौरा किया, जहां आग की घटना हुई थी। इस दौरान उपायुक्त ने आग प्रभावित परिवारों से भेंट की और उनके दुख-दर्द साझा किया तथा उन्हें प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को आग लगने के कारणों का पता लगाने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर काबू पाया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि प्रभावित प्रवासी लोगों के खाने की व्यवस्था प्रशासन की ओर से कर दी है। इसके अलावा रेडक्रॉस की ओर से राहत प्रदान की जाएगी, जिसके लिए उचित दिशा-निर्देश दे दिए हैं।

बता दें कि बुधवार को अप्पर बसाल में प्रवासी बस्ती में भीषण आग हादसा सामने आया था। इस कारण प्रवासी लोगों की लगभग 18 झुग्गियां आग की चपेट में आकर राख हो गइ थीं। झुग्गियों में लगभग 70 के करीब प्रवासी लोग रह रहे थे, जोकि बिलकुल सुरक्षित है। इस दौरान तहसीलदार ऊना शिखा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# क्रिकेट में हमीरपुर ने लाहौल-स्पीति को एक पारी और 205 रन से हराया

## साहिल कुमार की शानदार गेंदबाजी, दोनों पारियों में झटके कुल 7 विकेट

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला स्तरीय अंडर-16 प्रतियोगिता में हमीरपुर का मुकाबला लाहौल-स्पीति के साथ ऊना के इंदिरा स्टेडियम में आरंभ हुआ। लाहौल-स्पीति की टीम ने टॉस जीता और विपक्षी टीम को बल्लेबाजी करने के लिए निमंत्रण दिया। हमीरपुर की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 10 विकेट खोकर 358 रन बनाए थे।

हमीरपुर के नताशा शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 72, दूसरे ओपनर बल्लेबाज दिव्यांश शर्मा ने 32, शौर्य जम्वाल ने 47, आदि अटवाल ने 56 और आर्यन जग्गी ने 72 रन बनाए। मानस पाटिल ने 5, आयुष शर्मा ने 2, सुरेंद्र सिंह ने 2 खिलाड़ियों को आउट किया। लाहौल-स्पीति की टीम ने अपनी पहली पारी में 107 रन बनाए, सुरिंद्र सिंह ने 36 रन बनाए, आशुतोष ने 18 रन बनाए। हमीरपुर के अक्षत शर्मा ने तीन, साहिल कुमार ने दो तथा कृष्ण और वरुण सिंह ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया, जबकि तीन खिलाड़ी रन आउट हुए। दूसरी पारी में लाहौल-स्पीति की टीम ने फॉलोआन खेलते हुए 10 विकेट पर मात्र 46 रन बनाए।



आशुतोष ने 17 रन बनाए, बाकी सभी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। हमीरपुर के गेंदबाज साहिल कुमार ने 5, अक्षत शर्मा ने 4, जबकि वरुण सिंह ने एक खिलाड़ी को आउट किया।

हमीरपुर की टीम ने अपना पहला मैच एक पारी और 205 रन से जीत कर शानदार जीत दर्ज की। खेल प्रेमियों और क्रिकेट प्रेमियों ने हमीरपुर की टीम और उनके कोच को जीत के लिए बधाई दी है।

### सोलन को पहली पारी में 15 रन की बढ़त

**ऊना।** पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ ऊना में चंबा और सोलन के बीच मे अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट का जिला स्तरीय मुकाबला आरंभ हुआ। इसमें चंबा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 253 रन बनाए। अंश महाजन ने 22, परीक्षित ने 20, अभय ने 13, रघुवर ने 128 और परीक्षित ने 20 रन बनाए। सोलन के आर्यन यादव ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया। शौर्य ठाकुर ने 3 खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि आदर्श वशिष्ठ ने एक खिलाड़ी को आउट किया। सोलन की टीम ने अपनी पहली पारी में 268 रन बनाए। इसमें हरमन सिंह का 63, आदित्य डोगरा का 68 रन, शौर्य कपूर का 67 और आदर्श वशिष्ठ ने 29 रन बनाए। चंबा के गेंदबाज रघुवर ने 3 खिलाड़ियों को आउट किया। करण नाथ ने 3, अभय ने 2 और परीक्षित ने 1 खिलाड़ी को आउट किया। चंबा की टीम ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट खोकर 31 रन बनाए। आर्यन यादव ने दो, अंशराज और आदर्श वशिष्ठ ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया।

# पैसे बांटकर भाजपा प्रत्याशी वोट खरीदने का कर रहे प्रयास : विवेक


समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी विवेक शर्मा ने जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि भाजपा के प्रत्याशी हार की बौखलाट को देखते हुए पैसे बांटकर वोट खरीदने का प्रयास कर रहे हैं।

विवेक शर्मा शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान शुक्रवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत लठियाणी, बीहड़ू, सन्हाल, मंदली, तनोह व मलांगड़ में रहे, जहां पर विवेक शर्मा ने कांग्रेस सरकार के 14 माह में पूरी की गई गारंटियों को जनता के बीच रखा, तो वहीं कुटलैहड़ के पूर्व विधायक की सच्चाई से ग्रामीणों को रू-ब-रू करवाया। विवेक शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ने क्षेत्र की जनता में पैसे बांट कर चहेते बनने का ढोंग रच रहे हैं, लेकिन कुटलैहड़ की जनता बिकने वाली नहीं है।

क्षेत्र में बांटे जा रहे पैसे को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत कर दी गई है। देवभूमि हिमाचल की जनता ईमानदारी व स्वच्छ छवि के हैं। अगर किसी का बेटा या बेटी घर से बाहर जाते हैं, तो उनके अपने जरूर कहते हैं कि सब कुछ करना, लेकिन क्षेत्र को बदनाम मत करना, लेकिन जनता से विश्वासघात करके गद्दार पूर्व विधायक ने बदनाम करने का काम किया है।

# नन्हे-मुन्ने बच्चों ने धूमधाम से मनाई बैसाखी


वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में बैसाखी पर्व पर प्रस्तुति देने वाले छात्र अध्यापकों के साथ प्रसन्नचित मुद्रा में।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में बैसाखी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यूकेजी के छात्रों ने गिद्दे और भांगड़े की शानदार प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया।

स्कूल के किंडरगार्टन हेड अंजलि वशिष्ट ने सभी बच्चों को बैसाखी के बारे में जानकारी दी और बताया कि बैसाखी क्यों मनाई जाती है? बच्चों के अभिभावक बहुत खुश हुए कि ऐसे त्योहार मनाने से बच्चों को अपनी संस्कृति के बारे में पता चलता है। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसे आयोजन आगे भी करवाए जाते रहेंगे ताकि बच्चे अपनी संस्कृति से रू-ब-रू होते रहें।

# रायपुर-सहोड़ा की घटना के पीड़ित परिवारों को मिलेगा मुआवजा


उपायुक्त जतिन लाल प्रभावित परिवारों से मिलते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने रायपुर-सहोड़ा में हुई दुर्घटना स्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवारों से मिलकर अपनी संवेदना जताई तथा प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

उपायुक्त ने बताया कि प्रभावित परिवारों को फौरी राहत प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा कि रेवेन्यू प्रबंधन सिस्टम के तहत दस्तावेज पूर्ण होने पर जो मुआवजा बनेगा, वह भी प्रभावित परिवारों को प्रदान कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित बीडीओ को जन सुरक्षा की दृष्टि से तालाब के चारों और फैंसिंग लगाने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

बता दें कि बीते रविवार को रायपुर-सहोड़ां में तीन प्रवासी बच्चों की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। उनकी पहचान उत्तर प्रदेश के संभल इलाके के निवासी के तौर पर हुई है जो कि कामकाज के सिलसिले में यहां रह रहे थे। इस अवसर पर तहसीलदार शिखा राणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बैठकों व कार्यक्रमों में कभी भी माता के बिना मैं नहीं आई : डॉ. आस्था अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरोली कांग्रेस की बैठक का भदौड़ी में आयोजन किया गया। इस बैठक में आस्था अग्निहोत्री मंच पर जब अपना संबोधन देने पहुंची, तो माहौल भावुकता पूर्ण हो गया। आस्था अग्निहोत्री भी नम आंखों के साथ थरथराते शब्दों के बीच अपनी बात को लंबा नहीं कर पाई।



आस्था अग्निहोत्री ने कहा कि ऐसी बैठकों में व कार्यक्रमों में मैं कभी भी मां के बिना नहीं गई। पहली बार है कि हरोली की इस बैठक में मां के बिना आ रही हूं। आस्था अग्निहोत्री ने कहा कि करवाचौथ के कार्यक्रम मां सिम्मी अग्निहोत्री ने जो शब्द कहे कि 'मेरा मायका, ससुराल, घर और परिवार भी हरोली है और अंतिम सांस भी हरोली में लूं यही मेरी तम्मना है। क्या पता था कि उनके वे शब्द ऐसे सच होकर सबके सामने आ जाएंग। उनकी बात को हम समझ ही नहीं पाए? गंभीरता से नहीं ले पाए?

आस्था अग्निहोत्री ने कहा कि मां सिम्मी अग्निहोत्री ने जज्बे के साथ काम किया। उनके मन में पीड़ा रहती थी, हरोली के लिए दर्द रहता था, हर काम हो, इसके लिए वह चिंतित रहती थी क्योंकि मैंने करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि अभी भी लोकसभा चुनावों को देखते हुए वह आई है। मां का जागरण रखा, जागरण हो नहीं पाया, वह पहले ही हमें छोड़ कर चली गई। आस्था अग्निहोत्री ने कहा कि उनकी मोक्ष की प्राप्ति के लिए पैदल यात्रा की छठी कक्षा से लेकर हर वर्ग, हर उम्र के हरोली वासियों ने जिस प्रकार से इस यात्रा में अपनी सहभागिता दी, माता सिम्मी अग्निहोत्री के प्रति अपने स्नेह को दिखाया। मैं उसके लिए आप सब की ऋणी रहूंगी।

मेरे पिता मुकेश अग्निहोत्री की जो आज प्रदेश व देश में पहचान है, उसके पीछे मेरी मां का समर्पण है। उन्होंने कहा कि हरोलीवासी इस समय हमारी ताकत बने और स्नेह दिया। उन्होंने कहा कि मैं प्रयास करूंगी की मां जैसा संयम व उनके जैसी बनने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि आप सब हरोलीवासी हमारे पास आते रहें। आप सबका मान सम्मान बना रहेगा।

## उखड़ी सड़कों को दुरुस्त न करने पर लोगों ने जताई नाराजगी

**ऊना।** पीएनजी लाइन सुविधा जहां लोगों के लिए सुखद योजना बनकर सामने आई है, तो दूसरी तरफ लोगों के लिए परेशानी का कारण भी बन रही है। सदर ऊना के तहत जखेड़ा व बहडाला पंचायतों ने अपने-अपने क्षेत्र में पाइप्ड नेचुरल गैस की लाइन बिछाने से मना कर दिया है।

पंचायत के अनुसार जिला ऊना सहित अन्य स्थानों पर पीएनजी की लाइन डाली तो गई है, लेकिन लाइन डालने के लिए की गई खुदाई से सड़कों की दुर्दशा खराब हो गई है, जिस कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उखड़ी सडक़ों को न तो कंपनी की ओर से अभी तक दुरुस्त किया गया है और न ही संबंधित विभाग की ओर से क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त करने की पहल की है।

# उपचुनाव जीतने के लिए हर हथकंडे अपना रही कांग्रेस : भुट्टो

## कहा-जिस पार्टी में श्री राम के जयकारे लगाने पर बैन हो, उस सरकार की हिस्सेदारी क्यों?

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राज्य में अब सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। इस कारण अब राज्य की जनता को पहली जून का इंतजार है। जब केंद्र में नरेंद्र मोदी तीसरी बार 400 पार के नारे को सार्थक करके प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। हिमाचल में सभी उपचुनावों पर भाजपा जीत का परचम लहराकर सरकार बनाएगी। इसलिए कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हर एक मत भाजपा के पक्ष में डाल कर हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से अनुराग सिंह ठाकुर लगातार पांचवी बार पांच लाख की बढ़त से जीत का परचम लहराएंगे।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में देव तुल्य जनता भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताए। ये शब्द कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व में रहे विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बसाल धमांदरी आदि पंचायतों में जन संपर्क अभियान के तहत जनता से भाजपा के प्रति समर्थन मागंते हुए कहे। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि मैं आपके बीच बीते 28 सालों से लगातार सेवा में आ रहा हूं, लेकिन कुछ कांग्रेस नेताओं को यह चुभन हो रही है।


कुटलैहड़ जन संपर्क अभियान में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो व अन्य।

अगर कोई परिवार बीते दिनों में आर्थिक सहायता देने की बात सोशल मीडिया में शेयर कर रहे हैं, तो कांग्रेस मित्र आचार संहिता के उल्लंघन करने की बात कर रहे हैं और चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवाने की बात कर रहे हैं।

मेरा राजनीतिक सफर ही समाज सेवा से हुआ था और 28 सालों से लगातार कुटलैहड़ की जनता के साथ उनके सुख-दुख में बराबर की हिस्सेदारी निभा रहा हूं और समय समय में जनता को आर्थिक सहायता भी प्रदान कर रहा हूं। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ में यह उपचुनाव भी कांग्रेस सरकार की उपज है। अगर हमारे काम किए होते, तो आज न तो राज्य सरकार अल्पमत में होती और न ही मुख्यमंत्री को सरकार बचाने के लिए सड़कों पर घूमना पड़ता। भुट्टो ने कहा कि केंद्र सरकार के भरकम आर्थिक सहायता राज्य सरकार को प्रदान की गई, लेकिन फिर भी राज्य सरकार की आर्थिक तंगी नहीं गई। 14 माह में 15 हजार करोड़ का कर्ज लेकर राज्य सरकार केवल मित्रों को खुश करने में लगी रही और राज्य की जनता त्राहि त्राहि करती रही।

इस अवसर पर पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, उपाध्यक्ष भाजपा बलराम बबलू, हर्ष कौशल, मन्नू बांका, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सुषमा ठाकुर, प्रोमिला देवी, अनीता ठाकुर के अलावा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** मतदान को लेकर स्वीप के तहत जागरूकता शिविरों का किया आयोजन

# लोगों ने शत-प्रतिशत मतदान करने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिले में चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से स्वीप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी ऊना के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी के नेतृत्व में आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कला मंच ने उपमंडल बंगाणा के धुंधला के दतोल पंचायत और लठियानी पटवार सर्कल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मताधिकार के प्रयोग के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम वहां पर आयोजित किया जा रहा है, जहां पर पिछले समय कम वोटिंग परसेंटेज वोट कास्ट हुआ था। मतदाताओं से चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान करने, साथ ही अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने इस नाटक के माध्यम से एक जागरूक नागरिक होने तथा लोकतंत्र में उसकी भूमिका को भी परिभाषित किया। इस अवसर पर विधानसभा कुटलैहड़ 45 स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और लोगों को जानकारी देते हुए मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।


लठियानी में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान में शामिल प्रतिभागी

कार्यक्रम के दौरान दतोल पंचायत में मेहंदी, कुर्सी दौड़ और चम्मच रेस प्रतियोगिता करवाई गई। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पलक ने, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रंजना ने, इसी क्रम में चम्मच रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा कुमारी ने प्राप्त किया। इसी तरह लठियानी पटवार सर्किल में मेहंदी प्रतियोगिता व कुर्सी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पलक ने प्राप्त किया।

इस दौरान विजेता रहे प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया और सभी उपस्थित लोगों ने शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर सोनू गोयल के दिशा निर्देश के अनुसार अब तक जनमानस को अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं और इसी संदर्भ में विभिन्न तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस कार्यक्रम के अवसर पर फील्ड सुपरवाइजर मीना देवी, ब्लॉक लेवल ऑफिसर, अनिता कुमारी, पंचायत उपप्रधान और पंचायत पंच मौजूद रहे।

## धर्मशाल महंता में बसोआ पर्व शुरू

**गोंदपुर बनेहड़ा।** ऊना जिले के चिंतपूर्णी क्षेत्र के मां चिंतपूर्णी मंदिर से मात्र 4 किलोमीटर दूरी पर प्राचीन एवं धार्मिक दृष्टि से महत्व रखने वाली 500 साल प्राचीन देवस्थली गद्दी बाबा नकोदर दास धर्मशाल महंता के नाम से असंख्य श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र बिंदू है। इस धार्मिक स्थली पर वैसे तो वर्षभर संगत का दूर से आना लगा रहता है, लेकिन संक्रांति पर यहां भक्त पहुंचते हैं, वहीं बसोआ पर्व (बैसाखी) पर लगने वाला भव्य मेला अपनी विशिष्ट पहचान प्राचीन काल से रखता है।

इस बारे गद्दी महाराज उपेंद्र पराशर ने बताया कि इस बार यह धार्मिक आयोजन 12 अप्रैल से विशेष झंडा रस्म से शुरू हुआ, वहीं भव्य आयोजन गद्दी पूजन 13 अप्रैल को बैसाखी के दिन भी जारी रहेगा। 13 अप्रैल को नामदान भी संगत को दिए जाएंगे। इस धार्मिक स्थली में आने वाली संगत यह पावन पाखंडनी की जलधाराओं में स्नान करके पुण्य प्राप्त करते हैं तथा कष्टों से मुक्ति पाते हैं, वहीं इस स्थली में सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है।

# औषधीय गुणों से भरपूर है कचनार की सब्जी, जंगलों की शोभा बढ़ा रहे पेड़

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

ग्रामीण पहाड़ी सब्जी कचनार का मौसम इन दिनों चल रहा है। हर कोई इस औषधीय गुणों से भरपूर ग्रामीण सब्जी का स्वाद चखने के चाह से वन क्षेत्रों का रुख करता है। वहीं, गगरेट व चिंतपूर्णी क्षेत्र के ग्रामीण भागों व जंगलों में इन दिनों फूलों से लदे कचनार के वृक्ष जंगलों की शोभा बढ़ा रहे हैं। कचनार से बनने वाली सब्जी स्वादिष्ट होने के साथ-साथ औषधीय गुणों से भरपूर है। वहीं, आयुर्वेद में औषधीय गुणों से भरपूर कचनार का उपयोग विभिन्न रोगों की दवाई बनाने के लिए किया जाता है।

बता दें कि कचनार के वृक्ष जंगलों में स्वत: ही उगे होते हैं। इस पेड़ पर बसंत ऋतु में लगने वाली पंखुड़ियां व गुलाबी फूल का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जियों के लिए किया जाता है, जो कि विषैले तत्व से रहित व जैविक गुणों से भरपूर है। कचनार को स्थानीय भाषा में लोग कराली भी कहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका उपयोग सब्जी व रायता बनाने के लिए किया जाता है। कचनार की कलियों का आचार भी बनता है।


कचनार की सब्जी।

### क्या कहती हैं एक्सपर्ट डॉ. मुमताज



डॉ. मुमताज की मानें तो उनके अनुसार कचनार की सब्जी औषधीय गुणों से भरपूर है और कचनार की छाल का उपयोग आयुर्वेदिक दवाओं के बनाने में भी किया जाता है। इनका कहना है कि कचनार की छाल शरीर के किसी भाग की गांठ को गलाने में सबसे उत्तम औषधि है। इसके अतिरिक्त रक्त विकार, त्वचा रोग जैसे खाज-खुजली, एग्जिमा, फोड़े-फुंसी के उपचार में इसकी छाल उपयोग में लाई जाती है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों राजेश, राम, मुकेश, दीपक की मानें तो गुणकारी इस कचनार की सब्जी 30 से 60 रुपए किलो के हिसाब से उपलब्ध हो पाती है। वहीं, ग्रामीण परिवेश में जिनके खेतों में इसके पौधे होते हैं, वे भेंट स्वरूप एक-दूसरे को इन्हें पहुंचा देते हैं।

संपादकीय

# साइबर ठगी का आसान माध्यम बना सोशल मीडिया

आजकल ज्यादातर लोग सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं और यही सोशल मीडिया साइबर ठगों के लिए ठगी करने का आसान माध्यम भी बन गया है। पिछले कुछ वक्त से लोग ऑनलाइन ट्रेडिंग को ज्यादा अहमियत दे रहे हैं। उन्हें सोशल मीडिया पर जहां कहीं भी ऑनलाइन ट्रेडिंग का कोई आसान और सस्ता विकल्प मिलता है, तो वे उस विकल्प के जरिए ट्रेडिंग करने के लिए बिना सोचे-विचारे तैयार हो जाते हैं। यही कारण है कि साइबर ठग सोशल मीडिया पर लोगों को लुभाने वाली बहुत सी सामग्री डाल देते हैं, ताकि लोग उनके झांसे में आ जाएं। लोगों को ट्रेडिंग के लिए वहां दिए लिंक पर क्लिक करने के लिए कहा जाता है, लेकिन ऐसे लिंक्स पर क्लिक करना लोगों को भारी पड़ रहा है। इन लिंक्स पर क्लिक करने से कभी-कभी वे अपनी कड़ी मेहनत की कमाई का बहुत बड़ा हिस्सा भी गंवा बैठते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो अधिकतर ट्रेडिंग ऐप फेक होती हैं, जिनके माध्यम से शातिर लोगों को भारी चूना लगाते हैं।

इसके अलावा कभी बैंककर्मी या सरकारी विभाग के अधिकारी बन कर तो कभी आपका रिश्तेदार या दोस्त बनकर साइबर जालसाज रोजाना लाखों लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं। नॉर्थ जॉन साइबर थाना धर्मशाला में आए दिन कहीं न कहीं से साइबर ठगी की शिकायतें आ रही हैं। यहां पिछले 96 दिनों में साइबर ठगी की 15 एफआईआर दर्ज हुई हैं। इन मामलों में शातिरों ने कुल 2.25 करोड़ की ठगी लोगों से की है। इसके अतिरिक्त साइबर थाना में दर्ज 900 शिकायतों में लोगों को ठगों ने 1.25 करोड़ रुपए की चपत लगाई है। शिकायतों से पता चलता है कि साइबर ठगों ने विभिन्न माध्यमों से लोगों को अपना शिकार बनाया है।

साइबर ठगों द्वारा लोगों के फोन पर ओटीपी भेजकर बैंक अकाउंट में सेंध लगाने से लेकर यूपीआई पेमेंट के लिए क्यूआर स्कैन करवाकर ठगी करने और कैश ऑन डिलीवरी ऑर्डर पर आपकी जेब से पैसा निकलवाने की कोशिश की जा रही है। यहां तक कि यू-ट्यूब वीडियो लाइक कराने चक्कर में भी लोगों को लाखों की चपत लग जाती है। हालांकि इन सब तरह की ठगी से सावधान रहकर बचा जा सकता है। स्कैमर्स लोगों को टेलीग्राम ऐप पर वीडियो देखने और लाइक करने के लिए कह कर भी ठग रहे हैं। ठग यू-ट्यूब पर कुछ वीडियो को लाइक करने और निवेश पर लाभ प्राप्त करने की बात कहते हैं। निवेश पर शानदार रिटर्न देने का भी वादा किया जाता है। शुरू में में ग्राहक को कमीशन दिया भी जाता है और विश्वास में लेने के बाद फिर अच्छी खासी रकम ऐंठ ली जाती है। इसके अलावा भी शातिर लोगों को ठगने के नित नए तरीके अपना रहे हैं।

पुलिस की मानें तो जानकारी के अभाव में पीड़ित पहले इधर-उधर हाथ मारता है और जब तक वह सहायता के लिए पुलिस तक पहुंचता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। ऐसे बहुत कम लोग हैं, जिनको इस बात की जानकारी है कि अगर पीड़ित व्यक्ति 72 घंटों में अगर साइबर पुलिस के पास पहुंच जाता है, तो उसको उसके पैसे वापस मिल सकते हैं। अगर आप भी भविष्य में साइबर ठगी का शिकार होते हैं, तो सबसे पहले आपको बिना देर किए साइबर हेल्पलाइन 1930 नंबर पर कॉल करनी होगी। यह गृह मंत्रालय के साइबर क्राइम पोर्टल का सेंट्रलाइज नंबर है। इस पर कॉल कर आपको ठगी से जुड़े पूरी डिटेल बतानी होगी। ऐसा करने से आपसे ठगे गए पैसे वापस मिलने में आसानी होगी, लेकिन साइबर ठगों से बचने का सबसे बेहतर और कारगर तरीका जागरूकता ही है। चंद पैसे कमाने या बचाने के चक्कर में हमें सोशल मीडिया पर दिए गए लिंक्स पर भूलकर भी क्लिक नहीं करना चाहिए, चाहे लालच कितना भी बड़ा क्यों न हो।

# और भी 'जलियांवाला बाग नरसंहार' हैं भारत में

जलियांवाला बाग नरसंहार को 13 अप्रैल को एक सौ चार वर्ष हो जाएंगे। 13 अप्रैल 1919 को जनरल डायर ने वैशाख उत्सव के लिए एकत्रित भीड़ और सैकड़ों निर्दोष नागरिकों पर गोलियां चलाने का आदेश दिया था। इसमें तीन सौ से अधिक लोगों का बलिदान हुआ और डेढ़ हजार से अधिक लोग घायल हुए थे। इनमें से भी अनेक लोगों ने बाद में प्राण त्यागे। ये सब संख्या जोड़ें तो मरने वालों के आंकड़ा आठ सौ के पार हो जाता है। भारत में सामूहिक नरसंहार का एक लंबा इतिहास है। अंग्रेजों से पहले भी सामूहिक नरसंहार हुए। हर आक्रांता ने नरसंहार किए हैं।

भारत पर विदेशी आक्रमण और विदेशी हमलावरों द्वारा लूट और अपनी सत्ता स्थापित करने के लिए यह खूनी खेल लगभग बारह सौ वर्ष तक चला। शायद ही कोई ऐसा दिन गया हो, जब भारत की धरती अपने ही बेटों के रक्त से लाल न हुई हो। सैकड़ों घटनाओं का जिक्र तक नहीं है, जिनका है, उनका एक दो पंक्तियों में मिलता है। यदि सभी सामूहिक नरसंहार की गणना की जाए तो लिखने के लिए पन्ने कम पड़ेंगे। अंग्रेजों द्वारा भारत में किया गया यह नरसंहार भी पहला या अंतिम नहीं है। अंग्रेजीराज में भी विभिन्न स्थानों पर ऐसे सामूहिक नरसंहार किए जाने की घटनाएं भी पचास से अधिक हैं। इनमें हजारों लोगों का बलिदान हुआ, लेकिन जलियांवाला बाग सामूहिक नरसंहार भारतीय इतिहास में एक नया मोड़ लेकर आया, उसके बाद भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संघर्ष में तेजी आई। यह तेजी दोनों प्रकार के आंदोलन में देखी गई। अहिंसक और आलोचनात्मक संघर्ष में भी और सशस्त्र क्रांतिकारी आंदोलन में भी। जलियांवाला बाग सामूहिक नरसंहार के बाद मानों भारतीयों की सहनशक्ति जवाब दे गई थी। यह ठीक वैसा ही है, जैसे जल से भरा हुआ प्याला एक बूंद पानी भी पचा नहीं पाता। एक अतिरिक्त बूंद और आने पर छलक उठता है। भीतर का पानी भी बाहर फेंकने लगता है। ठीक वैसे ही अंग्रेजों के आतंक से आकंठ डूबे भारतीय जनमानस में एक ज्वार उठ आया। इस घटना के बाद स्वाधीनता संघर्ष को एक नई गति मिली और पूरा भारत उठ खड़ा हुआ। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं स्वतंत्रता या स्वाभिमान संघर्ष के लिए निमित्त बनी हैं। 1857 में भी यही हुआ था। प्लासी का युद्ध जीतकर ही अंग्रेजों ने भारत में दमन चक्र चलाना आरंभ कर दिया था, जो 1803 में दिल्ली पर कब्जा करने के बाद बहुत तेज हुआ। अंग्रेजों के अत्याचारों का प्रतिकार भी लगातार हुआ।



लेखक : रमेश शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यदि अत्याचार प्रतिदिन हुए, तो उनका प्रतिकार भी प्रतिदिन हुआ, किंतु 1857 में मंगल पांडे के बलिदान के बाद भारत में क्रांति की ज्वाला धधक उठी और पूरे देश में अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष का आरंभ हो गया। बलिदानी मंगल पांडे का प्रतिकार ही 1857 की क्रांति का मूल बनी। इतिहास की वही पुनरावृत्ति जलियांवाला बाग कांड के बाद हुई। उस दिन जलियांवाला बाग में लोग किसी संघर्ष के लिये एकत्र नहीं हुए थे। बैसाखी मनाने एकत्र हुए थे, यदि संघर्ष के लिए एकत्र होते तो महिलाओं और बच्चों को भी साथ क्यों ले जाते। हां, यह बात अवश्य है कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक थे। वहां एकत्र समूह संस्कृति और परंपरा निर्वहन के संकल्प के साथ ही वहां एकत्र हुए थे, लेकिन अंग्रेजी फौज ने चारों ओर से घेर लिया और अंधाधुंध फायरिंग आरंभ कर दी। इस कांड के प्रतिशोध के लिए सैकड़ों युवाओं ने संकल्प लिया, किंतु सफलता क्रांतिकारी ऊधम सिंह को मिली। उन्होंने लंदन जाकर जनरल डायर को मौत की नींद सुला दिया। इस कांड पर अंग्रेजों को खेद जताने में सौ साल लगे। 2019 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने पहली बार खेद जताया।

इससे पहले अंग्रेजों ने इस घटना और इस तरह की तमाम घटनाओं को कभी गंभीरता से न लिया था। वे हर नरसंहार का औचित्य प्रमाणित करते रहे। अंग्रेजों या यूरोपियन्स ने ऐसे नरसंहार केवल भारत में ही नहीं किए हैं, पूरी दुनिया में किए हैं। इसका कारण यह है कि वे इस प्रकार के सामूहिक नरसंहार करने के आदी रहे हैं। मध्य एशिया से लेकर यूरोप तक के लोग जिन भी देशों में भी गए, उन देशों में जाकर अपनी सत्ता स्थापित करने या स्थापित सत्ता को सशक्त करने के लिए नरसंहार ही किए हैं। ऐसा कोई देश अपवाद नहीं। अमेरिका और अफ्रीका में अंग्रेजों के ऐसे नरसंहार किए जाने की घटनाओं से भी इतिहास भरा है। अंग्रेज ही नहीं, अन्य यूरोपियंस समूहों द्वारा भी सामूहिक नरसंहार करना सामान्य बात है। भला यूरोप का ऐसा कौन सा देश है, जहां यहूदियों का सामूहिक नरसंहार न हुआ हो। लाखों यहूदियों का तड़पा-तड़पा कर प्राणांत किया गया। केवल भारत है, भारत की सनातन परंपरा है। इन्हीं लोगों ने विश्व बंधुत्व, परोपकार, सेवा और मानवीय मूल्यों की स्थापना की बात की।

भारतीय जन जब गए, जहां गए, दुनिया के जिस कोने में गए, शांति का संदेश लेकर ही गए। न तो सत्ता हथियाने के षड्यंत्र चलाए और न लूट बलात्कार किए। यदि हम इतिहास की घटनाओं का विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सनातन परंपरा का अनुपालन करने वाले भारतीयों के अतिरिक्त अन्य सभी समूहों द्वारा की गई प्रेम, शांति और भाईचारे की बातें मानो बनावटी रहीं, दिखावा रहीं। वे सेवा शांति की बात करके अपने निश्चित अभियान में सदैव लगे रहे।

ऐसा आज की दुनिया में भी देख सकते हैं, लेकिन भारतीय सदैव इससे अलग रहे। वैदिक आर्यों से लेकर स्वामी विवेकानंद तक जो जहां गया, सबसे जीवन का संदेश ही दिया। पूरे विश्व को अपना कुटुंब माना और प्रकृति से जुड़कर सह अस्तित्व के साथ जीने की शिक्षा दी। आज के आधुनिक युग में भी यदि भारतीय बच्चे कहीं जा रहे हैं, तो सेवा के लिए जा रहे हैं। आज की दुनिया में भला ऐसा कौन सा ऐसा संस्थान है, जो भारतीयों की सेवा से पुष्पित और पल्लवित न हो रहा हो। सुविख्यात वैज्ञानिक संस्थान नासा से लेकर बिल गेट्स के औद्योगिक समूह तक सबकी नींव में भारतीय हैं, लेकिन अन्य का चरित्र और संस्कार ऐसे नहीं हैं। उनका आरंभिक स्वरूप, बातचीत और व्यवहार भले ही कैसा हो पर बहुत शीघ्र वे शोषण और दमन पर उतर आते हैं। वहीं, दूसरी ओर अंग्रेजों ने सबसे पहले विचारक भेजे, दक्षिण भारत में चर्च बनाया, दूसरे क्रम पर व्यापार की बात हुई और अंततः सत्ता शोषण और दमन का आरंभ। यही है अंग्रेजों का इतिहास।

अंग्रेजों ने जो आरंभ सबसे दक्षिण भारत से किया, वही शैली उन्होंने पूरे भारत में अपनाई। दिल्ली और पंजाब पर कब्जा करने में अंग्रेजों को लगभग पौने दो सौ साल लगे। मुगल दरबार में अंग्रेजों की आमद 1600 के बाद आरंभ हुई और 1803 में दिल्ली पर अधिकार कर लिया। उनका चौथा चरण सामूहिक दमन नरसंहार और लूट का ही रहा है। जलियांवाला बाग की भांति ही अंग्रेजों द्वारा सामूहिक दमन और नरसंहार से भारत का हर कोना रक्त रंजित है। अंग्रेजों ने एक दर्जन से अधिक नरसंहार तो केवल वनवासी क्षेत्रों में किए थे।

अतीत में जो घट गया उसे बदला नहीं जा सकता है, लेकिन उससे सबक लिया जा सकता है । यह सबक जलियांवाला बाग में बलिदान हुए देशवासियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# नवरात्र : मां दुर्गा की शक्ति और भक्ति के नौ दिन

इन दिनों देशभर में चैत्र नवरात्र मनाए जा रहे हैं। यह हिंदू धर्म का एक पावन त्योहार है। ये नौ दिन मां की शक्ति की अनूभूति करने और भक्ति के दिन हैं। यह पर्व साल में दो बार मनाया जाता है। एक बार चैत्र महीने में और दूसरी बार अश्विन महीने में नवरात्र आते हैं। नौ दिनों तक निरंतर चलने वाला यह पर्व सभी को मां दुर्गा की भक्ति में डूबो देता है। इन दिनों मां के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है।

कइयों के जहन में यह सवाल उठता है कि आखिर नवरात्र क्यों मनाए जाते हैं? हिंदू धर्म के अनुसार प्राचीन समय में एक महिषासुर नाम का राक्षस था, जिसे भगवान ब्रह्मा ने बरदान दिया था कि उसे कोई मार नहीं सकता। ऐसा बरदान मिलने के बाद इसने लोगों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया। लोग इसके अत्याचारों से इतने दुखी हो गए कि त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महादेव को अपनी शक्ति का मिलान कर देवी दुर्गा की सृष्टि करनी पड़ी थी। देवी दुर्गा ने नौ दिनों तक इस राक्षस का मुकाबला किया और दसवें दिन उसका वध कर दिया। देवी दुर्गा की इस शक्ति को ही नवरात्र के रूप में मनाया जाता है। मां में अटूट आस्था रखने वाले मां के भक्त नौ दिन व्रत रखकर मां दुर्गा की अराधना करते हैं। मंदिरों और घरों में पूजा-पाठ किए जाते हैं। लोग इन नौ दिनों में तास्मिक वस्तुओं का सेवन नहीं करते।



लेखक : सुमित अवस्थी
जंडपुर, बैजनाथ हिप्र

कुछ तो नौ दिन पर जमीन पर ही सोते हैं और कोई ऐसा कार्य नहीं करते, जिसे इन दिनों में वर्जित माना जाता है। हिमाचल को देवभूमि के नाम से जाना जाता है। यहां कई शक्तिपीठ हैं। इन शक्तिपीठों में रोजाना लाखों लोग मां के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। मां के श्रद्धालु देशभर से ही नहीं, बल्कि विदेश से भी मां के चरणों में नतमस्तक होने के लिए पहुंच रहे हैं। ये नौ दिन बड़े ही भक्तिमय होते हैं। इन दिनों शक्तिपीठों और अन्य मंदिरों में भजन-कीर्तन होता रहता है। सुबह से ही मां के भक्त प्रभातफेरी और नगर-कीर्तन कर मां का गुणगान करना शुरू कर देते हैं और रात को भी भजन आदि कर मां के प्रति अपनी अटूट आस्था को जाहिर करते हैं। ज्यादातर लोग इन दिनों मांस-मछली और मदिरापान नहीं करते। वे केवल सात्विक भोजन ही करते हैं, ताकि उनका मन मां की भक्ति में ही लगा रहे और भोग-विलास के विचार उनके मन में न आएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## पांचवां रूप स्कंदमाता

शिव सन्याल (जवाली)

*पहाड़ों में रहती चेतना जगाती,*
*पांचवां स्वरूप है स्कंद माता।*
*सूर्य मंडल की मां अधिष्ठात्री,*
*अलौकिक कांति रूप सुहाता।*
*शुभ्रवर्ण माता का है न्यारा,*
*चार भुजा हैं मां ने धारी।*
*तुम हो दुर्गा तुम विद्यावाहनी,*
*माता है जग में सब से प्यारी।*
*दाईं भुजा ऊपर स्कंद विराजे,*
*नीचे कमल है लिए शांति कृपा।*
*बाईं भुजा ऊपर वरमुद्रा धारी,*
*बाईं नीचे है कमल अनूपा।*
*जिस पर मां तेरी कृपा हो जाती,*
*अज्ञानियों का अज्ञान हर लेती।*
*मूढ़ कालिदास बने विज्ञाता,*
*ज्ञान के भरे भंडार भर देती।*
*आए हैं हम मां शरण तुम्हारी,*
*ज्ञान विवेक का हमें वर दीजो।*
*दुख से उभारो भव से मां तारो,*
*दीन को अपना मां कर लीजो।*

# भ्रष्टाचार के विरोध की पटकथा केजरीवाल और परिवारवाद

भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। यह सभी जानते हैं कि भारत में जनता के लिए जनता का ही शासन है। जनता के शासन का सीधा तात्पर्य यही है कि जनता अपने बीच के किसी व्यक्ति को नायक बनाकर अपना प्रतिनिधि बनाती है। लोकतंत्र में जनता की पसंद और नापसंद को ही महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन आज हमारे देश में राजनीतिक दल अपने ही परिवार के कुछ लोगों को जबरदस्ती आगे करके नायक बनाने का खेल खेल रही हैं। यह खेल निश्चित रूप से लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कहा जा सकता है। इस श्रेणी में एक या दो दल नहीं, कमोबेश हर राजनीतिक दल आज परिवारवाद की राह का अनुसरण करने के लिए अग्रसर हो रहा है।

सवाल यह आता है कि आज नेता का बेटा या बेटी को ही विरासत सौंपने का चलन क्यों बढ़ रहा है, जबकि सारे राजनीतिक दल विशेषकर विपक्षी राजनीतिक दल लोकतंत्र को बचाने का नारा बुलंद करने का सब्जबाग दिखा रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी राजनीतिक दलों ने लोकतंत्र बचाने के नाम पर एक रैली की, जिसमें परिवार को राजनीतिक विरासत सौंपने की ही राजनीति दिखाई दी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के पश्चात विपक्षी राजनीतिक दलों की राजनीति परिवार को आगे लाने की कवायद करने वाली ही लग रही है। पहले कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना उद्धव ठाकरे और राष्ट्रीय जनता दल केवल अपने परिवार को ही आगे करके राजनीति करते रहे और आज भी कर रहे हैं, लेकिन अब इस दिशा में आम आदमी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा भी शामिल हो गई है। मुख्यमंत्री केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी अब सक्रिय राजनीति में कदम रख दिया है। हालांकि वह जनता की सहानुभूति पाने के लिए अरविंद केजरीवाल के राजनीतिक अस्तित्व को फिर से स्थापित करने का प्रयास करेंगी, लेकिन केजरीवाल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर विपक्ष की ओर से कोई भी बोलने के लिए तैयार नहीं है।



लेखक : सुरेश हिंदुस्तानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज भले ही कांग्रेस ने अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष बदल दिया हो, लेकिन वे भी राहुल गांधी को किनारे करने का साहस नहीं दिखा सकते। भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए परिवारवाद को राजनीति से अलग करने की जरूरत है, क्योंकि जहां परिवार को आगे बढ़ाने की राजनीति होगी, वहां लोकतंत्र के लिए कोई जगह ही नहीं बचेगी। लोकतंत्र जनता का होता है, जहां जनता को महत्व मिलेगा, वही तो लोकतंत्र है, और जहां परिवार को महत्व दिया जाता हो, वहां तानाशाह जैसी प्रवृत्ति जन्म लेती है। उनको इसका अहंकार भी हो सकता है कि हम तो सत्ता के लिए ही बने हैं और यही अहंकार भारत के लोकतंत्र को कमजोर करता है। इसलिए अब इस बात की बहुत आवश्यकता है कि भारत में लोकतंत्र को कायम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जनरल जोरावर सिंह एक महान योद्धा व सैन्य रणनीतिकार थे

जयंती विशेष

आज हम एक ऐसे सेना नायक की बात करने जा रहे हैं, जिसके नाम का टेंक 'जोरावर' भारतीय सीमाओं पर दुश्मन के दांत खट्टे करने के लिए तैनात है। एक ऐसा सेना नायक जिन्होंने अपने अदम्य साहस, वीरता व पराक्रम से लद्दाख व बल्तिस्तान को जीतकर जम्मू राज्य का अंग बनाया व पश्चिमी तिब्बत को विजित करके जम्मू राज्य की सीमाएं नेपाल की सीमा के साथ मिला दी थीं। उन्होंने कैलाश पर्वत व मानसरोवर झील तक जम्मू राज्य का विस्तार किया। उन्होंने लद्दाख व तिब्बत के बीच पुरानी सीमा मरयूम दर्रे तक स्थापित कर दी, परंतु प्रकृति व दुश्मन के साथ लड़ते हुए बजीर जोरावर सिंह वीर गति को प्राप्त हुए। सुदूर हिमालय में इतने दुर्गम व कठोर क्षेत्रों को जीत कर जनरल जोरावर सिंह ने अपनी वीरता व अदम्य साहस का जो परिचय दिया, वह इतिहास में अविस्मर्णीय रहेगा।

आज भारत की सीमाएं सुदूर हिमालय पर्वत तक फैली हुई हैं, तो इसका श्रेय जनरल जोरावर सिंह को जाता है। जोरावर सिंह के अदम्य साहस, वीरता एवं पराक्रम से ही लद्दाख व बल्तिस्तान आज भारत का अंग हैं। जनरल जोरावर सिंह एक बहुत बड़े सैन्य रणनीतिकार और बहादुर सेनानी थे। उसके दुश्मनों-तिब्बतियों व चीनियों ने उसकी वीरता का सम्मान किया व वीरगति के उपरांत तोयो नामक स्थान पर उनका स्मारक बनाया जिसे 'सिंह का छोरतन' कहा जाता है। कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जब यात्री जाते हैं, तो उन्होंने इस समाधि का वर्णन किया है। स्वामी परणवानंद ने लिखा है कि तकलाकोट के नजदीक तोयो में एक लाल रंग की मिट्टी का एक छोरतन या समाधि बनी है, जो आज भी इस वीर जनरल की स्मृति करवाती है। आज वह समाधि प्रायः ध्वस्य स्थिति में है। कैलाश मानसरोवर यात्रा पर 2010 में पहले बैच में गए हिमाचल प्रदेश के एकमात्र सदस्य ने बताया कि उन्होंने तोयो नामक स्थान पर जनरल जोरावर सिंह की समाधि को देखा परंतु वहां उनके बारे में जानकारी नहीं दी जाती है। जनरल जोरावर सिंह का जन्म 13 अप्रैल, 1786 ई. को गांव अन्सरात, जिला नादौन हमीरपुर में हुआ। 16 वर्ष की आयु में वह अन्सरा से आजीविका की तलाश में चले गए। जोरावर सिंह महाराजा गुलाब की सेना में एक साधारण सैनिक के रूप में भर्ती हुए व अपनी शूरवीरता व योग्यता के बल पर महाराजा गुलाब सिंह ने उन्हें 1821 में किश्तवाड़ का गर्वनर नियुक्त किया व बजीर की उपाधि से सम्मानित किया। वह इस पद 1836 ई. तक रहे।जनरल जोरावर सिंह ने 1834 ई. को किश्तवाड़ के रास्ते सुरू नदी घाटी को पार करके लद्दाख क्षेत्र में प्रवेश किया। 1840 ई. तक लद्दाख व बल्तिस्तान को अपने अधीन कर लिया। तिब्बत पर बल्तिस्तान को जम्मू राज्य का अंग बना दिया गया। जून, 1841 ई. में जनरल जोरावर सिंह ने पश्चिम तिब्बत की सीमांत चौकियों पर आक्रमण किया। जनरल जोरावर सिंह की सेना में छह हजार डोगरे तथा तीन हजार लद्दाखी व बाल्ति सैनिक थे। जनरल जोरावर सिंह ने बल्ति सेनापति गुलाम खां व लद्दाखी सेनापति नोनो सोडनम के साथ आगे बढ़ने की योजना बनाई। जनरल ने यहां पर अपनी सेना की तीन टुकड़ियां बनाईं।



लेखक : डॉ. राकेश कुमार शर्मा
सरदार पटेल विवि, मंडी

बल्ति राजा गुलाम खां के नेतृत्व में पहली टुकड़ी रुपशु के रास्ते भेजी। उन्होंने चूरिट, चमूरती,शपरंग व डावा पर अधिकार करते हुए गढ़टोक में जनरल जोरावर सिंह के साथ मिली। लद्दाखी सेनापति नोनो सोडनम के नेतृत्व में दूसरी टुकड़ी सिंधु नदी के किनारे से आगे बढ़ी व ताशीगोंग को अपने अधीन करके मुख्य सेना से जा मिली। तीसरी टुकड़ी बजीर के अधीन पैगांग झील की ओर से आगे बढ़ी। 5 जून, 1841 को जनरल जोरावर सिंह ने रुडोक को विजित करके किलेदार को कैद कर लिया। अगस्त 1841 गढ़टोक पर अधिकार करके तीर्थपुरी में डेरा डाला। तिब्बती सेनापति पी-हसी ने करदंग नामक स्थान पर डेरा डाल लिया। 7 अगस्त, 1841 को दोनों पक्षों में घमासान युद्ध हुआ। डोगरों ने चीनी व तिब्बती सेना की बुरी तरह पराजय हुई। जोरावर सिंह ने तिब्बतियों से मानतलाई का झंडा छीन लिया।। यह झंडा आज भी भारतीय सेना के पास उस विजय की यादगार में मौजूद है। वजीर ने अब तक लद्दाख सीमा से मयूम दर्रे तक 350 मील का तिब्बती क्षेत्र को महाराजा गुलाब सिंह के राज्य का अंग बना दिया। जोरावर सिंह ने प्रत्येक रास्ते पर अपनी सैनिक टुकड़ियों की नियुक्ति कर दी थी, परंतु दस हजार चीनी तिब्बती सेना जनरल छात्रा के नेतृत्व में मात्संग के रास्ते से आकर डोगरा सेना को चारों ओर से तीर्थपुरी में घेर लिया। 7 नवंबर 1841 को जोरावर सिंह को दुश्मन सेना के आने की सूचना मिली। उनको रोकने के लिए जोरावर सिंह ने दो टुकड़ियां आगे भेजीं परंतु वे पूर्णतः असफल रहीं। जोरावर सिंह ने स्थिति को भांपते हुए तीर्थपुरी से तकलाकोट के लिए महता बस्ती राम से योजना बनाने के लिए आगे बढ़ा।

10 दिसंबर, 1841 को तिब्बती सेना ने तकलाकोट से चार किलोमीटर पहले तोयो नामक स्थान पर जोरावर सिंह व उसकी सेना को घेर लिया। तीन दिनों तक भंयकर युद्ध होता रहा। 12 दिसंबर, 1841 को डोगरा सेनापति जोरावर सिंह के कंधे पर गोली लगी और वह घोड़े से गिर गया। अब वह तलवार लेकर एक हाथ से लड़ते रहे परंतु अन्ततः वीरगति को प्राप्त हए। आधुनिक भारत के सेना इतिहास में जनरल जोरावर सिंह की उपलब्धियां अनूठी हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अनेकता में एकता का त्योहार 'बैसाखी', राज्यों में अलग-अलग नाम

किसी क्षेत्र स्थान व देश का सांस्कृतिक पक्ष जानने के लिए वहां के लोगों की ओर से मनाए जाने वाले तीज, त्योहारों व मेलों की जानकारी होना जरूरी हो जाता है। इस आलेख में भारत में मनाए जाने वाले एक त्योहार बैसाखी या वैसाखी या वैशाखी (यही नाम अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग नामों से भी जाना जाता है) की चर्चा की जा रही है। आलेख से कुछ न कुछ हमारा सांस्कृतिक पक्ष तो गोचर हो ही जाएगा।

वैशाख माह में पड़ने वाला बैसाखी का यह त्योहार मात्र उत्तर भारत में ही नहीं, बल्कि समस्त देश में 13 और 14 अप्रैल को भिन्न- भिन्न नामों से मनाया जाता है। बैसाखी मनाए जाने के पीछे रबी की पक्की फसल (जिसमें तिलहन वाली गन्ना, गेहूं आदि प्रमुख फसलें होती हैं) के घर आने की खुशी रहती है। यह खुशी देश में सभी जगह अपने-अपने ढंग से मेले व त्योहार के रूप में देखने को मिल जाती है और यही त्योहार बैसाखी की जगह अलग-अलग नामों से जाना जाता है, जैसे कि हमारे हिमाचल व पड़ोसी राज्य जम्मू-कश्मीर में बसोआ या बसोया, उत्तराखंड में बीखू या बिसौती, पंजाब और हरियाणा में बिशाकी व वसाखी, बिहार में जुड़ शीतल, केरल में पुरामुद्दीन व बिशु, असम में बोहाग बिहू, तमिलनाडु में पुथंडू, बंगाल में पाहेला बैशाख, उड़ीसा में महा विष्णु सक्रांति तथा आंध्र प्रदेश व कर्नाटका में उगदी कहा जाता है, लेकिन त्योहार को मनाने के तौर-तरीके सभी के अपने-अपने ही हैं, क्योंकि बैसाखी में ही सूर्य मीन राशि से प्रस्थान करके मेष राशि में प्रवेश करता है, जिससे सूर्य के स्थान में परिवर्तन आ जाने से मौसम में भी बदलाव आ जाता है और गर्मी बढ़ जाती है। सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के कारण ही इस त्योहार को मेष संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है, तभी तो इस दिन तीर्थ थानों, प्राकृतिक जल स्रोतों, झीलों, तालाबों व नदियों आदि में स्नान करने को पवित्र कहा गया है। कई तीर्थ स्थानों पर तो मेलों का भी आयोजन किया जाता है और लोग स्नान करने के पश्चात दान पुण्य करने को भी शुभ मानते हैं।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

मेलों में हरिद्वार, वाराणसी, हिमाचल में रिवालसर, तत्ता पानी आदि स्थानों में स्नान के पश्चात भारी दान-पुण्य करते लोगों को देखा जा सकता है। मंडी का रिवालसर तो तीनों धर्मों की त्रिवेणी है, क्योंकि यह स्थल तीनों धर्मों अर्थात हिंदू, सिख व बौद्ध के लिए पवित्र है और बैसाखी मेल में भी सभी शामिल होते हैं। दूसरे बैसाखी के दिन ही बौद्ध गुरु का जन्म दिन भी बताया जाता है। इन सभी बातों के साथ ही साथ तीनों धर्मों के मंदिर, गोंपा व गुरुद्वारा भी साथ-साथ देखे जा सकते हैं।

वैसे देखा जाए तो बैसाखी का यह त्योहार मात्र हमारे देश भारत तक ही सीमित नहीं बल्कि पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, कनाडा, अमेरिका व यूके में भी खूब धूमधाम से वहां बसे भारतीयों द्वारा मनाया जाता है। बैसाखी त्योहार की पंजाब व हरियाणा में तो विशेष धूम रहती है, क्योंकि बैसाखी वाले दिन ही तो सिखों के दशम गुरु गोबिंद सिंह जी ने मुगल शासक औरंगजेब के अत्याचारों और उसकी धर्म विरोधी नीति के विरुद्ध ही आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की नींव 30 मार्च, 1699 में) रखी थी तथा बिना किसी जाति भेद के देश पर कुर्बानी देने वाले पांच प्यारों का चयन किया था।

आज जब भी कहीं नगर कीर्तन या कोई अन्य धार्मिक आयोजन होता है, तो ये पांच प्यारे सबसे आगे रहते हैं। बैसाखी में भी नगर-कीर्तन के समय पांचों प्यारे आगे-आगे चलते हैं और संगत पीछे-पीछे भजन-कीर्तन के साथ अस्त्र शस्त्रों का प्रदर्शन व खेलों का आयोजन भी रहता है और जगह-जगह लंगर पानी का आयोजन भी किया जाता है। खुशी की इसी बेला में विशेष नृत्य में भांगड़ा व गिद्दा भी देखने को मिल जाता है। देखा जाए तो बैसाखी का यह त्योहार अनेकता में एकता की बड़ी मसाल है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**भारत** विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां की संघीय सरकार प्रत्येक पांच वर्ष के अंतराल पर चुनाव के माध्यम से चुनी जाती है। देश के नागरिक इस चुनावी प्रक्रिया में सीधे तौर पर भाग लेते हैं। भारतीय संविधान के अनुसार देश में नियमित, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव आयोजित करने का अधिकार निर्वाचन आयोग को प्राप्त है। चुनाव आयोजित करने एवं चुनाव के बाद के विवादों से संबंधित सभी विषयों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। कोई भी नागरिक जिसकी उम्र 18 वर्ष या इससे ज्यादा हो, मतदान करने के लिए अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। यहां एक बात ध्यान रखने योग्य है कि ऐसे व्यक्ति जो मानसिक तौर पर विक्षिप्त हैं एवं सक्षम न्यायालय द्वारा विक्षिप्त घोषित किए गए हैं या जो पहले कभी भी चुनाव संबंधी अपराधों या गलत आचरणों की वजह से अयोग्य घोषित कर दिए गए हों, मतदाता सूची में अपना नामांकन नहीं करवा सकते हैं। लोगों को चुनावों में अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करना चाहिए, ताकि भारत के लोकतंत्र की जीत हो। **-हरि राम, नगरोटा बगवां**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# आज खुलेंगे कार्तिक स्वामी कुगति मंदिर के कपाट

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

उत्तर भारत की सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक मंदिर कार्तिक स्वामी के कपाट आज पूरे विधि विधान के साथ खोले जाएंगे। सुबह 9:00 बजे हवन व पूजा पाठ के बाद श्रद्धालुओं के लिए इस मंदिर के कपाट पूरी तरह से नवंबर महीने तक खुल जाएंगे।

मंदिर कपाट खुलने के ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और कार्तिक स्वामी के दर्शन करते हैं।



मंदिर में मौजूद भक्त, जो कपाट खुलने से पहले पहुंचे हैं।

## हर वर्ष संक्रांति पर खोले जाते हैं कपाट

**मान्यता** के अनुसार जब कपाट खोले जाएंगे तो अंदर रखे बर्तन में अगर पानी से भरा हुआ मिला तो उससे साल भी सभी जगह हरियाली रहेगी। अगर बर्तन में पानी कम हुआ तो पौराणिक मान्यता के अनुसार सुखा, बारिश और प्राकृतिक आपदाओं की आशंका रहती है। मंदिर के कपाट बैसाखी के संक्रांति के दिन खोले जाते हैं।

## कपाट खोलने से पहले होगा हवन-यज्ञ

**मंदिर** के पुजारी सुंदर शर्मा ने कहा है कि हर वर्ष की भांति कार्तिक स्वामी मंदिर कुगति के कपाट बैसाखी की संक्रांति के दिन पूरे विधि विधान के साथ खोले जाएंगे। उन्होंने कहा है कि कपाट खोलने से पहले मंदिर में हवन -यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से खोल दिए जाएंगे।

# मतदान करने की लोगों को दिलाई शपथ

**बबलू पठानिया**

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला विंग द्वारा मेगा कैंप का आयोजन ग्राम पंचायत भवन सिहुंता में किया गया, जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार तहसील सिहुंता सुरेन्द्र कुमार, नायब तहसीलदार गुरमुख सिंह, इलेक्शन कानूनगो संजय शर्मा द्वारा की गई।

इस विशेष महिला कैम्प में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, पुलिस विभाग से नवीन वोटर्स व पंचायत प्रतिनिधि अनिल कुमार व उपप्रधान मदन भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में दो नए वोट बनवाए गए तथा बूथ लेवल अधिकारीयों द्वारा नए वोट बनाने के बारे में जानकारी दी, इसमें पंचायत सचिव भी हाजिर रहे।



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य।

सभी उपस्थित सदस्यों को तहसीलदार सिहुंता और इलेक्शन कानूनगो संजय शर्मा ने वोट बनाने की प्रक्रिया, वोटर हैल्पलाइन ऐप की जानकारी देते हुए निर्वाचन में सभी को वोट डालने हेतू कम से कम दस दस लोगों को जागरूक करके सभी से वोट डालने की अपील की।

तहसील वेलफेयर अधिकारी कम नोडल अधिकारी आरती द्वारा वेलफेयर की विभिन्न स्कीमों को बताते हुए वोट डालने की अपील की। आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक वीना द्वारा भी विभिन्न घरेलू झगड़ों के बारे में बताते हुए उपस्थित लोगों से वोट डालने की अपील की।

मतदाता जागरूकता अभियान मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इसमें मतदाताओं को अंजली द्वारा शपथ भी दिलाइ गई। कार्यक्रम में स्वीप टीम के बलवान सिंह व वरयाम सिंह द्वारा विस्तार से स्वीप एक्टिविटीज के बारे में बताया गया। स्वीप टीम द्वारा सिग्नेचर अभियान व स्टैंप लगाने जैसी गतिविधियां भी कराई गई।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्र नितिन नवोदय विद्यालय के लिए चयनित





**चंबा।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भरियां के पंचम कक्षा के विद्यार्थी नितिन कुमार का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल में कक्षा छठी में हुआ है, उसके पिता संतोष कुमार गाड़ी चलाने का कार्य करते हैं व माता चंदरो कुमारी गृहणी है। नितिन कुमार ने अपनी प्राथमिक शिक्षा राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भरियां शिक्षा खंड हरदासपुरा से की। पाठशाला के मुख्य अध्यापक गिरधारी लाल, शिक्षिका नंदिनी सरस्वती, अध्यापक मनोज गुप्ता व अन्य कर्मचारी ओम प्रकाश व कमला देवी नितिन के परिवार को शुभकामनाएं दी।

### स्वास्थ्य विभाग ने मनाया राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस



**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सरोल में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की स्वास्थ्य शिक्षका निर्मला ठाकुर ने बताया कि हर साल इस दिवस को मनाने का उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान मां को अपनी उचित देखभाल कैसे करनी है के बारे में जागरूक करना है, ताकि वह स्वंय स्वस्थ रहते हुए एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सके। इसके लिए जरूरी है कि वह गर्भावस्थाका पता चलते ही जल्द से जल्द स्वंय को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में रजिस्टर करवाए तथा स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवायों का लाभ ले। इसके साथ ही जरूरी है कि वह गर्भावस्था के दौरान कम से कम चार बार स्वास्थ्य केंद्र में अपनी जांच जरूर करवाएं। गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार लें। गर्भावस्था के दौरान खून की कमी को रोकने के लिए आयरन व फोलिक एसिड की गोली व कैल्शियम की गोली जरूर खाएं व खतरे के लक्षण दिखते ही तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें।

# सिलेंडर फटने से घर राख

## लाखों की संपती जली, चल रही थी शादी समारोह की तैयारियां

**आजम डार, तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रुंडाल गांव में एक दो मंजिला मकान आग की चपेट चढ़ गया जिस वजह से दो मंजिला मकान पूरी तरह राख हो गया। गौर हो कि यह घटना उस समय घटित हुई जब घर में शादी समारोह की तैयारियां चल रही थी।

इसी दौरान अचानक सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका हुआ और आग लग गई। आग लगने के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी फैल गई। चंबा के चुराह उपमंडल ग्राम पंचायत (शंतेवा चिल्ली) के गांव रुंडाल में भीषण अग्निकांड में दो मंजिला मकान जलकर स्वाह हो गया, जिससे प्रभावित परिवार को लाखों का नुकसान हुआ है।

प्रभावित की पहचान परसोत्तम पुत्र केदारा गांव रूंडाल ग्राम पंचायत (शंतेवा चिल्ली) तहसील चुराह जिला चंबा के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम समेत उपमंडलाधिकारी नागरिक चुराह भी मौके पर पहुंचे। वहीं अग्निशमन विभाग की टीम के जवानों ने ग्रामीणों संग मिलकर आग बुझाने का कार्य किया पर तब तक आग पर काबू पाते बहुत देर हो चुकी थी। (अनंत ज्ञान)



घर को लगी हुई आग।

### पीड़ित परिवार को दी राहत

**उपमंडलाधिकारी** चुराह शशि पाल शर्मा ने बताया कि भीषण अग्निकांड से दो मंजिला मकान जल कर राख हो गया। पीड़ित परिवार को 30 हजार की फौरी राहत सहित नौ कंबल, तीन सेट कैनवास, तीन किचन सेट चुराह प्रशासन की तरफ से दिया गया। बाकी मामले की जांच करने पुलिस की टीम जुट गई है। **वहीं** पंचायत प्रधान कुतुब दीन भी मौके पर पहुंचे, उन्होंने भी पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।



गणमान्य लोग नुकसना पर चर्चा करते हुए।

# अतिक्रमण की वजह से लोगों का चलना हुआ मुश्किल



बैठक के दौरान मौजूद गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- प्रोग्रेसिव काउंसिल चंबा ने की मासिक बैठक
- अतिक्रमण कार्यों पर सख्त कार्रवाई करने की उठाई मांग

जिला मुख्यालय के लक्ष्मण क्लब में प्रोग्रेसिव काउंसिल चंबा द्वारा काउंसिल प्रधान चंद्र सहगल के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान चंबा जिला की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और प्रशासन से समस्याओं का समाधान मांगा गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान चंद्र सहगल ने कहा कि चंबा शहर में अतिक्रमण और बेहतरीन खड़े वाहनों की वजह से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है।

हालांकि पुलिस और नगर परिषद की ओर से शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने की कवायत तो शुरू की गई है, लेकिन कार्रवाई करने के बावजूद भी अतिक्रमणकारी बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने नगर परिषद और प्रशासन से अतिक्रमण कार्यों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई है। इसके अतिरिक्त शहर की पार्किंग समस्या को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

प्रधान सहगल ने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक आवास के समीप निर्माणाधीन पार्किंग का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि शहर की पार्किंग की समस्या का समाधान हो जाएगा, जिससे लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नही होगी। इस मौके पर प्रोग्रेसिव काउंसिल चंबा पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## सात मामलों में दोषियों से वसूला 2.63 लाख

**मंडी।** मनोज डोगरा उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने बताया कि अप्रैल माह के दौरान पिछले एक सप्ताह के अंदर स्पेशल टास्क फोर्स दल जिसमें कि जगदीश सैनी, सहायक आयुक्त राज्य कर एंव आबकारी, डॉ. नील व ललित मोहन, सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी, प्रकाश बन्द व सुरेश कुमार, सेवादार, विरजी लाल व जसवंत सिंह, चालक ने लगभग 500 ई वे-बिल सत्यापित किए तथा सात मामले पकड़े जिसमें दोषियों से 2,63,000 वसूल किए। मनोज डोगरा ने बताया कि कर की चोरी करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा चैकिंग का कार्य जारी रहेगा।

## लदरौर संतोषी मंदिर में किया कन्या पूजन

**भरेड़ी।** संतोषी माता मंदिर लदरौर में चौथे नवरात्रे में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही और संतोषी माता मंदिर में शीश नवाया। कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया ने मंदिर लदरौर में पहुंचकर कन्या पूजन किया और बैंक की ओर से लगने वाले भंडारे का शुभारंभ किया। इस दौरान निदेशक देशराज ठाकुर, एजीएम हमीरपुर हंसराज चांदला, एचआर भाटिया समीरपुर, जीवन भाटिया गलोड़ व अन्य उपस्थित रहे।

# पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान कराने की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी चंबा अरुण शर्मा की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन-2024 को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बैठक में विभिन्न गठित टीमों को वरिष्ठ नागरिकों, कोरोना पॉजिटिव, अपंग लोगों तथा भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा सूचीबद्ध आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारियों की सुविधा के लिए पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करवाने को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

अरुण शर्मा ने बताया कि ऐसे लोगों को मतदान करने के लिए एक विशेष सुविधा केंद्र बनाया जाएगा ताकि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रह सके। मतदान प्रक्रिया को लेकर नायब तहसीलदार संजय शांडिल ने जानकारियां प्रदान की।



एसडीएम अरुण अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और एंबुलेंस सेवाओं में तैनात कर्मी, अग्निशमन विभाग, राज्य परिवहन निगम के लोकल रूट को छोड़कर ड्राइवर और कंडक्टर्स, राज्य दुग्ध संघ तथा सहकारी दुग्ध सभाओं के दुग्ध वितरण सेवाओं से संबंधित कर्मचारी, भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत स्थानीय प्रेस प्रतिनिधि, जल शक्ति विभाग के पंप ऑपरेटर और टर्नर, राज्य विद्युत बोर्ड से इलेक्ट्रीशियन और लाइनमैन तथा जेल कर्मियों को आवश्यक सेवाओं की सूची में रखा गया है।

# गंडियार में अफीम की खेती करता आरोपी गिरफ्तार

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

एएनटीएफ कांगड़ा के दल को उस समय सफलता हाथ लगी जब सूचना के आधार पर डलहौजी थाना के अंतर्गत एनएच 154ए पर स्थित गंडियार गांव में दबिश के दौरान निजी भूमि पर उगाए गए अफीम के लगभग 192 पौधे बरामद किए गए तथा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



एनटीएम टीम द्वारा काबू आरोपी।

जानकारी अनुसार एएनटीएफ कांगड़ा की टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि गंडियार गांव के बबलू राम ने निजी भूमि पर अफीम की खेती की हुई है। इस सूचना पर टीम ने आरोपी के खिलाफ यह कार्रवाई अमल में लाई गई, वहीं इस सारे मामले की पुष्टि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के अतिरिक्त अधीक्षक राजेंद्र कुमार द्वारा की गई है।

उन्होंने बताया कि आरोपी को शनिवार अदालत में भी पेश किया जाएगा।

# सलूणी को भेंट किया ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था द्वारा जिला चम्बा के मरीजों की सेवा के लिए चार मशीन चम्बा सदर, एक मशीन तहसील भरमौर, एक मशीन तहसील डलहौजी (बाथरी), एक मशीन तहसील तिस्सा चुराह के बाद अब एक मशीन तहसील सलूणी के लिए अपनी सेवाएं देने के लिए वितरत की गई।

इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज उपमंडल सलूणी के तहत जवाहर पब्लिक स्कूल में पूजा-अर्चना के बाद ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर मशीन सलूणी चम्बा में दीपा फर्नीचर हाउस सलूणी में दे दी गई है, जिससे अस्थमा, हृदय रोग, फेफड़ों का कैंसर, कोविड 19 व सांस की तकलीफ लाने मरीजों को फायदा मिलेगा। यह मशीनें 24 घंटे के लिए नि:शुल्क सलूणी के जरूरतमंद मरीजों को दी जाएगी और जल्द ही सभी तहसीलों भटियात और पांगी में भी आप सबके सहयोग से ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर मशीनें को लाने का प्रयास रहेगा, ताकी शहर से लेकर दुर दराज क्षेत्र के मरीजों को इसका सीधा लाभ मिल सके।



पूजा के बाद सलूणी के लोगों को भेंट करते ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर संस्था सदस्य।

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के अध्यक्ष दीपक भाटिया ने तिस्सा चुराह के लिए ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर मशीन देने के लिए जवाहर पब्लिक स्कूल सलूणी के चेयरमैन मुकेश शर्मा, प्रिंसिपल मनीषा शर्मा और स्टाफ, राहुल ठाकुर, शिखा चोना, अभिषेक महाजन का आभार जताया। इस मौके पर कुलदीप सिंह दीपा, मुकेश शर्मा, मनीषा शर्मा, विक्की शर्मा, नवीश भाटिया, शिवाय भाटिया, भुवनेश पूरी, हर्षित ठाकुर, नरेंद्र खन्ना, हरि पंडित, सुरेश ठाकुर, दीपक भाटिया आदि मौजूद रहे।

## सूडोकु 0031 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0030 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल 14 को बारगाह में

**चंबा।** अंतर जिला अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला चंबा की टीम का चयन रविवार (14 अप्रैल) को सुबह 10 बजे पुलिस ग्राउंड बारगाह में होगा। यह जानकारी जिला क्रिकेट संघ चंबा के पदाधिकारी अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाण-पत्र, बोनाफाइड हिमाचली तथा आधार कार्ड लेकर आना होगा।

उन्होंने कहा कि जिन खिलाड़ियों की आयु 19 वर्ष से कम है। वहीं, खिलाड़ी ट्रायल में भाग ले सकते हैं। यानी पहली सितंबर 2005 व इसके बाद जन्मे खिलाड़ियों को ही इसमें भाग लेने का अवसर मिलेगा। चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 500 रुपए प्रति खिलाड़ी फीस जमा करवानी होगी, जबकि आइआरडीपी से संबंधित खिलाड़ियों के लिए चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए फीस नहीं ली जाएगी। बारगाह में खिलाड़ियों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# झिकली कुगति के मतदाता किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के अंतिम गांव कुगति में आज स्वीप गतिविधियों के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार भरमौर व निर्वाचन विभाग के कर्मचारियों व स्वीप टीम के द्वारा मिशन 414 के तहत चिन्हित कम प्रतिशतता वाले मतदान केंद्र झिकली कुगति में जाकर मतदान के लिए जनमानस को जागरूक किया गया।

उन्होंने मतदाताओं को लोकसभा चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया तथा मतदान प्रक्रिया में संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी।





इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी मतदाता व विशेष कर महिलाएं आने वाले एक जून को होने वाले चुनाव में भाग लें। उन्होंने बताया कि भरमौर विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे मिशन 414 के अभियान को और अधिक तेज कर दिया गया है। मिशन 414 के तहत इस बार मतदाता प्रतिशत को बढ़ाकर 90 प्रतिशत से अधिक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ पर हस्ताक्षर भी करवाएं।

**In the Court of Tehsildar-cum-Executive Magistrate Bharmour Distt. Chamba**

Sh. Hem Raj S/o Karm Chand R/o Village Marungda, P.O. Aurafatti, Tehsil Bharmour, Distt. Chamba

.....Applicant

**VERSUS**

**GENERAL PUBLIC**

Proclamation under order 5 Rule 20 C.P.C. under section 13(3) of the HP Registration of Births and Deaths Act, 1969.

Whereas Sh. Hem Raj S/o Karam Chand, Village Marungda, P.O. Aurafatti, Tehsil Bharmour, Distt. Chamba, Himachal Pradesh has filed affidavit for registration of delayed birth of Nakshit Sharma S/o Hem Raj birth on 01.03.2023 for entry in record of Gram Panchayat Sehli, Development Block Bharmour Tehsil Bharmour, Distt. Chamba, Himachal Pradesh.

Hence, this proclamation is issued to the General Public, that if they have any objection/claim regarding the registration of birth of Nakshit Sharma S/o Hem Raj birth on 01.03.2023 for enty in the concerned Gram Panchayat Sehli they may file their claim/objection on or before 14.05.2024 in this court failing which necessary order will be passed to the Gram Panchayat for registration of birth accordingly.

Issued under my hand & seal today on this 08th day of April, 2024

**Tehsildar-cum-Executive Magistrate Bharmour Distt. Chamba**

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

13 अप्रैल, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** पंचमीः (12:06) **: नक्षत्र :** मृगशिरा (00:49), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** शोभन (00:33) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:56-12:47), **राहुकाल** (09:09 -10:45)।

**विशेष दिन**

- 13 अप्रैल 2024 : मासिक स्कन्द षष्ठी आज।
- 14 अप्रैल 2024 : यमुना जयंती कल।

**मेष :** कार्यस्थल पर अधिकारियों से मतभेद संभव है। सुख-सुविधा के सामान में धन खर्च होगा। पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा।

**वृषभः** बड़ा खर्च होने की आशंका। कार्यस्थल पर व्यस्तता रहेगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। विवाद न करें।

**मिथुनः** पिता से जरूरी विषय पर चर्चा होगी। पुराना धन मिल सकता है। रुके कार्य होंगे। संतान के विवाह संबंधित समस्या रहेगी।

**कर्क :** गलतियों को नजरअंदाज न करें। व्यवसायिक योजना बनेगी। कार्यपद्धति में सुधार से लाभ बढ़ेगा। पूछ-परख बढ़ेगी।

**सिंह :** कारोबार में मंदी की वजह से परेशान रहेंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। थकान रहेगी। धार्मिक आस्था में वृद्धि होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। कार्यसिद्धि होगी।

**कन्या :** हानि से बचें। परिवार में चिंता तथा तनाव रहेंगे। कार्यस्थल पर विवाद से बचें। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें।

**तुला :** आपकी वाक्य शैली से लोग प्रभावित होंगे। यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी।

**वृश्चिकः** कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। भय, पीड़ा, चिंता व तनाव रहेंगे। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**धनु :** किसी की सुनी-सुनाई बातों पर ध्यान ना दें। दोस्तों के साथ मन मुटाव होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**मकरः** निवेश से लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें, नहीं तो बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। दुःखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ :** कार्यस्थल पर किसी अधिकारी से संबंधों में मजबूती आएगी। विवाह के लिए किए प्रयास सफल होंगे। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी।

**मीनः** शुभ समाचार मिलेगा। आत्मसम्मान में बढ़ोतरी होगी। शत्रु परास्त होंगे। आपके विरुद्ध षड्यंत्र रचेंगे। विवाद से बचें।

## चिंता: मधुमक्खियों की प्रजातियां खत्म होने पर पर्यावरण पर मंडरा सकता है खतरा

# कीटनाशक स्प्रे से मधुमक्खी पालन व्यवसाय पर खतरा

**ओपी शर्मा, भरमौर**

कीटनाशक स्प्रे से मधुमक्खी पालन व्यवसाय विलुप्त होने की कगार ओर अग्रसर है। यदि वक्त रहते इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो वह दिन दूर नहीं है जब मधुमक्खियों की प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी, जिससे पर्यावरण के संतुलन तक पर खतरा मंडरा सकता है।ग्राम पंचायत सचुइं के बागवान ओम प्रकाश जपोत्र व कृष्ण पखरेतिया ने समस्त बागवानों से फूल खिलने से पहले स्प्रे करने का आग्रह किया है।

### सेब के बगीचों में फूल खिलने पर न करें कीटनाशक दवा का स्प्रे

उधर बागवानी विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. अशीस शर्मा ने बताया कि जब सेब के बगीचों में फूल खिलते हैं तब कीटनाशक दवाएं का स्प्रे न करें। जिससे मधु मक्खी व तितलियों को नुकसान पहुंचता है। मधु मक्खी के कारण ही नर और मादा पॉलिनेशन होता है एसएमसी ने बताया कि दो सप्ताह तक ये कीटों का दौर चलता है। जब भी स्प्रे करें शाम के समय यानी 2 बजे के बाद करें। कीट पतंगे दोपहर तक ही एक्टिव रहते हैं एसएमएस ने बताया कि विभाग द्वारा जारी स्प्रे शेडुल का पालन करें।



बागवान ओम प्रकाश जपोतरा ने अपील की है कि समस्त भरमौर वासी फ्लॉवर रिंग के दौरान स्प्रे का परहेज करें लाखों फूल खिलते हैं अधिकतम सेटिंग हो जाती हैं। भेदचाल न चलें कीट पतंगे के खत्म होने पर पॉलीनेशन भी शून्य हो जाएगा। इसके अलावा मधु मक्खी पालन भी विलुप्त होने के कगार पर कृषि विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. करतार सिंह डोगरा ने बताया कि फूल खिलने के बाद सैटिंग की स्प्रे बिल्कुल न करें इससे पूर्व कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# सीएम सब्र रखें, देश-प्रदेश में बनेगी भाजपा की सरकार : जयराम

## आम आदमी भगवान भरोसे, विधायकों की सुरक्षा में लगाए 20-20 कमांडो, कहा- कंगना दिल्ली में बुलंद करेंगी मंडी की आवाज, देवभूमि के हितों की लड़ेंगी लड़ाई

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ने कहा कि मुख्यमंत्री इस समय कुछ ज्यादा ही अधीर हो रहे हैं। वह सब्र रखें। नेता प्रतिपक्ष मनाली व कुल्लू में कंगना रनौत के पक्ष में की गई आयोजित जनसभा में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश के साथ-साथ प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनेगी।

चुने हुए विधायकों को जलालत के कारण अपनी विधायकी छोड़नी पड़ी। मुख्यमंत्री ने अपने प्रदेश अध्यक्ष, मंत्रियों, विधायकों की सलाह और विरोध की हर आवाल को अनसुना कर दिया, अनदेखा कर दिया, जिसका नतीजा यह हुआ कि राज्य सभा के चुनाव में कांग्रेस के विधायकों ने कांग्रेस के पर्यवेक्षकों को दिखाकर भाजपा के प्रत्याशी को वोट देकर अपनी नाराजगी जाहिर की। इस घटना क्रम के वह स्वयं जिम्मेदार हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि वह पहले से ही कह रही हैं कि सरकार के कार्यों की वजह से कार्यकर्ताओं में निराशा है। चुनाव लड़ने के हालात नहीं हैं। जयराम ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने राष्ट्रीय प्रवक्ताओं और पदाधिकारियों ने देवभूमि की बेटी और मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी के लिए अमर्यादित टिप्पणी की। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन उससे भी दुखद रहा कि प्रदेश में कांग्रेस का कोई भी नेता कांग्रेस की नेत्री द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। मांडव्य ऋषि की नगरी के लिए, देवभूमि की बेटी के लिए किस तरह के शब्द का इस्तेमाल किया गया। आज भले ही कुर्सियां दिख रही हैं, लेकिन यह कार्यकर्ता यहां पर दरी भी बिछाते हैं और दरी पर ही बैठते भी हैं। पोस्टर चिपकाने का काम भी यह कार्यकर्ता ही करते हैं और यहां बैठे सभी नेताओं ने यह काम किया है। आपको भी कार्यकर्ता की तरह जी-जान से काम करना है। आम आदमी की सुरक्षा को भगवान भरोसे छोड़ दिया है और विधायकों को बीस-बीस कमांडो दिए हैं। (अनंत ज्ञान)



कंगना रनौत सुल्तानपुर स्थित रूपी पैलेस में महेश्वर सिंह के घर में उनके परिवार के साथ।



### मोदी राम का अंश, मैं रामसेतु की गिलहरी

कंगना ने कहा कि जनता यह न समझे कि मैं कोई बॉलीवुड की अभिनेत्री हूं, बल्कि मैं आपकी ही बेटी हूं। भाजपा ने मुझे सेवा करने का मौका दिया है। भारत का यश पूरी दुनिया में फैल रहा है पीएम मोदी का जो संकल्प है, उसे पूरा करने के लिए उनका मंडी की सीट को जीतना भी काफी आवश्यक मोदी भगवान राम का अंश है और मैं रामसेतु की गिलहरी हूं। कांग्रेस ने हमेशा देश को संकट में डाला और पीएम मोदी ने फिर से भारत को ऊंचे स्थान पर लाया है।

### कांग्रेस रो रही झूठ का रोना

**कंगना** ने कांग्रेस को महिला विरोधी बताते हुए कहा कि मंडी की बेटियों पर टिप्पणी करने वालों की चुनाव में जमानत जब्त हो जाएगी। ऐसे में विक्रम भैया आप सिर्फ काम की बात करें और महिलाओं की इज्जत करना सीखें। कंगना ने कहा, आज कांग्रेस झूठ का रोना रो रही है कि केंद्र सरकार ने आपदा में कोई मदद नहीं की, लेकिन सच्चाई यह है कि हजारों करोड़ रुपए की मदद केंद्र की भाजपा सरकार ने की है।

### विक्रमादित्य को अपनी बड़ी बहन से हो रही जलन : गोविंद

गोविंद सिंह ने अपने संबोधन महेश्वर सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि वह भाजपा के पहली पीढ़ी के नेता हैं और उनका हर कार्यकर्ता का सम्मान जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने विक्रमादित्य पर तंज कसते हुए उन्हें पलटू राम कहा और साथ ही ये भी कहा कि जिस कंगना को बड़ी बहन कहते थे और अब उन्हें अपनी बहन से जलन हो रही है। विक्रमादित्य सिंह के बयान का जिक्र भी किया जहां पर उन्होंने कहा था कि 15 महीने की सुक्खू सरकार में मेरे पिता जी का वही हाल हुआ है, जो दिल्ली सल्तनत के आखरी बादशाह बहादुर शाह जफर का हुआ था ओर बाद में कहा कि मेरे तो सुक्खू से कोई मतभेद नहीं हैं। इसके बाद तंज कसते हुए कहा कि दरअसल ये वो लोग हैं, जिन्होंने कभी गरीबी देखी नहीं है।

### अब इन्हें आगे बढ़ाओ हम बहुत पीछे

पूर्व सांसद महेश्वर सिंह ने कहा कि केंद्र में अगर मोदी को जिताना है, तो भाजपा प्रत्याशी कंगना ही माध्यम है। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि अकसर लोग बोलते हैं कि केंद्र सरकार ने कुछ काम नहीं किया, लेकिन ये गलत है। केंद्र सरकार के कार्यकाल ने किसान निधि के छह हजार रुपए ओर आयुष्मान हैल्थ कार्ड सहित और भी कई विकास कार्य करवाए हैं। वहीं, इस अवसर पर अटल सदन में जब मंच पर संबोधन के लिए पूर्व भाजपा सांसद महेश्वर सिंह आए, तो कार्यकर्ताओं ने महेश्वर सिंह आगे बढ़ो के नारे लगाए, जिस पर उन्होंने हंसते हुए कंगना की तरफ इशारा करते हुए कहा कि अब तो इन्हें आगे बढ़ाओ हम तो बहुत पीछे हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने मतदाताओं से आग्रह करते हुए कहा कि केंद्र में अगर मोदी को जिताना है, तो कंगना ही माध्यम है।

### महेश्वर सिंह के अंगना पहुंची कंगना

भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत अपनी जनसंपर्क यात्रा के दौरान शुक्रवार को कुल्लू जिले के प्रवास के दूसरे दिन अटल सदन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने से पहले रूपी पैलेस जा पहुंची। जहां उन्होंने पूर्व सांसद महेश्वर सिंह और उनके परिवार से मुलाकात की। इस दौरान कंगना और पूर्व सांसद के बीच करीब 15 मिनट तक वार्तालाप हुआ।

# त्रिपुरा सुंदरी और देवता शेष नाग शाही स्नान के लिए रवाना



देवता और माता हरियानों के साथ शाही स्नान के लिए वशिष्ठ रवाना होते हुए।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

नग्गर के मशाड़ा में माता के मंदिर का काम पूर्ण होने व देवता शेष नाग के नए रथ बनने पर यह शाही स्नान की धार्मिक प्रथा का निर्वहन किया जा रहा है। देर शाम माता व देवता वशिष्ठ पहुंचे, जहां रात्रि विश्राम किया गया।

आज सुबह शाही स्नान किया जाएगा। माता त्रिपुरा सुंदरी के पुजारी श्याम सुंदर, माता त्रिपुरा सुंदरी कमेटी के महासचिव अमित प्रार्थी, कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि जब भी माता के पास निर्माण संबंधी कोई भी विशेष कार्य किए जाते हैं, तभी माता का शाही स्नान किया जाता है। यह शाही स्नान बैसाख के साजे को ही किया जाता है, माता वापस अपने देवालय, शनिवार की शाम को ही पहुंच जाएगी और आगे की धार्मिक कारवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 16 अप्रैल मंगलवार को मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगां।

# बाड़ी में मिली चार फुट की प्राचीन मूर्ति

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू की हलाण-दो पंचायत के बाड़ी गांव में खुदाई के दौरान एक चार फुट लंबी पत्थर की मूर्ति मिली। इस मूर्ति में छह मस्तक बने हैं, जो इसे काफी अलग बनाते हैं। यह मूर्ति नाले के साथ लगते खेत में मिली है।

इस स्थान पर पहले पानी की चक्की (घराठ) हुआ करता था। जमीन मालिक शेर सिंह ने बताया कि इन्होंने इस स्थान पर एक बड़े पत्थर को घर निर्माण के लिए तोड़ा, यह पत्थर लगभग 20 फुट जमीन के अंदर तक था। पत्थर को तोड़ने के पश्चात इन्होंने इस स्थान पर डंगे के निर्माण के लिए पांच फुट की और खुदाई की, तो उन्हें यह मूर्ति मिली। इन्होंने मजदूरों की सहायता से इस बाहर निकाला तो देखा कि मूर्ति के कुल छह सिर और एक हाथ में भाला बना हुआ है। गांव में खबर के फैलते ही लोग मूर्ति को देखने के लिए उमड़े। देखने पर यह प्रतिमा किसी भगवान की लग रही है। लोगों के अनुसार यह मूर्ति देखने में भगवान कार्तिकेय की लग रही है क्योंकि खकनाल और सिमसा में भगवान कार्तिकेय की जो मूर्तियां हैं, उनके भी छह सिर बने हुए हैं। जब कार्तिकेय अपने पिता भगवान शिव और माता पार्वती से नाराज हुए थे, तो वह कैलाश छोड़ कर कुलुत देश भी आए थे। (अनंत ज्ञान)



### मूर्ति देखने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़

शुक्रवार सुबह इस प्राचीन मूर्ति को देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। लोग मूर्ति के दर्शन के लिए ख़ासे उत्सुक दिखे। लोगों का मानना है कि यह भगवान कार्तिके की मूर्ति हो सकती है क्योंकि बाड़ी और बशकोला गांव में प्राचीन शिव मंदिर भी स्थित है।

# पतलीकूहल-नग्गर मार्ग में पाइप बिछाने का कार्य ठंडे बस्ते में

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

जुलाई-2023 में आई भयानक बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए पतलीकूहल-नग्गर सड़क के बह चुके हिस्से पर लोक निर्माण विभाग द्वारा पाइप डालने का काम किया जाना था और यह कार्य लोनिवि द्वारा इस महीने 11- 12 व 13 अप्रैल को होना था, जिस कारण इस सड़क पर यातायात पूरी तरह से बंद रखना था, लेकिन स्थानीय लोगों ने 11 तारीख को पाइप डालने का विरोध किया जिस कारण यह कार्य बंद करना पड़ा। स्थानीय लोगों की मांग है कि इस स्थान पर पाइप की जगह आरसीसी कंक्रीट की दीवार और क्रेट लगाई जाए। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता केडी कश्यप, लरांकेलो के उपप्रधान ऋषि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। वहीं, विभाग के सहायक अभियंता केडी कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि इस सड़क के क्षतिग्रस्त होने की वजह से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसके लिए विभाग द्वारा सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से पर सीमेंट की बड़ी पाइप डाली जानी थी। अब ठेकेदार को पाइप की जगह आरसीसी कंक्रीट की दीवार और क्रेट वॉल लगाने के आदेश जारी किए गए हैं।

> 11- 12 व 13 तारीख को इस सड़क पर लोक निर्माण विभाग द्वारा पाइप डाली जानी थी। परंतु स्थानीय पंचायत के लोगों ने पाइप डालने का विरोध किया, लोगों का मानना है कि पाइप डालने से ब्यास का पानी उनकी निजी भूमि में आ जाएगा, जिससे उनकी भूमि को नुकसान पहुंचेगा अब पाइप की जगह आरसीसी कंक्रीट की दीवार और क्रेट वॉल लगाई जाएगी।
>
> **ऋषि किशोर, उपप्रधान लरांकेलो।**

# नेटवर्क व्यवस्था को समय रहते बनाएं सुदृढ़ : डीसी

**केलांग।** लाहौल-स्पीति के डीसी राहुल कुमार ने कहा कि लोकसभा व विधानसभा के उपचुनावों के मद्देनजर भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारी जिला लाहौल-स्पीति में दूरसंचार की सेवाओं को सुचारू रूप से व्यवस्थित रखें, जिससे चुनाव के दौरान विशेष रूप से निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी तरह से नेटवर्क से जुड़ी असुविधाओं का सामना न करना पड़े।

राहुल ने केलांग में बीएसएनएल के अधिकारियों के साथ नेटवर्क से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर समीक्षा की ओर निर्देशित किया कि लाहौल-स्पीति के दूर-दराज के अति दुर्गम क्षेत्रों में नेटवर्क व्यवस्था को समय रहते सुदृढ़ बनाया जाए।

# आपदा में कहां थी कंगना: हरि चंद

## अब राजनीति में आई तो लोगों से अपनापन जता रही

**अनंत ज्ञान, मनाली**



मनाली ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष हरि चंद शर्मा ने कहा कि मनाली के लोग जब प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे थे, तब भाजपा की मंडी संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी कंगना रनौत कहां थी।

अब जब राजनीति में आई है, तो लोगों से अपनापन जता रही है। हरी ने कहा कि मनाली में जिस तरह से भाषण दिया, वह भाषण बिलकुल ही मुद्दा विहीन था। लोगों को आक्रोशित करने की पुरजोर कोशिश की जा रही थी। सब जानते हैं की कंगना हिमाचल की बेटी हैं।

सभी हिमाचल वासियों को बॉलीवुड में उनकी उपलब्धि पर गर्व है। कंगना ने प्राकृतिक आपदा से पहले कोरोना काल में भी हिमाचल के लिए कुछ नहीं किया। मनाली विधानसभा क्षेत्र के लोगों के साथ उन्होंने कभी मिलने की कोशिश तक नहीं की। न ही आपदा के वक्त प्रभावित्तों की सहायता की। दूसरी तरफ मंडी संसदीय क्षेत्र की वर्तमान सांसद प्रतिभा सिंह व मुख्यमंत्री ने आपदा के समय तत्काल ही प्रभावितों से मिले और सहायता भी प्रदान की।

### हिमाचल सीएम के नेतृत्व में कर रहा तरक्की

प्रदेश के पीडब्लूडी मंत्री विक्रमादित्य आपदा के समय प्रभावित क्षेत्र में डटे रहे और रिकॉर्ड समय में पुल सड़क बिजली, पानी को बहाल किया गया। मंत्री के प्रयासों के कारण केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी हिमाचल का दौरा किया। मंत्री ने केंद्र सरकार में मंत्रियों के साथ हिमाचल के विषय में कई बार बैठक की। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का परिवार पिछले 50 सालों से हिमाचल और मंडी लोकसभा क्षेत्र की सेवा में कार्यरत है। कंगना अपने आप को हिमाचल की बेटी बार-बार बता कर मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता को नहीं ठग सकती। हिमाचल मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निरंतर तरक्की कर रहा है।

# जान जोखिम में डालकर सतलुज किनारे खेल रहे बच्चे

**अनंत ज्ञान, आनी**

सतलुज नदी के किनारे न जाने की प्रशासन पुलिस की ओर से समय-समय पर चेतावनी दी जाती रही है। बावजूद इसके बहुत से लोग, छोटे बच्चे अक्सर परवाह किए बिना सतलुज नदी के किनारे अठखेलियां करते पाए जाते हैं, जबकि ऐसी ही लापरवाही पहले भी कई बार कइयों की जान ले चुकी है। ऐसा ही एक मामला निरमंड उपमंडल के अंतर्गत जगातखाना में सामने आया है। जहां दर्जन भर छोटे बच्चे सतलुज नदी के किनारे क्रिकेट खेलने जाते हैं। जगातखाना में बच्चों के सतलुज नदी के किनारे खेलने से अनहोनी का अंदेशा बन गया है। लोगों ने प्रशासन और पुलिस से ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर उचित कदम उठाने की मांग की है।

### बांध से पानी छोड़ने पर बढ़ सकता है जलस्तर

लोगों का कहना है कि अक्सर छोटे बच्चे सतलुज नदी के किनारे खेलने पहुंच रहे हैं, जबकि बांध से पानी छोड़ने पर सतलुज नदी का जलस्तर कभी भी बढ़ सकता है, फलस्वरूप कोई बड़ा हादसा पेश आ सकता है। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन को जल्द ही एहतियातन कदम उठाकर बच्चों को जगातखाना में सतलुज किनारे खेलने से रोकना चाहिए। वहीं, इस बारे में एसडीएम निरमंड से बात करने पर उन्होंने बताया कि यह खतरनाक है और ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में अब तक नहीं लाया गया है। वे पुलिस और स्थानीय पंचायत को इसे रोकने को लेकर आदेश जारी करेंगे।

# डीसी साहिबा! झुके हुए भुंतर वैली ब्रिज से गुजरना खतरे से नहीं खाली

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

डीसी साहिबा! भुंतर वैली ब्रिज की हालत खस्ता है। यह वैली ब्रिज नीचे झुक गया है, जिस कारण इस वैली ब्रिज के ऊपर से पैदल और वाहनों का गुजरना खतरे से खाली नहीं है। यह बात भुंतर सुधार समिति के पदाधिकारियों ने डीसी कुल्लू से कही।

शुक्रवार को भुंतर सुधार समिति का प्रतिनिधि मंडल समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप की अध्यक्षता में डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से भुंतर में डबल लेन पुल के निमार्ण को लेकर प्रमुखता से मांग उठाई। भुंतर वैली ब्रिज एक तरफ से झुक गया है, जिस कारण यहां हादसा होने का डर है। काफी समय से इस पुल से बड़ी गाड़ियों को ले जाने पर पाबंदी है। बड़ी गाड़ियों की रोक के लिए यहां लोहे के पोल लगाए हैं। पुल से अब छोटी गाड़ियां ही आर-पार होती है, क्योंकि पुल की वर्तमान स्थिति सही नहीं है। गत वर्ष आई आपदा के कारण भुंतर बैली ब्रिज को क्षति पहुंची थी। मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि उस समय स्थिति के हिसाब से विभाग ने उचित निर्णय लेकर वैली ब्रिज का एक किनारा दूसरे ब्रिज के पिलर पर रखा और जनता को आने जाने की सुविधा प्रदान की, लेकिन वैली ब्रिज को ब्रिज रिवर ऑफ ब्यास पर रखने से इसके उपर अतिरिक्त भार बढ़ गया, जो लंबे समय तक के लिए नुकसानदायक है। 29 सालों से वैली ब्रिज के स्थान पर आज तक स्थायी पुल नहीं बना, जबकि संकरे ब्रिज से लगने वाले जाम से जनता परेशान है। डीसी ने अश्वासन दिया कि समस्या का समाधान करने के लिए विभाग को उचित कर्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे हमारे ध्यान में यह मामला है।



भुंतर वैली ब्रिज की समस्या को लेकर उपायुक्त कुल्लू को ज्ञापन सौंपते भुंतर सूद।

अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष

## महिलाओं को समाज में समान अधिकार देने की आवश्यकता

महिलाओं की भूमिका हमेशा से ही एक ऑलराउंडर की रही है और आज भी महिलाएं अपनी ऑल राउंडर की भूमिका से समाज को मजबूती प्रदान कर रही हैं। महिलाओं की भूमिका कभी मां कभी बहन, कभी पत्नी, कभी बेटी तो कभी दोस्त के रूप में हमेशा से ही चुनौतिपूर्ण रहा है। मां बन के कभी बच्चों में संस्कार पिरोती, तो कभी बहन बन कर मन का बोझ हल्का करती, कभी पत्नी बन कर पति के हर कदम में साथ रहती, तो कभी बेटी बन कर परिवार में खुशियां बिखेरती। कभी दोस्त ओर सहेली बन कर सब के दुख हर लेती। बावजूद इसके महिलाओं को हमेशा से ही खुद को साबित करना पड़ा है और हर भूमिका में बेहतरीन प्रदर्शन कर खुद को हर लिहाज से बेहतर साबित करने के बावजूद भी समाज में आज महिलाओं पर उनकी क्षमता के लिए सवाल खड़ा किया जाता है।

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू


## बच्चों की परवरिश में महिलाओं का योगदान शत-प्रतिशत

बच्चों की परवरिश में महिलाओं का योगदान शत प्रतिशत है और बच्चों के मनोभाव को एक महिला बेहतर समझ सकती है। इसके साथ ही अगर महिला संस्कारी है, तो वह अपना घर-परिवार छोड़ किसी पराए घर को भी स्वर्ग से सुंदर कर सकती है। महिलाओं की भूमिका एक मां के रूप में सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण है क्योंकि जब एक महिला मां बनती है, तो उस समय वो दुनिया की सबसे मजबूत स्त्री होती है। महिलाएं शारीरिक रूप से भले ही कमजोर हो, मगर मानसिक रूप से वो पुरुषों से भी ज्यादा मजबूत होती हैं और ये बात समय-समय पर महिलाओं ने अपनी काबिलियत और कामयाबी से साबित की है। महिलाओं को अब समाज में समान अधिकार ओर समान अवसर देने की आवश्यकता है, ताकि महिला समाज में अपनी सूझबूझ से और भी ज्यादा योगदान दे सके, क्योंकि महिलाओं में दुनिया को बेहतर बनाने की काबिलियत है।



**अनिता क्रोफा, एमडी मदर टच स्कूल पिरडी।**

## स्नेह से सभी का दिल जीतकर एक घर को बनाती खुशहाल



एक महिला अपने बच्चों की परवरिश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और बच्चों के पालन पोषण में जो महारत महिलाओं को हासिल है, पुरुषों में उतनी नहीं है। एक युवती जब अपने जीवन साथी पर विश्वास कर किसी पराए घर जाती है, तो वो सिर्फ एक विश्वास की डोर थाम कर चलती है और अपने स्नेह से सभी का दिल जीत कर एक घर को खुशहाल घर बनाती है। महिला जब मां और पत्नी के रूप में होती है, तो वह बहुत मजबूत होती है मगर दोनों ही भूमिकाएं चुनौतिपूर्ण हैं और इन भूमिकाओं को ईमानदारी से निभाने के बावजूद कई बार समाज के द्वारा सवाल भी खड़ा किया जाता है। आजकल के बढ़ते समय में महिलाओं की भागीदारी बढ़े इसके लिए सरकार को भी ज्यादा से ज्यादा अवसर पैदा करने होंगे।

**डिंपल नेगी, आशा वर्कर, निवासी दुर्गा नगर जिला कुल्लू।**

## बच्चों के जीवन में होती है मां पहली शिक्षक



एक महिला ही अपने बच्चों के लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा है सबसे बेहतर समझ सकती है और मां के रूप में एक महिला अपने बच्चों के जीवन में पहली शिक्षक होती है। एक महिला जब अपना सब कुछ छोड़ कर जब किसी के साथ घर बसाने को जाती है, तो उसे वहां खुद को किसी अन्य परिवार में स्थापित करने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है। महिलाएं जब मां के रूप में होती हैं, तो उसे समय वह दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका में होती है क्योंकि मां परिवार का आधार होती है। महिलाएं शारीरिक रूप से कभी कमजोर नहीं थी क्योंकि जो महिला अपने बच्चों को नौ महीने अपनी कोख में रख सकती हैं। समाज में महिलाओं को समान अवसर देने की आवश्यकता है, ताकि वह अपने योगदान से समाज को बेहतर बना सकें।

**ज्योति कुमारी, सहायक जिला बाल संरक्षण इकाई, लाहौल-स्पीति।**

## मां को हर समय देनी पड़ती है परीक्षा



एक महिला को बच्चे के जिम्मेदारी निभाने के लिए कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मां बच्चों की परवरिश के लिए कुछ भी कर सकती है क्योंकि वो जननी है और कुदरत ने उसे वो शक्ति दी है। अपना घर और अपने माता-पिता को छोड़ किसी दूसरे घर में एडजस्ट होना काफी मुश्किलों भरा होता है, लेकिन महिला सब को धीरे-धीरे अपना लेती है। महिलाओं में सहन करने की जो अद्भुत क्षमता है, वह शायद इसलिए दी है, ताकि महिलाएं हर असंभव कार्य को संभव कर सके। महिला जब मां के रूप में होती हैं, तो सबसे मुश्किल भूमिका में होती है ऐसे में मां को हर समय परीक्षा देनी पड़ती है। भगवान ने महिलाओं को सब से मजबूत बनाया है और सिर्फ महिलाएं ही जो एक साथ अनेक कार्यों को करने की क्षमता रखती हैं। समाज में महिलाओं के प्रति बढ़ती घरेलू हिंसा को देखते हुए इस पर सख्त कानून और कठोर सजा का प्रावधान होना चाहिए।

**छोमो सूर्यवंशी, गृहिणी निवासी महंत बेहड़, जिला कुल्लू।**

# मेधावी छात्रों को सम्मानित करेंगे डॉ. भीमराव अंबेडकर युवक मंडल बैरी दड़ोला के पदाधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

डॉ. भीमराव अंबेडकर युवक मंडल बैरी दड़ोला के सदस्यों और पदाधिकारियों द्वारा अप्रैल महीने की पहली मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सभी सदस्यों व पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह बैठक युवक मंडल के प्रधान मुनीश कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अप्रैल महीने में युवक मंडल द्वारा किए जाने वाले कार्यों और नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

डॉ. भीम राव युवक मंडल के प्रधान मुनीश कुमार ने बताया कि युवक मंडल के कुछ सदस्य व पदाधिकारी युवक मंडल के कार्यों में अपना सहयोग नहीं दे रहे थे, जिसके चलते युवक मंडल के कार्यों में बाधा आ रही थी।

इसलिए युवक मंडल की कार्यकारिणी में नए सदस्य व पदाधिकारी जोड़ कर बदलाव किया गया। उसके बाद अप्रैल महीने में किए जाने वाले कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर व बाबा साहेब की 134वी जयंती के उपलक्ष्य पर गांव बैरी दड़ोला में विशेष कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इसमें गांव के मेधावी छात्रों को सम्मानित करेगा तथा 22 अप्रैल से शिक्षा जागरूकता अभियान की शुरुआत की जाएगी।


बैठक में मौजूद डॉ. भीमराव अंबेडकर युवक मंडल के सदस्य।

### 28 को चलाया जाएगा स्वच्छता जागरूकता अभियान

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बैहना जट्टा में गरीब छात्रों को पाठ्य सामग्री वितरित। 26 अप्रैल को राजकीय प्राथमिक पाठशाला बैरी दड़ोला में छात्रों को पाठ्य सामग्री वितरित करेगा व शिक्षा के प्रति जगरूक करेगा व 28 अप्रैल को स्वच्छता जगरूकता अभियान चलाएगा।

# 15 हजार श्रद्धालुओं ने लिया मां नयनादेवी का आशीर्वाद

## चौथे नवरात्र पर मंदिर में दिनभर लगी रही भक्तों की कतारें, अब तक 15 लाख 92 हजार का चढ़ा चढ़ावा

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्रीनयना देवी में जहां पर श्रद्धालुओं के नवरात्र पूजन के दौरान पहुंचने का सिलसिला जारी है। वहीं, शुक्रवार को चौथे नवरात्र के दिन 15 हजार श्रद्धालुओं ने माता जी के दर्शन किए और हवन कुंड में आहुतियां डाली और अपने घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

जबकि मंदिर न्यास को तीसरे नवरात्र पर 15 लाख 92 हजार 574, सोना 21 ग्राम 600 मिली ग्राम, चांदी एक किलो 345 ग्राम और विदेशी मुद्रा के रूप में यूएसए 11 डॉलर, यूरो 50, न्यूजीलैंड 20 डॉलर चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुए। यह जानकारी मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने पत्रकारों दी। जानकारी के अनुसार पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली, यूपी, बिहार और अन्य प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंचते रहे। मंदिर में तैनात पुलिस के जवानों सुरक्षा कर्मियों ने श्रद्धालुओं को लाइनों में दर्शनों के लिए भेजा।


दर्शन करने को लाइनों में लगे श्रद्धालु।

### फलाई ओवर के पार कर गई भक्तों की भीड़

**दोपहर** की आरती के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ फलाई ओवर को पार करते हुए नीचे तक पहुंच गई। जहां पर होमगार्ड के जवानों ने श्रद्धालुओं को जत्थों में रोक-रोकर मंदिर भेजा। मंदिर में तैनात सुरक्षा इंचार्ज बालक राम ने पत्रकारों को बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार माता के दरबार में नवरात्र पूजन के लिए पहुंच रही है, लेकिन कानून व्यवस्था भी पूरी तरह से सुचारु है और श्रद्धालुओं को आराम से लाइनों में दर्शन हो रहे हैं।

# बड़गांव पंचायत में धूमधाम से मनाई ज्योतिबा फुले जयंती

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा छेड़े गए संविधान बचाओ अभियान के तहत बड़गांव पंचायत में ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। यहां पर आयोजित नुक्कड़ सभा में मोर्चा के जिला महामंत्री आचार्य नंदलाल ने लोगों को ज्योतिबा फुले की जीवनी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल 1827 को जन्मे ज्योतिबा फुले के पिता व्यवसायी थे और परंपराओं में विश्वास रखते थे। ज्योतिबा स्वाभिमानी थे।

अल्पायु ही में उन्हें पाखंड और जातिगत व्यवस्था का बोध हो गया और इसमें परिवर्तन करने के लिए वह समाज में एक मिसाल बनकर उभरे। पढ़ाई की अहमियत समझने वाले ज्योतिबा फुले ने उस समय शूद्र परिवारों की बेटियों के लिए स्कूल और सांध्य कालीन विद्यालय भी खोले, ताकि वह शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहें। हिंदू विधवा विवाह पर पुनर्विचार, बाल विवाह, सती प्रथा को रोकने के लिए संघर्ष आदि महान कार्य उनके द्वारा किए गए। ज्योतिबा फुले 1840 में सावित्री बाई से परिणय सूत्र में बंधे। उन्होंने कहा कि 19वीं शताब्दी में समरता का कहीं नाम तक नहीं था। लोग अंधविश्वास की बेड़ियों में जकड़े थे। ज्योतिबा फुले ने हर चुनौती का सामना करते हुए सभी बाधाओं को पार कर समाज में नए सूर्य का उदय किया। संविधान बचाओ अभियान मोर्चा के झंडूता खंड के प्रधान अमर नाथ मोहिल्ला के नेतृत्व में चल रहा है। उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत वीरवार को सुन्हाणी, बड़गांव और रोहल पंचायत के विभिन्न गांवों में लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर बड़गांव पंचायत के उपप्रधान रमेश कुमार, फुला, सत्या, रीना, निशा, धनी राम, तेज सिंह और अन्य उपस्थित रहे।

# कांग्रेस को अस्थिर करने की कोशिश कर रही बीजेपी: धर्माणी

## तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा पर जड़े आरोप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश में धन बल, ईडी और सीबीआई के सहारे भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की जो कोशिश की है, इससे हिमाचल के आम जनमानस में बहुत आक्रोश है।

इस बात को लेकर लोग व्यथित हैं कि हिमाचली संस्कृति ऐसी नहीं थी। यह बात तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कुछ सत्ता के दलालों के साथ मिलकर कांग्रेस विधायकों को खरीद कर अपने साथ जोड़ने के उपरांत सरकार बनाने की एक असफल कोशिश की है, जिसकी आमजन घोर निंदा कर रहा है।

धर्माणी ने कहा कि विधानसभा स्पीकर ने समय रहते दल बदल विरोधी कानून के तहत जो कार्रवाई की है वह सराहनीय है। यह कानून सिर्फ हिमाचल के लिए नहीं है बल्कि पूरे हिंदुस्तान में लागू है, ताकि इस तरह का अनैतिक व्यवहार और आया राम, गया राम की जो राजनीति है इसके ऊपर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों की भावनाओं के साथ जो खिलवाड़ भाजपा ने किया है उसका नतीजा उन्हें चुनावों में भुगतना पड़ेगा। मुख्यमंत्री के साथ लोगों की सहानभूति है, जनता का पूरा आशीर्वाद कांग्रेस पार्टी को मिलेगा।


बिलासपुर में प्रेसवार्ता करते हुए मंत्री राजेश धर्माणी।

### लोगों को मिल रहा इन योजनाओं का लाभ

**उन्होंने** कहा कि मुख्यमंत्री ने सुखाश्रय योजना उन अनाथ बच्चों के लिए चलाई, जिनके माता-पिताजी इस दुनिया में नहीं है। ऐसी महिलाओं के लिए जो एकल नारी है, विधवा बहने है उनके बच्चो के लिए पढ़ाई का सारा खर्चा सरकार करेगी। ऐसी कई जनकल्याणकारी योजना, जिससे आम जनता को लाभ मिलेगा ऐसी योजनाओं को सुक्खू सरकार ने चलाया है। धर्माणी ने कहा कि आज क्या कारण है कि पूर्व विधायकों को सीआरपीएफ की सिक्योरिटी दी जा रही है।

### विधायकों को खरीद कर किया जनता का अपमान

**उन्होंने** आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले एक माह से विधायक प्रदेश से बाहर रहे। यह सारी बातें के बयान कर रही हैं कि इन्होंने अनुचित कार्य किया है। जहां एक ओर उन्होंने पार्टी से गद्दारी की है वहीं लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। क्योंकि सरकार बनाने का जनादेश हिमाचल प्रदेश की जनता ने दिया था और उस जनादेश का अपमान विधायकों को खरीदकर भाजपा ने किया है। हिमाचल में जो ये घटनाएं हुई हैं वह शर्मशार करने वाली हैं।

# अनुराग ठाकुर ने 13 वर्षीय दक्ष को फिर से पैरों पर किया खड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की मिसाल पेश करते हुए बिलासपुर जिले के घुमारवीं विधानसभा स्थित औहर पंचायत निवासी 13 वर्षीय पैरों से अक्षम बालक दक्ष शर्मा की दक्षता को पुर्नस्थापित करते हुए उसे कृत्रिम पैरों का तोहफा दिया है। इसकी वजह से आज दक्ष फिर से अपने पैरों पर खड़ा हो पाया है। बालक दक्ष शर्मा केंद्रीय विद्यालय में 9वीं कक्षा का छात्र है और वो दाहिने पैर से अक्षम था। जैसे ही हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर को इस बालक के बारे में सूचना मिली वैसे ही उन्होंने तुरंत उसके जीवन में परिवर्तन लाने के लिए ये आवश्यक कदम उठाया। डॉक्टरों की देखरेख में बेहद अव्वल दर्जे के कृत्रिम पैर लगाए जाने के बाद दक्ष शर्मा और उनका परिवार बेहद प्रसन्न दिखा। दक्ष शर्मा और उसके परिवारजनों ने अनुराग ठाकुर का इस अमूल्य भेंट के लिए धन्यवाद किया।



### अब आम बच्चों की तरह खेल सकता है दक्ष

**गौरतलब** है कि अनुराग ठाकुर अपने क्षेत्र के दिव्यांगजनों के जीवन में हौसलों की उड़ान भरने के लिए लगातार इस प्रकार के मानवीय कार्य करते रहते हैं। अन्य लाभार्थियों के जैसे बालक दक्ष शर्मा का भी इलाज उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित एक सुप्रसिद्ध अस्पताल में हुआ जहां चार दिनों तक दक्ष शर्मा का बिलकुल निशुल्क तौर पर पूरा ख्याल रखा गया और कृत्रिम पैर लगाए गए। इसके साथ हीं दक्ष की लगातार फिजियोथैरेपी भी की गई। इसके परिणामस्वरूप आज दक्ष शर्मा न सिर्फ अपने पैरों पर खड़ा है बल्कि आम बच्चों की तरह आराम से चल, फिर और खेल भी सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### 4.25 ग्राम चिट्टा बरामद, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को 4.25 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ सदर थाने में एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस की एक टीम मंडी मानवा क्षेत्र की ओर गश्त कर रही थी। इसी दौरान मंडी भराड़ी फोरलेन पुल की ओर से एक युवक मंडी मानवा लिंक रोड की ओर पैदल आ रहा था। पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए रोका। जब उससे पूछताछ की तो वह घबरा गया। इस पर शक होने पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी में युवक के कब्जे से 4.25 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान विनोद कुमार उम्र 27 निवासी गांव चिल्ला डाकघर नोआ तहसील सदर के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने की।

### जल्द होगा अंडर-19 क्रिकेट टीम का चयन

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन यानि एचपीसीए के तत्वावधान में होने जा रही अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर टीम का चयन आगामी रविवार को होगा। यह जानकारी देते हुए बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने बताया कि 14 अप्रैल को होने वाली इस चयन प्रक्रिया में बिलासपुर जिला की अंडर-19 क्रिकेट टीम चुनी जाएगी। इसमें पहली सितंबर 2005 के बाद पैदा हुए खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया सुबह नौ बजे शुरू हो जाएगी। ट्रायल्स का कार्यभार बतौर संयोजक आरके रघु को सौंपा गया है । जबकि चयन समिति में उमेश गौतम, विशाल रतवान, जितेंद्र ठाकुर, पवन ठाकुर व विनेंद्र डोगरा को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि 16 से 26 अप्रैल तक बिलासपुर टीम का प्रशिक्षण शिविर लगेगा जबकि बिलासपुर की टीम अपना पहला मैच उना में जिला चंबा के साथ खेलेगी। यह प्रतियोगिता तीन दिवसीय मैचों की होगी।

# झूठी गारंटियों से मतदाताओं को ठग रही कांग्रेस: राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेश की जनता को झूठी गारंटियों से मतदाताओं को ठग कर जो सरकार बनी है वह झूठ की गठरी के बोझ तले स्वयं ही दब जाएगी।

यह शब्द पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के उस बयान पर पलटवार करते हुए कहे। इसमें उन्होंने यह आरोप लगाया कि भाजपा प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि जो सरकार अपने विधायकों को नहीं संभाल पा रही है वह प्रदेश की जनता के प्रति कितनी सजग है। इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, जिसके पास 40 विधायक थे वो आंकड़ा अब 34 से नीचे गिर गया है। प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री व मंत्री यह कहते नहीं थक रहे कि सरकार स्थिर है, लेकिन दूसरी ओर जैसे ही कांग्रेस के छह विधायकों ने कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा का दामन थामा तो मुख्यमंत्री ने आनन-फानन में कैबिनेट रैंक बांटने शुरू कर दिए। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह सरकार बजट सत्र में ही अल्पमत में आ गई है। बजट पारित करवाने के लिए भाजपा के 15 विधायकों को मार्शलों के माध्यम से बाहर करना इसका स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश की सरकार स्थिर है तो भाजपा के 15 विधायक बजट सत्र में क्यों संस्पेंड किया तथा कांग्रेस के कुछ और विधायकों को पुलिस फोर्स क्यों लगाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की झूठी गारंटियां आज कांग्रेस के गले पड़ गई हैं।



### 108 अखंड पाठ सुनने को उमड़ी लोगों की भीड़

**बरठीं।** विकासखंड झंडूता के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शक्तिपीठ श्री खबरी माता मंदिर में चल रहे श्री रामचरितमानस 108 अखंड पाठ रुद्र महायज्ञ में भक्तों का हुजूम उमड़ रहा है। 108 विद्वान पंडितों की ओर से इस अखंड पाठ को पूरा किया जा रहा है। मंदिर के महंत बाबा रूपेश्वर गिरी जी महाराज ने बताया कि इस मौके पर श्रीराम कथा का भी आयोजन किया गया है। इसमें पंडित प्रकाश चंद शैल श्रीराम कथा का भक्तों को रसपान करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को विशाल महायज्ञ और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पंडित शैल ने कहा कि जीवन में हरि नाम ही हर मानव का लक्ष्य होना चाहिए। कलयुग में राम का नाम भवसागर पार करने वाला सशक्त माध्यम है। जिस प्रकार नींव के बिना भवन अधूरा होता है। इसी तरह राम नाम बिना जीवन अधूरा रहता है। राम कथा श्रवण कर आत्मसात करने से ही कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि राम का नाम ही जीवन का वास्तविक सत्य है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम श्री राम कथा, भगवान शंकर ने माता पार्वती को सुनाई, जिसे कौए के रूप में श्रीकागभुषुण्डिजी ने भी सुना। उन्होंने भगवान नारायण के वाहन गरुड़ समेत अनेक भक्तजनों को सुनाई।

### लो वोल्टेज से कूलर और पंखे बने शोपीस

**झंडूता।** ग्राम पंचायत डमली के गांव सेल में करीब 30 परिवार लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। गांव में 10 परिवार ऐसे हैं जिन्हें अभी भी दो फेस लाइन की सुविधा मिली है। लोगों ने विद्युत बोर्ड से लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। स्थानीय लोगों जयराम, सुरजीत, जगतपाल, विनोद कुमार, पवन कुमार, रामकरण, प्रकाश चंद, रतन लाल, श्याम लाल और दीप चंद ने बताया कि लो वोल्टेज के कारण कूलर और पंखे शोपीस बने हुए हैं। पशुओं के लिए घास काटने वाली मशीन भी सही ढंग से काम नहीं कर रही हैं। बच्चों को पढ़ने में भी दिक्कतें पेश आ रही हैं। लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका अभी तक कोई भी निवारण नहीं हो पाया है। ग्राम पंचायत प्रधान डमली वंदना कुमारी ने बताया कि बहुत समय से लो वोल्टेज की समस्या है। इसके बारे में कई बार अवगत करवाया गया है, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं हो पाया है। उधर, कनिष्ठ अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शीघ्र ही बड़ा ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। इसके बाद समस्या का समाधान हो जाएगा।

**मेला** संजय गुर्जर को हराकर दंगल किया आपने नाम, विजेताओं को किया सम्मानित

# छोटा सद्दाम पहलवान ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

उपतहसील भराड़ी के तहत दंगल कमेटी सेपड़े द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल दंगल का आयोजन कमेटी प्रधान चरंजी लाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कमेटी द्वारा विभिन्न प्रकार की कुश्तियां करवाई गई। इनमें कई कुश्तियां लोगों की मांग पर विशेष रूप से करवाई गई।

कमेटी द्वारा हिमकुमार की कुश्ती करवाई गई। इसका फाइनल लक्की लखनपुर और सोनू बागा के बीच में हुई। इसमें लक्की लखनपुर ने हिमकुमार का खिताब जीता। इसके अलावा छोटी और बड़ी माली करवाई गई। छोटी माली का फाइनल सागर दिल्ली और जग्गा अजनाला के बीच में हुआ। इसमें जग्गा अजनाला विजेता रहे और छोटी माली पर कब्जा किया। अंत में बड़ी माली का फाइनल छोटा सद्दाम होशियारपुर और संजय गुर्जर दिल्ली के बीच हुआ। इसमें छोटा सद्दाम होशियारपुर ने बड़ी माली जीती। विजेता पहलवान को 40000 और गुरुजी तथा विजेता पहलवान को 35000 और गागर देकर सम्मानित किया गया। कमेटी के वरिष्ठ उपप्रधान कर्म सिंह जसवाल, उपप्रधान चांद खान, महासचिव नवनीत शर्मा, रमेश चैधरी, जगत राम, ज्ञानचंद शर्मा, ईश्वर दास जसवाल, संतोष कुमार, इंद्र सिंह, बलिराम, बुद्धि सिंह, जोगिंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


विजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए मेला कमेटी के सदस्य।



# शहर में नहीं पार्किंग, सड़कों पर खड़े वाहन

## पार्किंग की कमी से बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था, पैदल यात्री भी झेलते हैं परेशानी, पार्किंग स्थल नहीं हो पाए विकसित

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर में पुलिस अपने स्तर पर ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने में प्रयासरत है, लेकिन समस्या हल होने के बजाए बढ़ती जा रही है। सोलन सिटी में पिछले दो दशकों के दौरान वाहनों की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी हुई, लेकिन प्रशासन व नगर निगम की लापरवाही से पार्किंग स्थल विकसित ही नहीं हो पाए। शहर की मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग से कई स्थान दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील बन चुके हैं बावजूद इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



सोलन में पार्किंग की कमी से रोड साइड खड़े वाहन।

### मुख्य सड़कों किनारे अवैध पार्किंग

पार्किंग की सुविधा नहीं होने से शहर की मुख्य सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग की जा रही है। माल रोड, राजगढ़ रोड, चंबाघाट रोड और बाइपास रोड में रोड साइड पार्किंग के कारण ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही है। अवैध पार्किंग से शहर में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे एंबुलेंस व फायरब्रिगेड को भी शहर से बाहर निकलने में लंबा समय लग रहा है। इतना ही नहीं सड़कों के किनारे कई ऐसे वाहन भी अवैध रूप से पार्क किए गए हैं जो खराब खटारा हालत में पड़े हैं। इसी तरह माल रोड के दोनों तरफ दो पहिया वाहनों की पार्किंग से भी राहगीरों व वाहन चालकों को दिक्कतें पेश आ रही हैं। प्रशासन ने माल रोड व राजगढ़ रोड को नो पार्किंग जोन घोषित किया है, लेकिन पार्किंग की समस्या के चलते मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग की जा रही है।

### पार्किंग के वसूले जा रहे मनमाने दाम

शहर की कुछ जगहों में पर उपलब्ध पार्किंग सुविधा की एवज में वाहन चालकों से मनमाने दाव वसूल किए जा रहे हैं। ठेकेदारों की इस अवैध वूसली पर नगर नई आज तक अंकुश नहीं लगा पाई। वहीं पार्किंग की अवैध वूसली को लेकर प्रशासन भी चुप है। ठेकेदारों की मनमर्जी के चलते वाहन चालक पार्किंग के बजाए सड़कों के किनारे ही पार्किंग करना बेहतर समझते हैं। शहर के चौक बाजार, टैंक रोड, राजगढ़ रोड, ओल्ड डीसी ऑफिस के नजदीक राजस्थान भवन, सिटी प्लाजा, सपरून और पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के नजदीक की पार्किंग में वाहन चालकों पार्किंग फीस के रूप में मनमाने दाम वसूल किए जा रहे हैं।

### सरकारी जमीन पर भी अवैध पार्किंग

शहर में सरकारी जमीन में पार्किंग की संभावना होते हुए भी यहां हमेशा प्रभावशाली लोगों का कब्जा रहता है। इससे संबंधित विभाग को पार्किंग फीस का नुकसान झेलना पड़ रहा है। सोलन के रेस्ट हाउस, अस्पताल की पार्किंग में बाहरी लोगों को कब्जा रहता है। शहर के पैदल रास्तों में पार्क वाहनों से पैदल यात्रियों व स्कूली बच्चों को खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं।

शहर में पार्किंग की समस्या को हल करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पुराना बस स्टैंड में सेना से जमीन लेकर यहां पर मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण किया जाना है। वार्ड क्षेत्रों में पार्किंग स्थल विकसित किए जाएंगे। शहर के रेलवे रोड में पार्किंग का निर्माण अंतिम चरण में है। निगम कार्यालय के सामने खाली पड़ी जमीन की जगह अब बगल की पार्किंग में मल्टी स्टोरी पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव है।

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम, सोलन।**

# नालागढ़ पुलिस ने 14.07 ग्राम चिट्टे सहित पकड़े दो युवक

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



नालागढ़ पुलिस का नशे के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। पुलिस ने नालागढ़ के रखराम सिंह एरिया में 14.07 ग्राम चिट्टे सहित पंजाब, लुधियाना के दो युवकों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान जगदीश सिंह पुत्र अंग्रेज सिंह व गुरप्रीत सिंह पुत्र जोगा सिंह निवासी माछीवाड़ा तहसील समराला जिला लुधियाना पंजाब से हुई, जो कि एरिया में चिट्टा सप्लाई का काम करते थे। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि न्यू नालागढ़ के रखराम सिंह एरिया में एक स्विफ्ट गाड़ी में युवक नशा बेचने की फिराक में हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गाड़ी को रोका जिसकी तलाशी लेने पर 14.07 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया, जिन्हें शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया जहां से पुलिस रिमांड मिला है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान ने बताया कि थाना प्रभारी श्याम लाल की अगुआई टीम ने 14.07 ग्राम चिट्टा बरामद किया। हमारा प्रयास नालागढ़ में नशे को जड़ से खत्म करना है। पहले भी 20 ग्राम के करीब चिट्टा बरामद किया जा चुका है, जिसे युवाओं तक पहुंचने से रोका है और लगातार कार्रवाई जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### पीओ सैल ने पकड़ा उद्घोषित अपराधी

**बीबीएन।** जिला बद्दी पुलिस के पीओ सैल ने पंजाब के रोपड़ से उद्घोषित अपराधी को पकड़ा। आरोपी की पहचान जसवीर सिंह उर्फ जस्सी निवासी वार्ड-नौ से हुई, जो कि थाना नालागढ़ के तहत दर्ज मामले में फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए मामले की आगामी तफ्तीश शुरू कर दी है। डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 454 व 380 के तहत मामला दर्ज है।

### चौपाल निवासी 502 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार

**सोलन।** पुलिस की स्पेशल टीम ने गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए सोलन शहर में मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि कुम्हारहट्टी बाईपास में आंजी के समीप देवेंद्र सिंह निवासी चौपाल नामक व्यक्ति बैठा है और अपने साथ भारी मात्रा में चरस लेकर आया और वह सोलन में इसे बेचने की फिराक में है। उक्त सूचना पर स्पेशल टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए उक्त व्यक्ति जिसने अपना नाम देवेंद्र सिंह निवासी गांव तुईल डाकघर चंबी तह. चौपाल जिला शिमला हिप्र उम्र 48 वर्ष को काबू कर 502 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में पुलिस थाना सदर सोलन में अभियोग अधीन धारा 20 एनडीएंड पीएसी एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया। आरोपी को आज दिनांक 12-04-2024 को माननीय अदालत में पेश किया जाएगा।

### चैत्र नवरात्र पर मां चंडी मंदिर में भंडारे का आयोजन

**दाड़लाघाट।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश के सभी शक्तिपीठों पर जहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है, वहीं मां चंडी मंदिर में भी भक्तजन मां के दरबार में माथा टेकने आ रहे हैं। यहां पर स्थानीय एवं आसपास के लोग सुबह से ही कतारबद्ध होकर मां के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर आभार प्रकट कर रहे हैं एवं उनका दिव्या आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही विदित रहे कि आजकल श्री जोहड़ जी साहिब का ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मेले का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में वहां से गुजरने वाली संगतों के लिए चंडी मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन उनकी सेवा स्वरूप प्रतिदिन भक्ति भाव एवं श्रद्धा के साथ किया जा रहा है।

### प्रश्नोत्तरी से स्टूडेंट्स को किया जागरूक

**दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में निर्वाचन आयोग की ओर से चलाए गए स्वीप अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हेम चंद ने की। कार्यक्रम समन्वयक पुष्पेंद्र शर्मा ने स्वीप अभियान की जानकारी साझा की और विद्यालय में आ रहे अभिभावकों इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स तनुजा, यशवी, चेतन और कृतिका ने चित्रकला, भाषण व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अन्य विद्यार्थियों को जागरूक किया। समन्वयक पुष्पेंद्र शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया तथा लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझाया। मुख्याध्यापक पीसी बट्टू ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत देश में लोकतंत्र की सफलता जागरूक मतदाताओं के मतदान पर ही निर्भर करती है।

### हनुमान बड़ोग स्कूल में दी 'स्वीप' की जानकारी



**सोलन।** सोलन की चायल पंचायत में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वीप के नोडल अधिकारी एवं सह आचार्य राजकीय महाविद्यालय सोलन डॉ. बीएन कमल ने की। उन्होंने उपस्थित जनों को मतदान के लिए जागरूक किया तथा एक-एक मत का महत्व समझाया। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी राजेश एवं हेमेंद्र शर्मा ने 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं के वोट बनाने एवं मतदान केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया गया।

### सिरमौर में 295 बूथ पर होगी वेबकास्टिंग

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश में देश की 18 वी. संसद के लिए सातवें चरण में होने वाले चार लोकसभा सीटों के लिए एक जून को प्रस्तावित चुनाव के लिए निर्वाचन विभाग तैयारियों में लगा है। इसी के तहत सिरमौर के 589 पोलिंग बूथों में से 295 पर इस बार वेबकास्टिंग की जाएगी। जिले के 58 क्रिटिकल पोलिंग बूथों पर माइक्रो ऑब्जर्वर भी मौजूद रहेंगे। 55-पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के 124 पोलिंग बूथों में से 62 पोलिंग बूथ पर वेबकास्टिंग होगी। पच्छाद विधानसभा क्षेत्र का एक पोलिंग बूथ शैडो एरिया जोन में आता है। यहां तीन माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात होंगे। 56-नाहन विधानसभा क्षेत्र के 121 पोलिंगबूथ में से 61 पोलिंग बूथ पर वेब कास्टिंग होगी। जिले में सबसे ज्यादा शैडो जॉन पोलिंग बूथ नाहन विधानसभा क्षेत्र में 16 हैं। नाहन विधानसभा क्षेत्र में 23 माइक्रो आब्जर्वर चुनाव की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। 57-श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र 130 पोलिंग बूथ में से 65 पोलिंग बूथ पर वेबकास्टिंग होगी। यहां पर तीन माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए हैं, जबकि यहां पर एक पोलिंग बूथ शैडो एरिया जोन में है। 58-पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र के 104 पोलिंग बूथ में से 52 पर वेबकास्टिंग करवाई जा रही है।

# नरेंद्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री : सुरेश कश्यप

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा सांसद व शिमला संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने सिरमौर जिले में अपने प्रचार की शुरुआत रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र से की। सुरेश कश्यप सबसे पहले रेणुका विधानसभा क्षेत्र के लाना चेता पहुंचे और यहां पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रचार की कमान संभाली।



सुरेश कश्यप तीन दिवसीय सिरमौर जिले के दौरे पर पहुंचे हैं और यहां पर वह अपनी इस दौरे के दौरान जिले के विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे। यह चुनाव देशहित का चुनाव है और लक्ष्य नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। यह चुनाव इस देश को आगे ले जाने वाला चुनाव है और देश को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है। मोदी जैसा पीएम मिलना देश का सौभाग्य है और दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के हाथ में देश मजबूत दिख रहा है।

साल 2014 से पहले देश के हालात बिलकुल अलग थे और सीमाओं पर तनाव का माहौल था। मगर पिछले 10 सालों में देश में परिस्थितियां बदली हैं। जम्मू-कश्मीर के भीतर सेना के जवानों पर पत्थरबाजी होती थी और लोग वहां जाने से डरते थे, मगर आज वहां लोग शांति के साथ जी रहे हैं। सबसे ज्यादा पर्यटक जम्मू-कश्मीर में पहुंच रहे हैं।

# बाइक की चपेट में आई महिला, मौत

**पांवटा साहिब।** उपमंडल के रामपुर घाट में दर्दनाक हादसा पेश आया है। यहां सड़क पार कर रही महिला की बाइक की चपेट में आने से मौत हो गई। किरण देवी (50), पत्नी संतोष दुबे, निवासी लखीमपुर उत्तर प्रदेश काफी समय से रामपुर घाट में एक निजी कंपनी में काम करती थी। महिला सुबह अपने कमरे से पैदल रामपुर घाट से कंपनी जा रही थी। इसी दौरान सड़क पार करते समय बाइक की चपेट में आने से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद गंभीर अवस्था में महिला को सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आईपीएस अदिति सिंह ने बताया कि एक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नौणी व वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालयों की दोहरी डिग्री कार्यक्रमों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के दो सदस्य प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी का दौरा किया और दोनों संस्थानों के बीच दोहरे डिग्री कार्यक्रमों और संभावित सहयोग पर चर्चा की। वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी की प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर लिंडा टेलर के साथ नई दिल्ली कार्यालय के एक प्रतिनिधि कोपल भी इस बैठक का हिस्सा रहीं।

नौणी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। नेरी और थुनाग सहित, विश्वविद्यालय के सभी चार घटक कॉलेजों के डीन और सभी वैधानिक अधिकारियों ने इस चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रोफेसर चंदेल ने बताया कि इस चर्चा में विभिन्न शैक्षणिक पहलों जैसे 3+1 और 3+1+1 डिग्री कार्यक्रमों के साथ-साथ एमएससी और पीएचडी कार्यक्रमों में दोहरी डिग्री जैसे विषय शामिल थे।



नौणी यूनिवर्सिटी एवं वेस्टर्न सिडनी के प्रतिनिधि के बीच दोहरी डिग्री कार्यक्रमों पर होती चर्चा।

इसके अतिरिक्त, फेलोशिप के अवसरों और पात्रता मानदंडों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद, प्रोफेसर लिंडा टेलर ने स्नातक छात्रों के साथ बातचीत की और दोनों विश्वविद्यालयों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों और उनके लिए फेलोशिप के अवसरों पर प्रकाश डाला। पिछले वर्ष, दोनों विश्वविद्यालयों ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के माध्यम से अपनी साझेदारी को औपचारिक रूप दिया, जिसका उद्देश्य संयुक्त रूप से बीएससी, एमएससी और डॉक्टरेट स्तरों पर दोहरी डिग्री कार्यक्रम पेश करना था।

# विक्रमादित्य रियल लीडर, कंगना रील एक्टर : शशिकांत

**अर्की।** हिमाचल की मंडी लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान मनाली में कंगना रनौत ने विक्रमादित्य सिंह को छोटा पप्पू और पलटू बाज कहा है। कंगना रनौत के इस बयान पर हिमाचल युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव शशिकांत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत को मर्यादित शब्दों का चयन करना चाहिए। विक्रमादित्य सिंह एक जननायक हैं, रियल और रील नेता में अंतर होता है। उनका अपनी जन्मभूमि मंडी के लिए क्या योगदान रहा है, इसकी चर्चा करनी चाहिए। उन्हें अपने और दूसरों के सम्मान का ध्यान रखकर बयानबाजी करनी चाहिए।



# संडोली स्कूल को दिए 10 कंप्यूटर



हेटेरो लैब के संचालक स्कूल प्रबंधन को कंप्यूटर देते हुए।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हेटेरो लैब बद्दी के उद्योग ने सीएसआर के तहत हरीपुर स्कूल संडोली को 10 आधुनिक कंप्यूटर वितरित किए।

कंपनी ने सीपीएस व दून विधायक राम कुमार चौधरी की अगुआई में स्कूल को कंप्यूटर सौंपे, ताकि स्कूली छात्रों को पढ़ाई में मदद मिल सके। हेटेरो लैब के द्वारा बीते माह भी पट्टा महलोग स्कूल को 20 कंप्यूटर वितरित किए थे। इसके अलावा कंपनी पहले भी कई बार सीएसआर के तहत समय-समय पर अपना सामाजिक दायित्व निभाती आई है। हरीपुर संडोली स्कूल की प्रिंसिपल वंदना शर्मा ने कहा कि हेटेरो लैब बद्दी की ओर से स्कूल को 10 आधुनिक कंप्यूटर दिए हैं, जिससे स्कूली छात्रों को मदद मिलेगी। उन्होंने कंपनी प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की। वहीं, हेटेरो लैब के डीजीएम अब्दुल जब्बर ने कहा कि कंपनी के द्वारा समय-समय पर सीएसआर के तहत काम किया जाता है।

# सरकारी बसों में अब यात्रियों को ऑनलाइन किराया सुविधा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

एचआरटीसी के नाहन डिपो के तहत चलने वाली सरकारी बसों में अब यात्रियों को ऑनलाइन किराया देने की सुविधा उपलब्ध होगी।



यहां यात्री एटीएम कार्ड सहित बारकोड स्कैन कर एचआरटीसी को अपने गंतव्य तक जाने के लिए किराया अदा कर सकते हैं, जिसके लिए एचआरटीसी के नाहन डिपो को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस-120 मशीन उपलब्ध हो गई है और प्रबंधन यहां अपने परिचालकों को इन मशीनों को चलाने और यात्रियों को सुविधाएं देने के लिए बाकायदा प्रशिक्षण दे रहा है। बस अड्डा प्रभारी अनिल ने बताया कि नाहन डिपो के आज भी लोग ऑनलाइन कार्य करने के लिए खासे उत्साहित रहते हैं। ऐसे में अब यह सुविधा नाहन डिपो की सरकारी बसों में उपलब्ध होने के बाद जिले के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इसके लिए परिचालकों को बाकायदा प्रशिक्षित किया जा रहा है। पूर्व में दी गई मशीनों के कई बार बीच में बंद होने के कारण भी परिचालक परेशान होते थे, लेकिन यह अत्याधुनिक मशीन हैं, जिससे परिचालकों को भी परेशानी नहीं होगी।

# राजगढ़ में धूमधाम से मनाया जाएगा बैसाखी मेला : राज

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

**डीसी करेंगे शुभारंभ, पूर्व न्यायाधीश सुरेंद्र करेंगे समापन**

सिरमौर जिले के राजगढ़ का प्रसिद्ध एवं पारंपरिक तीन दिवसीय जिला स्तरीय श्री शिरगुल देवता बैसाखी मेले का शुभारंभ 13 अप्रैल को नौ बजे श्री शिरगुल देवता की पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा।

अध्यक्ष शिरगुल देवता मेला कमेटी एवं एसडीएम राजगढ़ राज ने बताया कि मेले का विधिवत शुभारंभ डीसी सिरमौर सुमित खिमटा करेंगे। वह प्रातः 9:30 बजे शिरगुल देवता की पालकी की शोभायात्रा में भाग लेंगे। शोभायात्रा पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ मंदिर से राजगढ़ बाजार होते हुए बस अड्डा, खंड विकास अधिकारी कार्यालय व नागरिक अस्पताल राजगढ़ के साथ होते हुए मेला ग्राउंड तक निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु व स्थानीय लोग भाग लेंगे। श्री शिरगुल देवता बैशाखी मेले के समापन समारोह के मुख्यातिथि सुरेंद्र ठाकुर पूर्व न्यायाधीश हि.प्र. उच्च न्यायालय होंगे। मेले में तीनों दिन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा। मेले के पहले दिन 13 अप्रैल को प्रातः 11:30 बजे से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम सायं पांच से 10 बजे तक होंगी।

# 153 अफीम के पौधे किए नष्ट

**रेणुका जी।** पुलिस थाना रेणुका जी की पुलिस टीम ने 153 पौधे अफीम के नष्ट कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नईया राम निवासी गांव लठियाणा, जामूकोटी तहसील ददाहु, सिरमौर ने अपने खेतों में अफीम की खेती कर रखी है । जिस सूचना के आधार पर पुलिस थाना रेणुका जी की पुलिस टीम द्वारा मौका पर दबिश दी।

नईया राम उपरोक्त के विरुद्ध पुलिस थाना रेणुका जी में नारकोटिक्स ड्रग्स, साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया जाकर मामले में आगामी अंवेषण जारी है।

# श्री साईं अस्पताल में बुजुर्ग की हुई सफल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

श्री साईं अस्पताल नाहन ने 97 वर्षीय बुजुर्ग के टोटल हिप रिप्लेसमेंट का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया है। इस सफलतापूर्वक सर्जरी ने रोगी के जीवन को नई राह दिखाई है।

नाहन निवासी 97 वर्षीय भूपेंद्र के परिजन करण ने बताया कि घर पर फिसलने के कारण हिप बोन में फ्रैक्चर हो गया था, जिस कारण उन्हें बहुत दर्द हो रहा था और चलने व उठने बैठने में दिक्कत महसूस कर रहे थे। डॉक्टर ने उनकी सर्जरी की और अब वह बेहतर हैं। अभी वॉकर की मदद से चलने लग गए हैं। इस सर्जरी के दौरान, डॉ. पीएसएन प्रसाद एवं डॉ एमएस गुप्ता द्वारा उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाई गई। इस ऑपरेशन का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि रोगी की उम्र के बावजूद इसे सफलतापूर्वक किया गया और उसे अब जीने की नई उम्मीद मिली है। अस्पताल नाहन के निदेशक डॉ. दिनेश बेदी ने सर्जरी की चिकित्सा टीम को इस सफलतापूर्वक सर्जरी के लिए बधाई दी और कहा कि अब श्री साईं अस्पताल नाहन के हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विभाग में हर प्रकार के जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। हमारे सिरमौर भाई बहनों को क्षेत्र से बाहरी राज्यों में जा कर महंगे इलाज करवाने की आवश्यकता नहीं है।



श्री साईं अस्पताल नाहन के डॉक्टरों की टीम।

**आयाम** — आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पांवटा में स्टूडेंट्स को नई तकनीक से मिलेगी शिक्षा

# पीएम श्री योजना से स्कूल में मिलेंगी नई सुविधाएं

**प्रीति चौहान, पांवटा साहिब**

जिला सिरमौर की राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांवटा साहिब अब पीएम श्री योजना यानी प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना के अंतर्गत जुड़ चुका है।



अब इस स्कूल में शिक्षा के नए आयाम स्थापित होंगे और इस योजना के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। कन्या स्कूल पांवटा साहिब के प्रधानाचार्य डॉक्टर दीर्घायु प्रसाद ने बताया कि यह स्कूल में पीएम श्री योजना में जुड़ा है। प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया पीएम श्री योजना-2022 से आरंभ हुई। भारत में लगभग 14500 पुराने स्कूलों को अपग्रेड करना है।



विद्यार्थियों का दाखिला करतीं स्कूल की शिक्षिकाएं।

इसके साथ ही उन सभी स्कूलों को नई शिक्षा नीति के साथ जोड़ना है, जिसके माध्यम से स्कूलों को मॉडर्न बनाया जाएगाव स्कूलों में शिक्षा को आधुनिक नई तकनीक के साथ इस्तेमाल किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### योजना से देश के 14,500 स्कूल लाभान्वित

हर वर्ष इस स्कूल में बड़ी संख्या में बालिकाएं दाखिला लेती हैं। उन्हें उच्च स्तर की शिक्षा दी जाती है, लेकिन पीएम श्री योजना के माध्यम से बच्चों को नई तकनीक से पढ़ाया जाएगा। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी आज हर क्षेत्र में अव्वल रह रहे हैं। सरकार की इन योजनाओं से सरकारी स्कूलों की स्थिति बेहतर होती जा रही है। देश भर के लगभग 14,500 स्कूल इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। जहां विद्यार्थी गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

# भोजन सामग्री व बेडशीट कीं वितरित

**सोलन।** मंडल कार्यालय सोलन की ओर से पंजाब नेशनल बैंक के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत हिमगिरि बाल कल्याण अनाथालय आश्रम, शिल्ली के बच्चों के लिए भोजन सामग्री एवं बेडशीट वितरित किए गए। यह जानकारी मंडल प्रमुख दया नंद कर्दम ने दी। उन्होंने बताया कि देश का सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा बैंक पंजाब नेशनल बैंक अपना 130वां स्थापना दिवस पूरे भारत वर्ष में मना रहा है। बैंक की स्थापना भारत के स्वतंत्रता सेनानी एवं पंजाब केसरी लाला लाजपत राय द्वारा 12 अप्रैल, 1895 में प्रथम स्वदेशी बैंक के रूप में लाहौर में की गई।






**कोटखाई।** नवरात्र के उपलक्ष्य पर वीरवार रात कोटखाई में मां दुर्गा भगवती का विशाल जागरण समारोह भक्तिमय वातावरण के साथ संपन्न हो गया। व्यापार मंडल कोटखाई के सौजन्य से आयोजित इस रात्रि जागरण भक्ति समारोह में भक्तों ने पूरी रात मां की महिमा का गुणगान किया और विभिन्न झांकियां भी निकाली गई। इस दौरान माता रानी के जयकारों से कोटखाई क्षेत्र गूंज उठा। वहीं व्यापार मंडल द्वारा शुक्रवार को बाजार में दिन भर भंडारे का आयोजन किया गया।

# रामनवमी पर शिमला में निकाली जाएंगी पांच झांकियां

## राम दरबार-गणेश-महाबली हनुमान-शिव तांडव और ब्रह्मकुमारी की निकाली जाएंगी झांकियां, तैयारियां जोरों पर

**आशिमा वैरागी, शिमला**

शिमला शहर में इन दिनों नवरात्र की धूम नजर आ रही है। रामनवमी के अवसर पर शिमला शहर के बाजार में 15 अप्रैल को शोभायात्रा निकली जाएगी।

सभी श्रद्धालुओं को इसमें शामिल होने की अनुमति होगी। सोमवार को 12:30 बजे राम मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो कि गंज बाजार से होकर सिटीओ चौक पहुंचे गई। इसमें राम दरबार की झांकी, गणेश, महाबली हनुमान, शिव तांडव और ब्रह्मकुमारी की झांकी सम्मिलित होगी। इस बार रामनवमी के अवसर पर शिमला के तीन स्कूल एसडी स्कूल, आर्य समाज और सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चें इसमे अपना सहयोग देंगे। वहीं, राम नवमी के दिन भक्त मंदिर जाकर पूजा-प्रार्थना करते हैं तो वहीं कई घरों में खास तरह से राम परिवार की पूजा की जाती है और ब्राह्मणों को दक्षिणा दिया जाता है। साथ ही कंचिकाओं की पूजा की जाती है। (अनंत ज्ञान)





### रामनवमी पर कार्यक्रम की अनुसूची

**रामनवमी** हिंदुओं का पर्व है। शिमला के राममंदिर में धूमधाम से यह कार्यक्रम मनाया जाना है। सुबह 9:30 पर प्रभात फेरी निकाली जानी है। 11 बजे श्रद्धेय द्वारा राम नाम का पाठ किया जाएगा। 12:30 बजे श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### राम मंदिर का इतिहास

**राजधानी** शिमला के प्रसिद्ध राम मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। आजादी के समय एक पंडित उस स्थान पर भगवान श्रीराम की प्रतिमा की आराधना करते थे। उसके बाद स्वामी चिन्मयानंद 1960-62 में यहां पहुंचे। स्वामी चिन्मयानंद ने सभी के सामने यह प्रण लिया कि जब तक यहां पर राममंदिर का निर्माण नहीं होता, तब तक वह केवल एक समय का ही भोजन ग्रहण करेंगे। इस मंदिर का निर्माण सूद कमेटी द्वारा किया गया है।इस कमेटी ने मंदिर के निर्माण के लिए सभी लोगों से 10-10 पैसे एकत्रित किए। आलू का व्यापार उस समय में बहुत प्रसिद्ध होता था। आलू की हर बोरी की कुल कीमत से कुछ पैसा मंदिर निर्माण के लिए रखा गया।

शिमला में रामनवमी की तैयारी शुरू हो गई है। रामनवमी के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें पांच झांकियां शामिल होगी और स्कूल के बच्चे भी अपना सहयोग देंगे। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया है।
**-राजीव सूद, सूदसभा अध्यक्ष**

## न्यूज ब्रीफ

### पाइप चोरी गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**ठियोग।** ठियोग पुलिस ने पाइप चोरी के मामलों में संलिप्त गिरोह के सदस्यों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संदिग्ध गतिविधि के आधार पर कैलाश चंद उम्र 47 साल पुत्र स्वर्गीय कमलू राम, देवेंद्र सिंह उम्र 33 वर्ष पुत्र भगवान सिंह, पलविंद्र सिंह उम्र 33 वर्ष पुत्र हरविंद सिंह, प्रकाश उम्र 37 वर्ष पुत्र थाली राम और तारा चंद उम्र 45 वर्ष पुत्र गिरजानंद को ठियोग पुलिस द्वारा धारा 107, 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार किया गया। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों से जब पूछताछ की गई तो पता चला कि उक्त सभी लोग पाइप चोरी गिरोह के सदस्य हैं। उन्होंने कहा की इस संबंध में सभी पुलिस स्टेशनों के साथ जानकारी साझा की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### शोलटू क्षेत्र में बताया मतदान का महत्व

**रिकांगपिओ।** जिला निर्वाचन विभाग किन्नौर द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शोलटू क्षेत्र में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में हस्ताक्षर अभियान एवं पोस्टर के माध्यम से स्थानीय मतदाताओं को विशेष कर युवाओं को जागरूक किया गया तथा उन्हें पहली जून को मतदान के दिन अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि देश में स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण संभव हो सके। जिला निर्वाचन विभाग के कर्मियों ने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे अपने आसपास महिलाओं एवं बुजुर्गों को भी मतदान के महत्व पर जागरूक करें और जनजातीय जिला किन्नौर में निर्भीक होकर और बिना किसी प्रलोभन के बढ़-चढ़कर मतदान करें तथा सशक्त समाज का निर्माण करें। उन्होंने दिव्यांगजनों एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घर से मतदान करने की सुविधाओं पर भी लोगों को अवगत करवाया।

### बिजली कनेक्शन के लोड को करवा लें दुरुस्त

**सुन्नी।** विद्युत उपमंडल सुन्नी के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि अगर उपभोक्ता के घरों, दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों के बिजली कनेक्शन का लोड किन्हीं कारणों से वास्तविक लोड से कम दर्शाया गया है तो उसे तुरंत कार्यालय में आकर दुरुस्त करवा ले। विद्युत उपमंडल सुन्नी के सहायक अभियंता जगदीश भारद्वाज ने बताया कि बिजली के लोड की सही जानकारी मिलने पर ही बिजली बोर्ड को वोल्टेज की समस्या और नए ट्रांसफार्मर लगाने की आवश्यकता के बारे में पता चल सकेगा। इससे पूर्व भी बिजली बोर्ड द्वारा कई उपभोक्ताओं को लोड बढ़ाने के लिए नोटिस जारी किए है। इन सभी उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि बिजली कनेक्शन का वास्तविक लोड दुरुस्त करवाए, अन्यथा निरीक्षण के दौरान किसी उपभोक्ता का वास्तविक लोड उसके बिजली कनेक्शन के लोड से अधिक पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### सीएम के कारण बिगड़ा सरकार का गणित: बलबीर

**शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक बलबीर वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री और कांग्रेस सरकार का गणित स्वयं ठीक नहीं है और वह खुद गणित का सवाल उठा रहे हैं। जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से उनका गणित उल्टा ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ने स्वयं मुख्यमंत्री पर अनगिनत आरोप लगाए और संगठन एवं सरकार के मध्य तालमेल का गणित उनको समझाया फिर राज्यसभा के चुनाव हुए, जहां पर वह एक इंपोर्टेड कैंडिडेट लेकर आए उसके उपरांत जब मतदान हुआ तो कांग्रेस पार्टी 43 से 34 पहुंच गई और भारतीय जनता पार्टी 25 से 34 पहुंच गई। यह गणित स्पष्ट है और जनता के बीच है।

### स्टॉलों का आवंटन बाहरी लोगों को देने पर जताई आपत्ति

**शिमला।** शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान के साथ लगते पदम देव कांप्लेक्स पर बाहरी राज्यों से आए लोगों को स्टॉल देने से शिमला शहर के व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। शुक्रवार को शिमला व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल हरजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त भूपेंद्र अत्रि ज्ञापन सौंपा गया। उनका कहना है कि प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों जैसे कि पदम् देव कांप्लेक्स में कारोबार के लिए अस्थायी स्टालों का आबंटन किया जाता है। पूरे साल शिमला शहर के व्यापारी वर्ग को पर्यटक सीजन चाहे वह गर्मियों का हो या शरद ऋतु का हो, इस समय का बेसब्री से इंतजार रहता है, परंतु बाहरी लोगों को अस्थाई स्टाल व्यापारिक गतिविधियों के लिए आबंटित किए जाने पर शिमला शहर के व्यापारी वर्ग में खासा रोष है।

### समाजसेवी रामानंद खाची का निधन

**ठियोग।** ठियोग उपमंडल की देवीमोड पंचायत तहत जदेवग के गवाई गांव के रहने वाले समाजसेवी रामानंद खाची का आकस्मिक निधन हो गया। अच्छी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने पंचायत के तहत पंचायत भवन, प्राथमिक तथा माध्यमिक स्कूल के लिए अपनी निजी भूमिदान की थी। क्षेत्र में समय-समय पर उनके द्वारा समाज के हित के लिए अनेक कार्य किए गए। उनके आकस्मिक निधन पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों सहित स्थानीय ग्राम वासियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# अब गांव तक पहुंच रहे चिट्टा तस्कर
# एक साल में 2215 आरोपी किए अरेस्ट

## पुलिस ने वर्ष 2023 में 1574 मामले किए दर्ज, तस्करों ने ग्रामीण इलाकों में पसारे पैर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में साथ लगते राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों के माध्यम से पहुंच रही चिट्टे के खेप से यह कारोबार दिनों दिन फल फूल रहा है। इस कारोबार में ना केवल विदेशों में बैठकर चिटटे के सरगना अंजाम दे रहे हैं बल्कि भोलेभाले लोगों के साथ ही कॉलेज यूनिवर्सिटी और स्कूल के विद्यार्थियों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। पुलिस विभाग में दर्ज मामले यह ब्यान कर रहे हैं कि कैसे यह कारोबार अब प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी गहरी धमक दे चुका है। हिमाचल प्रदेश में बीते वर्ष 2023 में प्रदेश पुलिस द्वारा 1574 मामले दर्ज किए हैं।

**पुलिस ने अब तक 79 महिलाओं को भी किया अरेस्ट**

यह आंकड़ा अपने आप में राज्य के लोगों को भयभीत करने वाला है क्यों कि चिट्टा तस्करी के मामलों में बीते वर्ष ही 2136 पुरुष और 79 महिलाओं को भी गिरफ्तार किया गया है। यह चिट्टा तस्कर अब शहरों में ही नहीं बल्कि गांव तक भी अपनी दस्तक दे चुके हैं और इससे बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति भी चिंतित हो रहे हैं। चिट्टे का सेवन और इसकी तस्करी का ताजा उदाहरण हाल ही में सामने आया है जब गत दिनों हिमाचल प्रदेश पुलिस ने शिमला में पंजाब के पूर्व मंत्री के बेटे समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें किन्नौर जिला के जनजातीय इलाके की युवती भी शामिल है या यूं कहे कि अब नशे का कारोबार हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में भी पैर प्रसार चुका है। हालांकि हिमाचल प्रदेश में चिट्टे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्य सचिव और डीसी की अध्यक्षता में कमेटियां बनाई गई है जो चिट्टा तस्करी के मामले पर नजर रखे हुए हैं। साथ ही हिमाचल प्रदेश पुलिस भी सक्रियता से अब नशे के कारोबार में लगे तस्करों को ढूंढ रही है।



### तीन सालों में 4445 आरोपी किए अरेस्ट

आंकड़े ये बयान कर रहे हैं कि चिट्टा तस्करों की फौज अब नीचले स्तर तक अपने कार्यों को गति प्रदान कर रही है। राज्य में गत 3 वर्षों में चिट्टे के कारोबार में पुलिस ने 4445 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। अब पुलिस चिट्टा तस्करों की संपत्ति को खंगालने में जुटी है। वहीं, पुलिस यह पता लगा रही है कि चिट्टे का कारोबार कहां से और किस प्रकार देवभूमि हिमाचल में पहुंचा है। बताते हैं कि दिल्ली में चिट्टा तस्करी के मामले में नाइजीरियाई मूल के कई व्यक्ति शामिल है।

### सख्ती के साथ वाहनों की छानबीन जारी

**हिमाचल** प्रदेश में चुनाव आचार संहिता के दौरान नशीले पदार्थों की तस्करी के 40 मामले सामने आए हैं। इसके चलते अब हिमाचल प्रदेश पुलिस ने बॉर्डर एरिया पर चौकसी बढ़ा दी है और बाहरी राज्यों से जो भी वाहन हिमाचल में प्रवेश कर रहा है। उसकी गहनता से छानबीन की जा रही है। हिमाचल प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव ओंकार शर्मा का कहना है कि चिट्टा तस्करों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब पुलिस चिट्टा तस्करों की संपत्तियों और बैंक खाता को कंगाल रही है, ताकि यह पता चल सके की तस्करों के तार कहां-कहां तक जुड़े हुए हैं।

# रिज मैदान में जवानों ने की रिहर्सल, अब सीधे होगी परेड



रिज मैदान पर आयोजित हिमाचल दिवस की तैयारियों को लेकर रिहर्सल में भाग लेते पुलिस के जवान व अन्य टुकड़ियां।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी के ऐतिहासिक रिज मैदान पर राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस को लेकर शुक्रवार का फूल ड्रेस में रिहर्सल हुई।

दिनभर रिहर्सल में जवानों ने जमकर पसीना बहाया। अब दो दिन रिहर्सल नहीं होगी। अब 15 अप्रैल को ही सीधी परेड होगी। समारोह के उपलक्ष्य पर पुलिस, होमगार्ड, अर्धसैनिक बलों, एनसीसी सहित 15 से अधिक टुकड़ियां परेड में भाग लेगी। हिमाचल दिवस के दिन होने वाली परेड के लिए पुलिस के जवानों सहित अन्य जवानों ने खूब पसीना बहाया है। इसके अलावा हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य पर रिज मैदान पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। वहीं, पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। वहीं, सुरक्षा जांचने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज का सहारा भी लेगी। तीसरी आंख से नजर रिज व मालरोड़ पर ही नहीं, बल्कि शहर में जिस-जिस जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगे है वहां पर तीसरी आंख काम करेंगी।

### 100 पुलिस कर्मी रहेंगे तैनात

**सुरक्षा** व्यवस्था ऐसी होगी की परिंदा भी पर न मार सके। इसके लिए 100 के करीब पुलिस जवानों को तैनात किया जाएंगा। राजधानी के प्रवेश द्वारों पर 5 नाके लगाए जा रहे है, जो आने जाने वालों पर नजर रखेंगे। इसके अलावा पुलिस द्वारा बाहरी राज्य से आने वाले पर्यटकों के वाहनों पर भी नजर रखेंगे।



शिमला। गद्दी छात्र कल्याण संघ हिमाचल प्रदेश ने बसोआ के अवसर पर खीर व पिंडड़ी का वितरण किया गया। गद्दी समाज में बसोआ त्योहार विशेष रूप से बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यह बैसाख-संक्रांति का त्योहार है। नए वर्ष के नए त्योहार के लिए संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली जाती है। संक्रांति के दिन परिवार के समस्त लोग नहा-धोकर सगे-संबंधियों और बहन-बेटियों को बुलाते हैं। गद्दी छात्र कल्याण संघ हिमाचल प्रदेश की कार्यकारिणी द्वारा समस्त प्रदेश वासियों को बसोआ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# धूप व बरसात में पुड़ी बेच बच्चों को दिलाई उच्च शिक्षा

## एक बेटे को डॉक्टर, एक को फार्मासिस्ट और एक बेटी को स्टाफ नर्स बनाकर पेश की मिसाल

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता हौसलों में उड़ान होती है। सही में जिसके हौसलें बुलंद हों वह मंजिल को पा ही लेता है।

प्रदेश की एक ऐसी शख्सियत हैं जो बिल्कुल जीरो से शुरू होकर अपनी मेहनत और लगन से फर्श से अर्श तक पहुंचे हैं। हम इनके बुलंद हौसलों को सलाम करते हैं। हम बात कर रहे है हिमाचल की राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पेड़ के नीचे बैठे एक शख्स रतन लाल की। जिसने कड़ी धूप व बरसात की परवाह किए बिना पुड़ी बेच-बेच कर अपने तीन बच्चों को ऊंची शिक्षा दिलवाई। आज उनके बच्चे इस मुकाम पर पहुंचे हैं, जो हर मां-बाप का सपना होता है। शिमला के चर्च की तरह ही रिज की पहचान बन चुके रतन लाल गौतम बीते 47 वर्षों से इसी पेड़ के नीचे पुड़ी बेचते आ रहे हैं।

उनकी आजीविका का यही एक साधन है, जिससे उन्होंने अपने परिवार का पालन-पोषण किया। मूंगफली व चने की पुड़ी बेचकर ही उन्होंने अपने एक बेटे को डाक्टर, एक को फार्मासिस्ट और एक बेटी को स्टाफ नर्स बनाया, जो ओरों के लिए भी एक मिसाल है। (अनंत ज्ञान)

### वेटिंग ट्री के नाम से मशहूर है रतन लाल

**बता** दें कि सुबह 11 बजे से लेकर रात नौ बजे तक आपको रिज मैदान पर रतन लाल पेड़ के नीचे बैठे हुए मिल जाएंगे। कोई भी पर्यटक इनसे एक बार मिल लेता है तो उनके चनों का स्वाद जरूर चखता है। वेटिंग ट्री के नाम से मशहूर रतन लाल पेड़ के नीचे बैठकर चने बेचते हैं।

### जब तक जिंदा हूं तब तक बेचता रहूंगा चने

**रतन** लाल से जब अनंत ज्ञान टीम ने बात की तो उन्होंने बताया कि प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री यशवंत सिंह परमार से लेकर आज की सुक्खू सरकार देखी है। बताया कि मुझे शिमला में आने वाला हर शख्स अच्छी तरीके से जानता है। चना पुड़ी बेचकर बच्चों को पढ़ाया और आज मुकाम तक पहुंचे है। जब तक जिंदा रहेंगे तब तक यही काम करते रहेंगे। रतन लाल ने बताया कि मार्च 1976 से यहीं बैठकर चने बेचता आ रहा हूं। इसी से घर की आजीविका चलती है। कभी उधारी की जरूरत नहीं पड़ी। अच्छी कमाई हो जाती है। ज्यादा कमाई न भी हो तो दिहाड़ी मिल जाती है। परिवार को कभी कोई दिक्कत नहीं आई, इसलिए जब तक हो सकेगा, यहीं बैठकर चने बेचता रहूंगा।

# आटे के मीठे बकरे बनाकर मनाई जाती है बीशू का साजी पर्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा**

बैशाखी अर्थात बीशू की साजी के पावन पर्व पर क्योंथल क्षेत्र में आटे के मीठे बकरे बनाने की परंपरा बदलते परिवेश में भी कायम है। बैशाख संक्रांति के एक दिन पहले अर्थात शुक्रवार को समूचे क्योंथल क्षेत्र में आटे के मीठे बकरे बना कर त्योहार का भरपूर आनंद उठाया। बता दें कि क्योंथल क्षेत्र में बैशाखी अर्थात बीशू की साजी का त्योहार तीन दिन तक मनाया जाता है। पुरातन परंपरा के अनुरूप लोगों द्वारा इस त्योहार पर विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं। इनमें आटे के बकरे बनाने की अनूठी परंपरा बदलते परिवेश में भी कायम है। बीशू की साजी से दो दिन पहले सिड्डू बनाए जाते है। इसी प्रकार अगले दिन आटे के मीठे बकरे और रात्रि को अस्कलियां बनाई जाती है।

इस पर्व पर आटे के बकरे तथा पटांडे व खीर बनाना घर में शुभ मानते हैं जिसे घी के साथ खाया जाता हैं। वरिष्ठ नागरिक दयाराम वर्मा और प्रीतम सिंह ठाकुर ने बताया कि कालांतर से इस पर्व को हर वर्ष नववर्ष के आगमन के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहा है।



आटे के बकरे, पटांडे और सिड्डू बनाने का दौर।

### घर के बाहर बुरांश के फूलों की माला लगाई जाती है

**इसके** अतिरिक्त घर के बाहर बुरांश के फूलों की माला लगाते है जिसे इस पर्व पर बांधना बहुत शुभ माना जाता है। बीशू की साजी को लोगों द्वारा अपने कुलदेवता के मंदिर में विशेष पूजा पर हाजरी भरते है।

# घंडल स्कूल में स्थानांतरित होगा मतदान केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्राकृतिक आपदा के चलते राजकीय डिग्री कॉलेज धामी के भवन को असुरक्षित घोषित करने की वजह से कॉलेज में बने 64/78 मतदान केंद्र घंडल को राजकीय प्राथमिक पाठशाला घंडल में स्थानांतरित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आज शिमला में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में बताया कि डिग्री कॉलेज धामी मतदान केंद्र घंडल को स्थानांतरित करने को लेकर उपस्थित प्रतिनिधियों को अवगत करवाया गया है। बैठक में उपमंडल दंडाधिकारी शिमला ग्रामीण कविता ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित मतदान केंद्र उसी मतदान क्षेत्र में पड़ता है और इसमें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। डीसी ने अधिकारियों को मतदान केंद्र पर सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।



अधिकारियों से बैठक करते हुए डीसी अनुपम कश्यप।

### दो मई को होगी ईवीएम की रेंडमाइजेशन

**दो** मई को उपायुक्त कार्यालय स्थित एनआईसी में ईवीएम की प्रथम रैंडमाइजेशन करवाई जाएगी। उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन के साथ ही दो से चार मई तक ईवीएम मशीनों को सभी विधानसभा क्षेत्रों में भेजा जाएगा।

# शिमला शहर में अब लोगों को छह दिन ही मिलेगा पानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर में अब पानी के शेड्यूल मे बदलाव आएगा। अब शहरवासियों को छह दिन ही पानी की सप्लाई दी जाएगी।

शहर के एक पेयजल परियोजना में पानी की कमी हुई है और इसके साथ ही पानी की भी अत्यधिक मांग के कारण बदलाव किया गया है। शिमला में गर्मियों के आते ही पानी के स्त्रोतों में सुखा पड़ना शुरू हो गया है। एसजेपीएनएल ने अब नया शेड्यूल तैयार कर दिया है। आने वाले समय में पानी की किल्लत हो सकती है। अब शहर में रोजाना पानी न आने शहरवासियों को परेशानी यक सामना कर पड़ सकता है। एसजेपीएनएल छह पेयजल परियोजना गिरी, गुम्मा, चुरट, सियोग और कोटी ब्रांडी से पनि की पंपिंग करते है। अकसर देखा जाता है कि गर्मियों में यह स्त्रोत सुख जाते है और बरसात में गाद के कारण पंपिंग नहीं होती, जिससे पानी शहर में नहीं पहुँच पाता। इसका कोई समाधान भी नहीं निकाला गया है। वहीं, संजौली ज़ोन के इंजन घर, नवबहार, भट्टाकूफर, सांगटी और मलयाना जेएसवी में पानी की सप्लाई नहीं की जाएगी। वहीं, छोटा शिमला के कनलोग, टॉलेंड और फ्लावरडेल जोन तीन पंथाघाटी और सरगीन में पानी नहीं आएगा।

कोटी ब्रांडी में पानी का स्तर कम हो गया है जिस वजह से शेड्यूल मे बदलाव किया गया है। अब शहर में छः दिन पानी दिया जाएगा,पानी के स्तर बढ़ते ही पहले की तरह पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी।
**-पीपी शर्मा**
**एजीएम, एसजेपीएनएल**

## कार्यक्रम
### छात्रों ने हिमाचल के अलग-अलग जिले की संस्कृति को दर्शाया

# सनबीम इंटरनेशनल स्कूल में हिमाचल दिवस की धूम

**दशमी रावत, जुब्बल**

जुब्बल के सनबीम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के ब्वॉयज होस्टल में हिमाचल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में सभी हॉस्टलर्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने हिमाचल के अलग-अलग जिले की संस्कृति व परंपरा को दर्शाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ।

कार्यक्रम का मंच संचालन दक्ष मेहता, अयान घमटा, अनव चौहान व अंशुमन नेगी ने किया। शिवौन किमटा, भागमल सौहटा व दक्ष शर्मा ने श्याम सरण नेगी एवं कृतिव झगटा ने बाबा कांशी राम के जीवन पर मोनोएक्ट प्रस्तुत किया। नैतिक चौहान, वंशदान सिंगटा व शिवौन नरगेटा ने हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक भोजन व वेशभूषा की प्रदर्शनी लगाई। इसमें उन्होंने सिड्डू, बबरू, बड़ा, मालपुआ, हिमचली धाम आदि को प्रदर्शित किया। अध्ययन व अद्विक दुल्टा ने हिमाचल प्रदेश पर सुंदर सी कविताएं सुनाई। आदित्यवीर व अयान ठाकुर ने कांगड़ा जिले व शेहान सिथटा एवं नीरव लालटा ने कुल्लू, सक्षम व विहान चौहान ने चंबा, ईशान मेहता एवं ऑनिक ने किन्नौर, अद्वितीय व तेनजिन छोकू ने मंडी की पारंपरिक वेशभूषा में बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। उन्होंने वहां की परंपरा व संस्कृति से सभी को अवगत करवाया। अरनव पाल व ऑनिक ने हिमाचली लोक गीत गाया । वंश चौहान, शेहान सिथटा, नमन, स्वरित घमटा ने हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक विशेषताएं, सांस्कृतिक विविधता, आर्थिक गतिविधियां और पर्यटन गतिविधियों के बारे में सभी को अवगत करवाया। शिवौन किमटा, दक्ष शर्मा, विवेक धौल्टा, अयान ठाकुर व अनव चौहान ने हिमाचल प्रदेश के पांच शक्तिपीठ की स्थापना पर एक नाटक प्रस्तुत किया। (अनंत ज्ञान)




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र

# भीषण गर्मी की दस्तक से सैलानियों से गुलजार होने लगा शिमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

देश के मैदानी क्षेत्रों में बढ़ रही गर्मी से अब विभिन्न राज्यों सहित देश-विदेश के सैलानी शिमला सहित अन्य पहाड़ी क्षेत्रों का रूख कर रहे हैं। धीरे-धीरे अब गर्मियों के पर्यटन सीजन का दौर भी शुरू हो रहा है। ऐसे में राज्य में पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों को भी अपने बेहतर कारोबार की नई उम्मीदें जगी है। राजधानी शिमला सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अब पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है।

राज्य के होटल कारोबारियों सहित ढ़ाबा और टैक्सी कारोबार से जुड़े लोगों को भी इस सीजन में अच्छे कारोबार की उम्मीद है। शिमला के पर्यटन कारोबारी प्रिंस कुकरेजा ने कहा कि पहले के मुकाबले राज्य में पर्यटकों की आमद में इजाफा हुआ है। इस समय होटलों में करीब 50 से 60 प्रतिशत तक ऑक्यूपेंसी है। हालांकि, पिछले वर्षों के मुकाबले पर्यटकों की आमद थोड़ी कम है और यदि मौसम साथ देता है, तो कारोबार के अच्छे होने की उम्मीद है।

### सुविधा का मिलना जरूरी

**उन्होंने** कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हाईवे और सड़कों की हालत ठीक होना जरूरी है। इसके अलावा पार्किंग की बेहतर सुविधा का होना भी जरूरी है।

